खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, मंगलवार 3 मार्च 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 117 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 27° C
न्यूनतम : 10° C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 13 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# ईरान का सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी अरामको पर हमला

**तेहरान, वार्ता**

**अमेरिका और** ईरान के बीच जंग की आग सऊदी की तेल रिफाइनरी तक पहुंच गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब की सरकारी तेल कंपनी अरामको ने सोमवार को अपनी रास तनुरा तेल रिफाइनरी को ड्रोन हमलों के बाद बंद कर दिया है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उनकी सेना ने रिफाइनरी की ओर आने वाले एयरक्राफ्ट (ड्रोन) को मार गिराया है।

सऊदी सैन्य प्रवक्ता ने वहां की सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी पर यह घोषणा की। रास तनुरा तेल रिफाइनरी सऊदी अरब की सबसे बड़ी रिफाइनरी में से एक है और प्रति दिन 550,000 बैरल कच्चे तेल को रिफाइन कर सकती है। अरामको की रास तनुरा रिफाइनरी को एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है और आग बुझा ली गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ड्रोन हमले के कारण अरामको रास तनुरा तेल रिफाइनरी से धुएं का गहरा गुबार निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया और पूरे खाड़ी क्षेत्र में जंग शुरू हो गई। इसके बाद लंदन में कच्चा तेल 9.7 प्रतिशत अधिक की महंगी कीमत पर कारोबार कर रहा था।



## ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की पत्नी की भी मौत

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल-अमेरिका और ईरान जंग का सोमवार को तीसरा दिन था। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के 2 दिन बाद उनकी पत्नी मंसूरे खोजस्ते बागेरजादेह का भी निधन हो गया है। मंसूरे दो दिन पहले अमेरिका और इजरायल के हमले में घायल हुई थीं। इसी हमले में खामेनेई मारे गए थे।

# ओमान में भी तेल टैंकर पर बम से लैस ड्रोन बोट से हमला, एक भारतीय की मौत

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहरीन के किंग और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात की। पीएम ने दोनों देशों के नेताओं से भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। वहीं, भारत ने बहरीन में वीजा-पासपोर्ट सर्विस भी बंद कर दी हैं। ओमान की खाड़ी में सोमवार को एक तेल टैंकर पर बम से लैस ईरानी ड्रोन बोट से हमला किया गया, जिसमें एक भारतीय नाविक की मौत हो गई।

- **इजरायल-ईरान जंग के बीच पीएम मोदी ने बहरीन किंग व सऊदी क्राउन प्रिंस से बात की**
- **भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर की चर्चा**

मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए और अबू धाबी के बीएपी हिंदू मंदिर को 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद किया गया है। वहीं, बीते दो दिन में भारत में 760+ इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। सोमवार को भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हुए। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। शोपियां, बारामूला, बांदीपोरा में लोगों ने बाजार बंद रखा। भारत के अलावा पाकिस्तान में भी खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा जारी है। सोमवार सुबह पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर (पीओके) में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगाई।

## 13वां रोज़ा: रूहानियत का सच्चा रास्ता है रोज़ा

मगफिरत की बात दरअसल रूहानियत से, रूहानियत इबादत से, इबादत अल्लाह से ताल्लुक रखती है। रोज़ा, रूहानियत का रास्ता है। रोज़ा अल्लाह से वास्ता है। तक्वा रोज़े की शर्त है। तरीके से रखा गया रोज़ा, रोज़ेदार के लिए सवाब ही सवाब है। रोज़ा नेकी के मकान में मगफिरत का चिराग है। रोज़ा जब अहकामे-शरीअत की पाबंदी के साथ रखा जाता है, तो अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार के लिए मगफिरत का वकील हो जाता है। कुरआने पाक में जिक्र है- बेशक वो मुराद को पहुंच गया, जो पाक हुआ और अपने परवरदिगार के नाम का जिक्र करता रहा और इबादत करता रहा। कुरआने-पाक की इस आयत की रोशनी में रोज़े को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है, वो मुराद को पहुंच गया में जो लफ्ज़ मुराद है दरअसल रूहानी लिहाज से मगफिरत की मुराद पूरी होने का इशारा है, लेकिन शर्त है जो पाक हुआ और अपने परवरदिगार का ज़िक्र करता रहा और इबादत करता रहा यानी नेक अमल के साथ अल्लाह का जिक्र करता रहा और नमाज पढ़ता रहा यानी इबादत करता रहा।




# कुवैत में तीन अमेरिकी F-15 विमान गिरे

**कुवैत सिटी।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच एक बड़ी सैन्य चूक सामने आई है। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड यानी सेंटकाम ने पुष्टि की है कि कुवैत में अमेरिका के तीन एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान गलती से कुवैती एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा मार गिराए गए। यह घटना रविवार को सैन्य अभियान के दौरान हुई।

हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी विमान चालक सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे और उनकी जान बच गई। सेंटकाम के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में सक्रिय सैन्य अभियान चल रहा था और सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर थे। इसी दौरान कुवैत की वायु रक्षा प्रणाली ने अमेरिकी लड़ाकू विमानों को



- **पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच एक बड़ी सैन्य चूक सामने आई**

गलती से दुश्मन समझ लिया और उन पर कार्रवाई कर दी। सैन्य बयान में कहा गया कि सभी छह एयरक्रू ने -शेष पृष्ठ दो पर

## अमेरिका के चौथे सैनिक की मौत

**तेहरान।** अमेरिका के ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान के दौरान एक और अमेरिकी सैनिक की मौत हो गई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड यानी सेंटकाम ने बताया कि यह चौथा अमेरिकी सैन्य कर्मी है जिसकी इस ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं में जान गई है। सेना के अनुसार यह सैनिक ईरान के शुरुआती हमलों में गंभीर रूप से घायल हुआ था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सेंटकाम ने कहा कि घायल सैनिक को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन वह अपनी चोटों से उबर नहीं सका। इससे पहले भी इस अभियान में अमेरिकी सैनिकों के हताहत होने की पुष्टि हो चुकी है।




# ऐतिहासिक समझौता: भारत को यूरेनियम देगा कनाडा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच निवेश-ट्रेड डील पर बातचीत हुई है।

सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों के लिए एमओयू किया गया है। इससे दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग करेंगे। कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा में

- **मोदी-कार्नी की मुलाकात के बाद करार**
- **डिफेंस और एनर्जी सेक्टर में सहयोग करेंगे दोनों देश**

मूल्यवर्धन करना भी हमारे लक्ष्यों में शामिल है। पीएम ने पश्चिम एशिया में ईरान वॉर को लेकर कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिये निकाला जाना चाहिए। पीएम ने आगे कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की बदलेगी कमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह पांच साल तक पद पर रहने के बाद 19 मार्च को सेवा मुक्त होंगे। सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित एक नोट में बताया कि 19 मार्च को उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान कंपनी विलय के दौर से गुजरी, एक नया ब्रांड बना और बेड़े का आकार चार गुना हुआ। एयरलाइन देश की तीसरी सबसे बड़ी नौरो बॉडी ऑपरेटर बनने में सफल रही। इस समय उसके बेड़े में 100 से अधिक विमान और देश के बाहर भी 14 देशों में उसका नेटवर्क है। सिंह ने कर्मचारियों के सहयोग के लिए उनका धन्यवाद करते हुए बताया कि कैप्टेन हैमिश मैक्सवेल नए 'अकाउंटेबल मैनेजर' होंगे।

### भाजपा ने किया था समझौतों का विरोध

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि यूरेनियम आपूर्ति और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) सहयोग का जो समझौता मोदी सरकार ने कनाडा के साथ किया है 2008 में अमेरिका के साथ इसी तरह के समझौते का भाजपा ने कड़ा विरोध किया था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि जब डा. मनमोहन सिंह की सरकार ने 2008 में अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु समझौते किया था तो भाजपा ने उसका जोरदार विरोध किया था लेकिन आज भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार उसी तरह के समझौते पर कनाडा के साथ हस्तक्षर कर रही है। उनका यह भी कहना था कि 2008 में हुए समझौते की बदौलत कनाडा के साथ परमाणु सहयोग समझौता हुआ है। भारत व कनाडा ने यूरेनियम की आपूर्ति और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के निर्माण में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

# पैसों के विवाद में चार परिजनों की हत्या

## बहराइच में मां-बाप, दादी और बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला

**बहराइच, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसन्तपुर रूदल (रामगांव) में जमीन बिक्री के पैसे के विवाद में एक युवक द्वारा अपने माता-पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से मारकर कर हत्या कर दी गई, जबकि बड़े भाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। आरोपी ने बाद में स्वयं को भी घायल कर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुदेव निवासी बसन्तपुर रूदल द्वारा थाना पर दी गई तहरीर में कहा गया है कि 1-2 मार्च की मध्यरात्रि करीब 12 बजे शोर सुनकर वह कमरे से बाहर निकले तो देखा कि उनका छोटा भाई

### बड़े भाई को घायल कर खुद हुआ जख्मी

निरंकार पिता द्वारा बेची गई जमीन एवं गहनों का पैसा न देने को लेकर विवाद कर रहा था। आरोप है कि आवेश में आकर निरंकार ने कुल्हाड़ी से पिता बदलू राम (60), माता संजू देवी (56), बहन पार्वती (लगभग 42) और दादी सिताला (80) पर हमला कर दिया, जिससे चारों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जब गुरूदेव बीच-बचाव के लिए बाहर आए तो आरोपी ने उनके सिर पर भी कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरूदेव का पुत्र आजाद भी मौके पर मौजूद था। उसके शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्र हो गए। इसी दौरान आरोपी ने अपने सिर पर ईंट से प्रहार कर स्वयं को भी घायल कर लिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक बहराइच रामनयन सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं घटना स्थल निरीक्षण के बाद एएसपी (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि घटना जमीन बिक्री के पैसे को लेकर हुए विवाद और तात्कालिक आक्रोश का परिणाम प्रतीत होती है। इस संबंध में थाना रुपईडीहा में धारा मामला दर्ज कर आरोपी निरंकार को हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# महिलाएं हर क्षेत्र में छू रहीं नई ऊंचाइयां: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं और वे राजनीति, समाज सेवा, प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छू रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को यहां 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' के दिल्ली सरकार की महिलाओं से संबंधित चार योजनाओं का शुभारंभ करने के बाद कहा कि आज यहां कहा कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं। उनका सम्मान, सशक्तीकरण सभ्य समाज की निशानी है। भारत का इतिहास महिलाओं की साहस, वीरता और त्याग और बलिदान की अनगिनत कथाओं से भरा हुआ है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के कुशल प्रशासन, न्याय परायणता एवं कल्याणकारी कार्यों का आज भी गुणगान किया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई का साहस, मातृभूमि के लिए उनका बलिदान आज भी हम सभी देशवासियों के हृदय में प्रेरणा के

### दिल्ली सरकार की चार योजनाओं के शुभारंभ पर बोलीं द्रौपदी मुर्मू



दीप जलाते हैं। सावित्री बाई फुले ने महिला शिक्षा की ज्योति जगाई थी। रानी गाइदिन्ल्यू और सरोजनी नायडू जैसी महिला स्वाधीनता सेनानियों ने भारत माता का गौरव बढाया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ रही है।

सैनिक के रूप में देश की सीमाओं की सेवा कर रही है। वैज्ञानिक के रुप में प्रयोगशालाओं में शोध कर रही है। खेल प्रतिस्पर्धा में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का तिरंगा लहरा रही है। राजनीति, समाज सेवा तथा प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में महिलाएं नई उंचाई को छू रही है। उन्होंने कहा कि देश भर के दीक्षांत समारोहों में उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की बढ़ती संख्या हमारे लिए प्रेरणा दायक दृश्य प्रस्तुत करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इन सबके बावजूद यह भी एक सच्चाई है कि महिलाएं आज भी हिंसा, आर्थिक असमानता और सामाजिक रुढियां और स्वास्थ्य संबंधी उपेक्षाओं का सामना कर रही है। इन बाधाओं को दूर करके ही महिला सशक्तीकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वास्तव में महिला तब सशक्त होंगी जब उसमें स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की क्षमता हो और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की आकांक्षा हो और समान अवसर एवं सुरक्षा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला न केवल अपना जीवन बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों की दिशा बदल सकती है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाते हुए उनके स्वास्थ्य की रक्षा कर रही है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा दी जा रही है।

## खामेनेई की हत्या की कांग्रेस ने की निंदा, मोदी पर साधा निशाना

# बाहरी शक्ति को सत्ता परिवर्तन का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए रविवार को कहा कि किसी भी बाहरी शक्ति को सत्ता परिवर्तन कराने का अधिकार नहीं है। कांग्रेस ने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां साम्राज्यवाद के समान हैं और वे नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के अनुरूप नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी दोहराती है कि प्रत्येक देश के नागरिकों को अपना राजनीतिक भविष्य तय करने का अधिकार है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस युद्ध की औपचारिक रूप से घोषणा किए बिना एक सैन्य हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अली हुसैनी खामेनेई की लक्षित हत्या किए जाने की



### पीएम मोदी की विदेश नीति के सार और तरीकों के लिए भारी कीमत चुका रहा है भारत: खड़गे

स्पष्ट रूप से निंदा करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस गहरे शोक की घड़ी में सर्वोच्च नेता के परिवार, ईरान के लोगों और दुनिया भर के शिया समुदाय के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। खड़गे ने कहा कि हम इस गंभीर संकट में उनके साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की विदेश नीति संवाद के जरिए और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सम्मान के साथ विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की प्रतिबद्धता पर आधारित है, जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 में निर्देशित है। वहीं पश्चिम एशिया में तनाव के मद्देनजर कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति के सार और तरीकों दोनों के लिए भारी कीमत चुका रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कई ऐसे मुद्दों का हवाला दिया, जिनके बारे में उनका दावा था कि वे केंद्र सरकार की कमजोर विदेश नीति को दर्शाते हैं। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री और उनके करीबी लोग चाहे जितना भी दिखावा करने की कोशिश करें, सच्चाई यह है कि स्वयंभू विश्व गुरु के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान के साथ अपनी नजदीकियां लगातार बनाए हुए हैं और बार-बार उसी व्यक्ति की सराहना कर रहे हैं, जिसके भड़काऊ बयानों ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी। अमेरिका ने अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की लड़ाई में साफ तौर पर पाक का समर्थन किया है।

### खामेनेई की हत्या के विरोध में हुए विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कश्मीर में लगे प्रतिबंध

**श्रीनगर।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के विरोध में कश्मीर घाटी में हुए व्यापक प्रदर्शनों के एक दिन बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सोमवार को श्रीनगर सहित घाटी के कई हिस्सों में नागरिक आवाजाही पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए। सुरक्षा बलों ने ऐतिहासिक लाल चौक को पूरी तरह सील कर दिया है, जहां रविवार को हजारों लोग खामेनेई की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए थे। एहतियाती तौर पर कुछ इलाकों में मोबाइल इंटरनेट की गति भी धीमी कर दी गई है। प्रतिबंधों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की भारी तैनाती की गई है। लोगों को इकट्ठा होने से रोकने के लिए कई अंतर-जिला मार्गों पर नाके बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती कदम के तौर पर ए पाबंदियां लगाई गई हैं। ए प्रतिबंध कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक के स्वैच्छिक हड़ताल के आह्वान की पृष्ठभूमि में लगाए गए हैं।

# वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत का महत्वपूर्ण स्थान

**नई दिल्ली, वार्ता**

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है, जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और उसे लागू करने के लिए अपार अवसर प्रदान करता है।

प्रधान ने सोमवार को आयोजित 'स्टडी इन इंडिया एडु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026' को संबोधित किया। इस सम्मेलन में उच्च शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श करने के लिए 50 से अधिक देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और मंत्रालय के अधिकारी एकत्रित हुए। इस दौरान प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत भारत की शिक्षा प्रणाली में हुए बदलावों के बारे में बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की



परिकल्पना की है, जो स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक होगा।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है, जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और लागू करने के अपार अवसर प्रदान करता है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका जीवंत ज्ञान तंत्र, जनसांख्यिकीय लाभांश है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 और 'स्टडी इन इंडिया' पहल के माध्यम से देश छात्रों, शोधकर्ताओं और संस्थानों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार कर रहा है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 80238.85
निफ्टी 24870.65



सोना 166000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 287000
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक संकट से सेंसेक्स-निफ्टी लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**

पश्चिम एशिया में जारी भू. राजनैतिक संकट के कारण घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट देखी गई और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,048 अंक लुढ़क गया।

अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य अभियान में 28 फरवरी को ईरान पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में भू-राजनैतिक संकट गहरा गया है। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों वाले कई देशों पर हमले किए हैं। इसका असर सोमवार को बाजार खुलते ही दिखा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 2,743.46 अंक टूटकर 78,543.73 अंक पर खुला। हालांकि बाद में इसकी गिरावट



काफी कम हुई। अंत में यह 1,048.34 अंक (1.29 प्रतिशत) नीचे 80,238.85 अंक पर बंद हुआ, जो इसका छह महीने का निचला स्तर है। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 312.95 अंक यानी 1.24 प्रतिशत उतरकर एक महीने के निचले स्तर 24,865.70 अंक पर रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.46 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.75 फीसदी की गिरावट में बंद हुआ। बाजार में उथल-पुथल को मापने वाला इंडिया वीआईएक्स सूचकांक 25 से ऊपर पहुंच गया, जो भारी अनिश्चितता को दर्शाता है। धातु और फार्मा को छोड़कर अन्य सेक्टरों में गिरावट रही। निफ्टी ऑटो 2.20 प्रतिशत गिर गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक भी दो प्रतिशत से ज्यादा टूटे। बैंकिंग, आईटी, मीडिया, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर छह प्रतिशत से अधिक और एलएंडटी का पांच प्रतिशत लुढ़क गया। अडानी पोर्ट्स और मारुति सुजुकी में तीन फीसदी से अधिक तथा एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व में दो से तीन प्रतिशत के बीच गिरावट रही।

### सोना 1.66 लाख चांदी 2.87 लाख पर पहुंची

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते सोने चांदी के दाम में सोमवार को बढ़त दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 7 हजार रुपए बढ़कर 1.66 लाख रुपए पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी 20 हजार रुपए बढ़कर 2.87 लाख रुपए पर पहुंच गई है। कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोना 1.90 लाख रुपए तक जा सकता है। चांदी 3.50 लाख तक पहुंच सकती है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.66 लाख रुपए पर पहुंच गया है। यानी इसकी कीमत इस साल अब तक 56 हजार बढ़ चुकी है।

# विनिर्माण गतिविधियों में चार महीने के दौरान फरवरी में सबसे बड़ी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

उत्पादन और घरेलू बाजार में बिक्री बढ़ने देश में विनिर्माण गतिविधियों में फरवरी में चार महीने की सबसे बड़ी तेजी देखी गई। एचएसबीसी द्वारा जारी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जनवरी के 55.4 से बढ़कर फरवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर 56.9 पर पहुंच गया।

सूचकांक का 50 से नीचे रहना गतिविधियों में गिरावट को दर्शाता है, जबकि इसका 50 से ऊपर रहना तेजी दिखाता है। वहीं 50 का स्तर स्थिरता का है। नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार और खरीदे गए भंडार आदि के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की जाती है। एचएसबीसी द्वारा सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि मांग में तेजी, विपणन की पहल और क्लाइंटों की बढ़ती जरूरतों के कारण नए कारोबार में फरवरी में तेजी देखी गई। वृद्धि की रफ्तार पिछले साल अक्टूबर के बाद के उच्चतम स्तर पर रही। उत्पादन में चार महीने की सबसे बड़ी तेजी देखी गई और यह दीर्घावधि औसत से अधिक रहा। हालांकि नए निर्यात ऑर्डरों में वृद्धि की रफ्तार 17 महीने के निचले स्तर पर दर्ज की गई। जिन सेक्टरों में विदेशों में बिक्री बढ़ी है, उनमें मुख्य योगदान एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका का रहा है।

भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत घरेलू मांग के कारण उत्पादन में लगातार दूसरे महीने तेज गति से वृद्धि हुई है। हालांकि नए निर्यात ऑर्डरों में पिछले साल के मध्य में शुरू हुई सुस्ती फरवरी में भी जारी रही। इससे विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन कुछ हद तक बाधित रही। ऑर्डर में कुल मिलाकर अच्छी वृद्धि के कारण कंपनियों ने कच्चे माल की अतिरिक्त खरीद की और इसमें तीन महीने की सबसे बड़ी तेजी रही।

विनिर्माताओं ने लागत की भरपाई के लिए फरवरी में एक बार फिर विक्रय मूल्य बढ़ा दिए। भविष्य को लेकर विनिर्माता आशांवित दिख रहे हैं। सोलह प्रतिशत कंपनियों का कहना है कि अगले एक साल में वृद्धि देखी जाएगी, जबकि सिर्फ एक प्रतिशत को गतिविधियों में गिरावट की आशंका है।

### इंडिया यूथ फ्रंट युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में करेगा प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के युवा संगठनों के अखिल भारतीय संगठन 'इंडियन यूथ फ्रंट' ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा अन्य कार्यकर्ताओं की भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन के आरोप में की गई गिरफ्तारी को मोदी सरकार की तानाशाही बताया और कहा कि फ्रंट इसके खिलाफ मिलकर देशभर में आंदोलन करेगा। फ्रंट से जुड़े विभिन्न दलों के युवा शाखा के नेताओं ने सोमवार को यहां युवा कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह गिरफ्तारी अघोषित आपातकाल और मोदी सरकार की तानाशाही का प्रमाण है। इस मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और विपक्षी दलों के युवा संगठन एकजुट होकर देशभर में इसके विरोध में प्रदर्शन कर सरकार की हकीकत को जनता लाएंगे। युवा कांग्रेस की सुरभि द्विवेदी ने बताया कि प्रदर्शन करने वाले नौ प्रदर्शनकारियों को पटियाला हाउस कोर्ट से जमानत मिल गई है। उन्होंने न्यायालय के आदेश पर खुशी जताई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कुवैत में...** समय रहते इजेक्ट किया और बाद में उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया गया। सभी की हालत स्थिर बताई गई है। कुवैत सरकार और रक्षा बलों ने इस घटना को स्वीकार किया है। अमेरिकी सेना ने कुवैती रक्षा बलों के सहयोग और बचाव अभियान के लिए आभार भी जताया। बयान में कहा गया कि संयुक्त सैन्य अभियान के दौरान दोनों देशों की सेनाएं लगातार समन्वय में काम कर रही हैं। घटना के बाद सुरक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा शुरू कर दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न हो। सेंटकाम ने स्पष्ट किया कि इस पूरी घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। शुरुआती तौर पर इसे फ्रेंडली फायर यानी अपने ही सहयोगी बलों की गलती से हुई कार्रवाई माना जा रहा है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि पहचान प्रणाली या संचार में कहां चूक हुई, जिसके कारण एयर डिफेंस सिस्टम ने अपने सहयोगी विमानों को निशाना बना लिया। विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव और लगातार हमलों के खतरे के कारण रक्षा प्रणालियां बेहद सतर्क स्थिति में काम कर रही हैं। ऐसे माहौल में पहचान संबंधी छोटी गलती भी बड़े हादसे में बदल सकती है। अमेरिकी सेना ने कहा है कि जांच पूरी होने के बाद अतिरिक्त जानकारी सार्वजनिक की जाएगी और संचालन प्रक्रियाओं को और मजबूत किया जाएगा।

# वैश्विक तनाव पर केन्द्र भूमिका स्पष्ट करे: सपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इजरायल-ईरान के बीच जारी संघर्ष को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बन रहे युद्ध जैसे हालातों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि मानवता पर संकट की घड़ी में विश्व समुदाय को संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा और युद्ध में आम नागरिकों की जान जाना अत्यंत पीड़ादायक है। अखिलेश यादव ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत शांति स्थापना के लिए क्या कूटनीतिक प्रयास कर रहा है और क्या वह युद्ध को रोकने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि युद्धकालीन स्थितियों में कई तरह की सूचनाएं सामने आती हैं, जिनमें से कुछ अपुष्ट भी हो सकती हैं। ऐसे में केंद्र सरकार का दायित्व है कि वह आधिकारिक स्तर पर तथ्यों की पुष्टि कर पारदर्शिता बनाए रखे, ताकि भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का मानना है कि भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक और प्रभावशाली देश को वैश्विक मंच पर शांति, संवाद और संतुलित कूटनीति का पक्षधर बनकर सामने आना चाहिए।

### बीएलओ पर बढ़ते दबाव को लेकर सरकार पर सपा का हमला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर के बीच लगातार बीएलओ द्वारा आत्महत्या किए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) पर बढ़ते प्रशासनिक दबाव को लेकर राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर अत्यधिक कार्यभार और मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे वे मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पहले फॉर्म-7 के जरिए नाम हटाने और अब फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे माहौल में कई कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान हैं। सपा अध्यक्ष ने फतेहपुर जनपद के बिदकी क्षेत्र के एक शिक्षामित्र बीएलओ द्वारा आत्महत्या की घटना का उल्लेख करते हुए इसे अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने कहा कि पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच अवकाश न मिलना और कार्य का दबाव गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सभी बीएलओ से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कोई भी परिस्थिति जीवन से बड़ी नहीं होती। उन्होंने सरकार से मांग की कि कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव न बनाया जाए।

## शाह टाइम्स का विवरण

फार्म-4 ( नियम आठ देखिए )

1. प्रकाशन स्थान :21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ, 226001 (उत्तर प्रदेश)
2. मुद्रण स्थान :शाह पब्लिकेशन प्रा.लि. सूजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर(उत्तर प्रदेश)
3 प्रकाशन की अवधि व भाषा : दैनिक, हिन्दी
4. मुद्रक का नाम : शाह पब्लिकेशन प्रा.लि.
(क्या भारत का नागरिक है) : हां
(यदि विदेशी है मूल देश) : नहीं
5. सम्पादक का नाम : एस.एन.राना
(क्या भारत का नागरिक है) : हां
(यदि विदेशी है मूल देश) : नहीं
पता:- राना हाउस, मेरठ रोड, सूजडू मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों
1. आसिफ खान, 105 साउथ खालापार मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
2.जावेद अली, मकान नंबर, 900, कुंगर पट्टी सूजडू, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

मैं एस.एन राना एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक-3-3-2026

प्रकाशक के हस्ताक्षर
एस.एन. राना

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हुआ भीषण सड़क हादसा

## हादसे में तीन लोगों की मौत, तीन दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि लगभग तीन दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व यूपीडा रेस्क्यू टीम ने घायलों को तत्काल यहां के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद कई घायलों की हालत नाजुक बताते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस ने बीच सड़क पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहनों को हाइड्रा के जरिए खींचकर किनारे किया। तब जाकर आवागमन शुरू हुआ। गत रविवार को रात करीब 8 बजे आगरा फोर्ट डिपो की रोडवेज बस सवारियां लेकर लखनऊ जा रही थी। रास्ते में मध्य रात करीब 12 बजे कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 227 पर स्थित ग्राम सिरधरपुर के सामने चालक को अचानक झपकी आ जाने से तेज रफ्तार रोडवेज बस आगे चल रहे ट्रक में जा भिड़ी।



हादसा होते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम और पीतमपुरा चौकी पुलिस तथा डायल 112 के कर्मचारियों ने आनन-फानन घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त बस से करीब दो दर्जन घायल यात्रियों को बाहर निकाला और सरकारी एंबुलेंस के जरिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पुलिस और यूपीडा कर्मी हाइड्रा के जरिए बीच सड़क पर खड़े क्षतिग्रस्त ट्रक को हाइड्रा के जरिए पीतमपुरा चौकी परिसर ला रहे थे। तभी घटनास्थल से करीब 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम देवखरी के सामने अचानक आगरा फोर्ट डिपो की दूसरी रोडवेज बस आ पहुंची और बस दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के पीछे जा घुसी। जिससे बस क्षतिग्रस्त हो गई और बस में सवार यात्री चीखने चिल्लाने लगे। दूसरी दुर्घटना होने की खबर मिलते ही यूपीडा कर्मी भागकर मौके पर आ पहुंचे और चीख-पुकार कर रहे घायल यात्रियों को तुरंत बस से बाहर निकाला तथा सभी घायलों को सरकारी एंबुलेंस से यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने तीन घायलों को मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय पुलिस बल के साथ सरकारी अस्पताल जा पहुंचे और मृत बस यात्रियों की शिनाख्त कराने की कोशिश की। किंतु मृतकों का नाम और पता ज्ञात नहीं हो सका। पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा। जबकि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर कुल 14 घायलों की हालत नाजुक देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।दुर्घटनाग्रस्त दोनों बसों के गंभीर घायल यात्रियों में वंदना साहनी पुत्री ठगई साहनी अहिरौली बाजार कुशीनगर, रमेश पुत्र शिव पूजन निवासी खंडारा थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर, अनीता साहनी पत्नी मंगेश साहनी निवासी कुशीनगर गोरखपुर , सुशील कुमार पुत्र रामजी लाल निवासी बालाजी नगर एत्माद्दौला आगरा , राजाराम पुत्र गोपाल राय निवासी धवोविया थाना कसेमार जनपद दरभंगा , सुनील पुत्र कमलेश निवासी अमीनाबाद लखनऊ , रुद्र पुत्र राजकुमार निवासी उसका बाजार सिद्धार्थ नगर , सुमित्रा पत्नी राजकुमार निवासी उसका बाजार सिद्धार्थ नगर , अनन्या पुत्री मंगेश साहनी अहिरौली बाजार कुशीनगर , अवधेश पुत्र रामनरेश करौली बालाघाट गोरखपुर , तारादेवी पत्नी नागेन्द्र निवासी कोठरा अहिरौली कुशीनगर , सरस्वती पत्नी ठगाई साहनी कोठरा अहिरौली कुशीनगर ,शाहरुख पुत्र इस्माइल निवासी किशोरपुर जगदीशपुर, धीर सिंह पुत्र विनोद कुमार निवासी गुरसहायगंज कन्नौज , सहदेव पुत्र दलसिंह जैदपुर मथुरा ,हर्षित पाल पुत्र राजीव पाल निवासी गंहोली थाना महोली सीतापुर, सचिन पुत्र सुरेश पाल निवासी चक बिजपूरी थाना वैष्णव गंज लखीमपुर खीरी, राजीव कुमार पुत्र मुन्नालाल निवासी लखीमपुर खीरी, अजय सिंह देशराज सिंह निवासी गांव पडरी थाना रोसा सीतापुर, प्रियंका सिंह पत्नी संजीव चौहान निवासी वृंदावन तेलीबाग लखनऊ, शारदा सिंह पत्नी जयसिंह निवासी वृंदावन तेलीबाग लखनऊ, दयाशंकर पुत्र नवल किशोर निवासी मोतीपुर खीरी लखीमपुर , आशीष पुत्र लाल बहादुर साहू निवासी चौमुडा मथुरा, अजय कुमार पुत्र हरिओम इनसेट, आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर रविवार को आधी रात के समय मात्र एक घंटे के अंतराल में हुई दो अलग-अलग स्थानों पर दुर्घटनाओं में दोनों रोडवेज बसों के चालक और परिचालक भाग निकले।

# खीरी पुलिस ने कई अपराधियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी की पुलिस ने अपराध की रोक थाम अभियान के अंतर्गत वांछित अभियुक्त महताब आलम पुत्र अब्दुल रहीम निवासी मोहल्ला सैय्यद बाड़ा कस्बा व थाना खीरी को मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा ज्ञातव्य हो अभियुक्त महताब आलम पर मुकदमा अपराध संख्या 143/26 धारा 3/5/8 गो वध अधिनियम व 11पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत थाना खीरी में मुकदमा पंजीख्रत है गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक थाना खीरी अजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल विक्रम कुमार व कांस्टेबल निर्देश कुमार शामिल रहे।




थाना खीरी की पुलिस ने अपराध पर रोक थाम एवं वांछित अभियुक्तों के गिरफ्तारी के क्रम में आज मोहल्ला सैय्यद बाड़ा निवासी इम्तियाज पुत्र रहीम बख्श को एक नाजायज तमंचा 315 बोर और एक अदद जिंदा कारतूस के साथ झलारिया रेलवे क्रॉसिंग के पास धर दबोचा,इस संबंध में थाना हाजा पर अपराध संख्या 0147/2026 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय रवाना किया गया,,मालूम हो अभियुक्त पर स्थानीय थाना में पहले से कई मुकदमे दर्ज है पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 3 अभियुक्तों 1 कदीर आलम पुत्र तफज्जुल निवासी मोहल्ला सैय्यद बाड़ा कस्बा व थाना खीरी 2 मोइनुल हक पुत्र शफी अहमद निवासी मोहल्ला सैय्यद बाड़ा कस्बा व थाना खीरी 3 मो0 मुकीम पुत्र मो0 नईम निवासी मोहल्ला सैय्यद बाड़ा कस्बा व थाना खीरी को एक, एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया है इस सम्बन्ध में स्थानीय थाना खीरी पर मुकदमा अपराध संख्या 145/2026 4/25 आर्म्स एक्ट में पंजीख्रत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पंकज चौधरी ने महाराजगंज में लगाया जनता दरबार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महाराजगंज।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को महाराजगंज स्थित अपने आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई की। सुबह से ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और आवास परिसर में लंबी कतारें लगी रहीं। जनता दर्शन में बिजली, सड़क, पानी, आवास, पेंशन, राजस्व विवाद, छात्रवृत्ति और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित प्रकरण प्रमुख रूप से सामने आए। फरियादियों ने क्रमवार मंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। पंकज चौधरी ने सभी की शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

# इलेक्ट्रिसिटी बिल 2025 पर गठित वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट पर गहरी आपत्ति : फेडरेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने केंद्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने हेतु गठित वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट पर गंभीर आपत्ति दर्ज की है।

फेडरेशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस रिपोर्ट के आधार पर बिल को संसद में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया, तो देशभर में व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा।

फेडरेशन ने कहा है कि इस रिपोर्ट के आधार पर संसद में बिल रखने की जल्दबाजी न की जाय और इस रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाय। फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि 30 जनवरी 2026 को केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने गुप्त रूप से एक आदेश जारी कर वर्किंग ग्रुप का गठन किया था। अब यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त वर्किंग ग्रुप ने अपनी रिपोर्ट केंद्रीय विद्युत मंत्री को सौंप दी है।

फेडरेशन ने विशेष रूप से इस तथ्य पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है कि वर्किंग ग्रुप में ऑल इंडिया डिस्कॉम्स एसोसिएशन के डायरेक्टर जनरल श्री आलोक कुमार को शामिल किया गया। यह एसोसिएशन सोसाइटी एक्ट के तहत पंजीख्रत एक निजी संस्था है, जिसके कई पदाधिकारी इस एसोसिएशन ने नवंबर 2025 में मुम्बई में आयोजित बैठक में भी डिस्कॉम को घाटे से उबरने का प्रमुख उपाय निजीकरण बताया गया था। दूसरे चरण में प्रस्तुत करना चाहती है। देश के लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी और इंजीनियर किसी भी परिस्थिति में जनविरोधी प्रावधानों को स्वीकार नहीं करेंगे। यदि कर्मचारियों और इंजीनियरों की आशंकाओं की अनदेखी कर बिल को आगे बढ़ाया गया, तो इसके विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# जल जीवन मिशन में खामियों पर आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश में शासन से होकर सरकार तक विकास योजनाओ को लेकर चल रही उदासीनता पर आर.पी.आई. (आ.) ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखने का निर्णय लिया है ताकि सरकार को जनता के मुद्दों पर आईना दिखाया जा सके।

आर.पी.आई. (आ.) के अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता का कहना है कि जब तक जनता के प्रति जवाब देही तय नहीं की जाती है वह पत्र लिखकर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते रहेंगे। इसी कड़ी में जल जीवन मिशन में खामियों को उजागर करते हुए पत्र लिखा गया है इसकी थर्ड पार्टी से जांच कराकर दोषियो को दंडित करने की मांग उठायी गयी है:-

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आ.) की ओर से आपका ध्यान प्रदेश में केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना श्जल जीवन मिशनश (हर घर जल) के कार्यान्वयन में हो रही गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। सरकार का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, लेकिन धरातल पर कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से इस नेक उद्देश्य को पलीता लगाया जा रहा है। समाचार पत्रों और स्थानीय निवासियों की शिकायतों के माध्यम से बहराइच, प्रयागराज, महोबा और फतेहपुर सहित कई अन्य जनपदों से लगातार गंभीर खबरें आ रही है। प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने भरोसा जताया कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की अपनी नीति के अनुरूप तत्काल संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्रवाई करेगी।

# डीपी वर्ल्ड ने उप्र में युवा क्रिकेटर्स को दिया पैवेलियन व किट्स का तोहफा

**शाह टाइम्स ब्यरो**

**लखनऊ।** डीपी वर्ल्ड ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में एक रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर पैवेलियन और 250 क्रिकेट किट्स उपलब्ध कराते हुए अपनी बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल को विस्तार दिया है। इससे उत्तर प्रदेश में जमीनी स्तर पर क्रिकेट तक पहुंच मजबूत होगी।

लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट दिग्गज युवराज सिंह की उपस्थिति में इस पैवेलियन का अनावरण किया गया। इसे स्थायी रूप से सेज क्रिकेट एकेडमी में स्थापित किया जाएगा। 250 क्रिकेट किट्स के माध्यम से चुनिंदा एकेडमी को उपकरणों तक पहुंच बढ़ाने और स्ट्रक्चर्ड कोचिंग देने में



मदद मिलेगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के साथ मिलकर की गई इस पहल ने आईसीसी टूर्नामेंट्स में बनने वाले प्रत्येक 100 रन पर 10 किट डोनेट करने के डीपी वर्ल्ड के लक्ष्य को और मजबूत किया है। इस कार्यक्रम के दौरान युवराज सिंह ने कहा, 'भारत के हर कोने में प्रतिभाएं हैं, लेकिन सही सुविधाओं एवं उपकरणों तक पहुंच से असली अंतर आता है। बियॉन्ड बाउंड्रीज जैसी पहल से इस अंतर को पाटने में मदद मिलती है। मैनेजर हेमंत कुमार रुइया ने कहा, 'उभरते क्रिकेटर्स की राह में सबसे बड़ी बाधा होती है सही सुविधाओं तक पहुंच की। डीपी वर्ल्ड में हमारा मानना है कि सुविधाएं सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। हमें आईसीसी के साथ मिलकर लखनऊ में बियॉन्ड बाउंड्रीज को लॉन्च करते हुए गर्व का अनुभव हो रह है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मानद सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता ने कहा, 'क्रिकेट के मामले में उत्तर प्रदेश की विरासत शानदार है और यहां उभरती प्रतिभाओं का बड़ा पूल है। हमें बियॉन्ड बाउंड्रीज के लिए डीपी वर्ल्ड के साथ साझेदारी करने की खुशी है, जिसके माध्यम से राज्य में जमीनी स्तर पर क्रिकेट विकास को मजबूती मिलेगी। इस तरह की साझेदारियां युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने और खेल के लगातार विकास को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।'2023 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल ने आठ देशों में कुल 13 रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर और 3,500 क्रिकेट किट्स का वितरण किया है। भारत में अब तक नई दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और चेन्नई के लोगों को इस पहल का लाभ मिला है।80 से ज्यादा देशों में अपने इंटीग्रेटेड ग्लोबल नेटवर्क का लाभ लेते हुए डीपी वर्ल्ड दुनियाभर के हाई इम्पैक्ट मार्केट्स में अपनी बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल को विस्तार देना जारी रखेगी।

# भारत के शिया विद्वानों ने खामेनेई की शहादत पर शोक जताया

### खामेनेई की शहादत से पूरी इंसानियत दुखी है: मिर्जा मुमताज अली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत पर भारत के शिया विद्वानों ने इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट हॉल, विक्टोरिया स्ट्रीट, बजाजा में शोक कार्यक्रम आयोजित किया।

मौलाना सैयद आरिफ मियां कादरी नक्शबंदी (ऑल इंडिया मुहम्मदी मिशन के सुपरिंटेंडेंट), चौधरी शादाब कुरैशी (ऑल इंडिया जमीयत अल-कुरैश के स्टेट प्रेसिडेंट), मिर्जा मुमताज अली (ऑल इंडिया शिया हुसैन फाउंडेशन लखनऊ के प्रेसिडेंट), मुहम्मद सईद सिद्दीकी (पी जे पी के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी), आजम



सिद्दीकी (पी जे पी के नेशनल जनरल सेक्रेटरी), सलीम अहमद राइनी (सामूहिक निकाह कमेटी के प्रेसिडेंट), मुहम्मद आफाक (राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकारिणी तंजीम के कन्वीनर), उस्मान अंसारी (ऑल इंडिया कौमी मजलिस इत्तेहाद के नेशनल कन्वीनर), सलमान खान (इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट के मीडिया इंचार्ज) और दूसरे लोगों ने दुख के साथ अपनी संवेदनाएं जाहिर कीं। मौलाना अली हुसैन कुमी ने कहा कि सिर्फ ईरान ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के शांति पसंद लोग अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत पर दुख जताते हैं। उन्होंने कहा कि अयातुल्ला खामेनेई एक ऐसी शख्सियत थे जिनका मकसद दुनिया में शांति और व्यवस्था बनाए रखना और इंसानियत को कायम करना था। उन्होंने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज उठाई। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना फिलिस्तीनियों की मदद की।

सालों से जिन मुसलमानों पर जुल्म और तकलीफ हो रही थी, जिसके लिए किसी अरब देश ने कभी आवाज उठाने की कोशिश नहीं की, बल्कि सभी ने अमेरिका और इजराइल का साथ दिया, लेकिन खामेनेई अडिग रहे और इन सुपरपावर देशों के आगे झुके नहीं। यही वजह है कि लखनऊ में सभी धर्मों के लोगों ने एक साथ मिलकर अयातुल्ला खामेनेई के लिए अपना दुख जाहिर किया। उन्होंने अयातुल्ला खामेनेई की एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक सुन्नी विद्वान ने खामेनेई साहब से पूछा कि यहां सुन्नी मस्जिद कहां है, तो उन्होंने कहा कि यहां न तो सुन्नी मस्जिद है और न ही शिया मस्जिद, बल्कि यहां अल्लाह की मस्जिद है। उन्होंने कहा कि ईरान एक ऐसा देश है जहां सभी लोग भाईचारे से रहते हैं, यहां न कोई शिया है और न ही कोई सुन्नी, बल्कि सभी इस्लाम को मानने वाले हैं,

यह एकता सिर्फ परिवार की वजह से है। मिर्जा मुमताज अली ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि हमारे पड़ोसी, यहां तक कि जो हमारे साथ चलते हैं, वे भी हमारा दुख नहीं बांटते, लेकिन जब कोई किसी और के दुख में शामिल होता है, तो यह दिखाता है कि वह कोई और नहीं बल्कि हमारा अपना है। देखिए, आज पूरी दुनिया अयातुल्ला खामेनेई की इस दर्दनाक शहादत से दुखी है। पूरी इस्लामी दुनिया दुखी है, और इस्लामी दुनिया के अलावा पूरी इंसानियत दुखी है। अयातुल्ला खामेनेई ने पूरे इस्लाम की इज्जत अपने हाथों में रखी और कभी भी इस्लाम धर्म को शर्मिंदा नहीं होने दिया। वह दुश्मन के सामने अडिग रहे। मौलाना सैयद आरिफ मियां कादरी नक्शबंदी ने कहा कि अयातुल्ला खामेनेई की शहादत के बाद पूरी दुनिया में जो गम का माहौल है, वह दिखाता है कि वह रहता तो ईरान में था, लेकिन उनकी मोहब्बत की जड़ें पूरी दुनिया में फैली हुई थीं। खामेनेई के बारे में दुनिया के कोने-कोने से आवाजें आ रही हैं। यह उनकी पॉपुलैरिटी का सबूत है कि हर दिल रो रहा है।

# युवक पर किया शेर ने हमला, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** गपलिया तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुमेर नगर में उस समय दहशत फैल गई जब जंगल क्षेत्र से निकलकर आए शेर (बाघ) ने एक ग्रामीण पर अचानक जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल व्यक्ति को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सुमेर नगर निवासी हरिहर सोमवार को गांव के पास खेत की ओर गए हुए थे। इसी दौरान अचानक जंगल की तरफ से आए शेर ने उन पर हमला कर दिया। शेर के हमले से हरिहर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर किसी तरह शेर को भगाया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा घायल को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने तथा शेर को पकड़ने की मांग की है। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और अकेले खेत या जंगल की ओर न जाने की अपील की है।

# मस्जिद अली में कलाम ए पाक मुकम्मल मांगी गई दुआएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला मस्तू टोला स्थित मस्जिद अली में बारहवीं तरावीह के मौके पर हाफिज अनस कमर ने कुरआन-ए-पाक का दौर पूरा किया। बाद नमाज मुल्क में अमन चौन और भाईचारे की दोआ की गई। इस मौके पर काजी शहर सैयद जियाउल आरफीन ने हाफिज अनस कमर की गुलपोशी कर उन्हें मुबारकबाद पेश की।

खुशी का इजहार करते हुए उन्होंने कहा कि चांद रात के दिन उनका नतीजा आया और उन्होंने अपनी तालीम पूरी कर के मुस्तनद आलिम-ए-दीन का दर्जा हासिल किया है।

हाफिज हैदर अली की अगुवाई और शहर काजी की सरपरस्ती में मौलाना अनस कमर ने कुरआन मुकम्मल किया। मौलाना फैसल ने अपने बयान में कुरआन और माह-ए-रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि जो लोग हाफिज-ए-कुरआन बन जाते हैं, उनकी कद्र व मंजिलत में उल्लेखनीय वृद्धि हो जाती है। मौलाना अब्सार नदवी ने माह-ए-रमजान की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि रोजा हर मुसलमान पर फर्ज है और इस बरकत वाले महीने में इबादत का खास एहतिमाम करना चाहिए। मौलाना अनस कमर नदवी ने कुरआन की अजमत बयान करते हुए कहा कि अल्लाह तआला ने कुरआन में इरशाद फरमाया है कि कयामत के दिन रसूल-ए-अकरम अपनी कौम की कुरआन से दूरी की शिकायत करेंगे। उन्होंने हाजिरीन को तलकीन की कि वे कुरआन से अपना रिश्ता मजबूत करें और अपनी आने वाली नस्लों को कुरआन से इस तरह जोड़ें कि उनकी रोजमर्रा जिंदगी कुरआन के इर्द-गिर्द घूमे। इस मौके पर अब्दुल मुईद अंसारी ने नात पेश की। महफिल का समापन काजी शहर की दुआ पर हुआ। इस अवसर पर हाफिज मोहम्मद फिरोज खान, हाफिज मोहम्मद अकील खान, हाफिज मोहम्मद शकील खान, हाफिज शकील अहमद, मौलाना उमर आजम नदवी, हाफिज जैद, अब्दुल मुईद अंसारी, पूर्व चेयरमैन इजहार खान गुड्डू, हाजी लईक, हाफिज इकबाल रसूल, सैय्यद मिन्हाज- उल-आरफीन, सैय्यद नवाज- उल-आरफीन, अकील खान, शाहिद मियां, मेराज मियां, मुईन रजा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में मौलाना अनस कमर ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया।

# अलीगढ़ बस हादसा, परिवहन मंत्री के निर्देश पर दो अधिकारी निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह के निर्देश पर शासन ने अलीगढ़ स्कूल बस दुर्घटना मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आदेश अपर मुख्य सचिव (परिवहन) अर्चना अग्रवाल द्वारा जारी किए गए। इस प्रकरण की जानकारी देते हुए किंजल सिंह, परिवहन आयुक्त ने बताया कि 28 फरवरी 2026 को अलीगढ़ सीमा से सटे कासगंज के नगला साधु गांव में स्कूल बस संख्या न्च-81 ठज्-8873 का फर्श टूटने से एक छात्रा सड़क पर गिर गई, जिस पर बस का टायर चढ़ने से उसकी मृत्यु हो गई। उक्त बस अलीगढ़ दादो स्थित माउण्ट देवा इंटरनेशनल स्कूल में संचालित थी।

जांच में पाया गया कि वाहन का बीमा एवं परमिट की वैधता समाप्त हो चुकी थी। शासन ने चम्पालाल, तत्कालीन सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), अलीगढ़ (वर्तमान में एआरटीओ, सिद्धार्थनगर) बंदना सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), अलीगढ़ को शासकीय कार्यों में शिथिलता एवं पर्यवेक्षणीय दायित्वों के निर्वहन में कमी पाए जाने पर निलंबित किया है। संबंधित अधिकारियों से तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया था।

आगे की कार्रवाई स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु तहरीर दी गई। त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्रीय अधिकारियों को निरंतर भ्रमण के निर्देश मुख्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए। सड़क दुर्घटनाओं की त्वरित सूचना प्रणाली सक्रिय की जाये।परिवहन मंत्री ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# होली की पर्व संध्या पर जमकर हुई खरीदारी

## महिलाओं ने घरों में बनाए पकवान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**। होली की पूर्व संध्या पर बाजार पूरे दिन गुलजार रहे। दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही। अबीर गुलाल हर्बल रंग पिचकारी व मुखौटे की खूब बिक्री हुई। घरों में पकवान बनाने के लिए ड्राई फ्रूट्स, खोया, मैदा व ठंडाई की भी जमकर खरीदारी हुई। सोशल मीडिया के माध्यम से एक दूसरे को एडवांस बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। तीन मार्च को होली का दहन होगा जबकि चार मार्च को रंग खेला जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन के जरिए कस्बों व शहरों में निगरानी की जाएगी।

चार मार्च को रंगों का पर्व होली मनाया जाएगा। सोमवार को बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने अबीर, गुलाल, पिचकारी व मुखौटे ,रेडीमेड कपड़ों की जमकर खरीदारी की। होली की मस्ती व हुड़दंग के लिए युवा व बच्चे पूरे दिन खरीदारी में मगन रहे। जबकि महिलाओं घरों में होली की गुजिया व अन्य पकवान बनाने में मसरूफ रही। सिंथेटिक रंग से त्वचा को नुकसान न हो इसलिए हर्बल रंग और गुलाल भी खूब बिका। जिले में इस बार 1141 स्थानों पर होलिका दहन होगा। होली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। जनपद को जोन व सेक्टर में बाटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में पुलिस की लागतार पेट्रोलिंग रहेगी। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जाएगी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आम जन से सहयोग मांगा गया है।

## सुरक्षा के मद्देनजर सीओ ने निकाला पैदल मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**। अमरोहा। होली और रमजान के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस-प्रशासनिक अफसर अलर्ट हो गए हैं। इसी कड़ी में सीओ

नौगावां सादात अवधभान सिंह भदौरिया ने अमरोहा देहात पुलिस बल के साथ संवेदनशील स्थानों, मुख्य मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की। सीओ ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक किसी भी सूचना आगे शेयर न करें तथा तत्काल सूचना नजदीकी चौकी या फिर थाने में दें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शौकेंद्र सिंह साथ रहे।

# होली पूजन करके मांगा सुख-स्मृद्धि का आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। नगर के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने होली की परिक्रमा करके सुख-स्मृद्धि का आशीर्वाद मांगा। महिलाओं ने श्रद्धा के साथ पुष्प, फल, धूप, दीप व व्यंजनों से पूजा की और होलिका के

**■ नगर व देहात के 114 स्थानों पर रखी गई होली**

चारों ओर सूत के धागे लपेट कर परिक्रमा की।

नगर के मौहल्ला अतरपुरा स्थित चामुंडा मंदिर, गंगा प्याऊ शिव मंदिर,



फाजलपुर, बस्ती, अवंतिकानगर, स्टेशन शिवपुरी, चौपला, नाईपुरा, भानपुर, कविनगर, बुध बाजार, लक्ष्मीनगर, बसंत बिहार आदि सहित विभिन्न स्थानों समेत नगर व देहात दोनों में करीब 114 स्थानों पर होली लगाई गई है। सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं ने होली की पूजा अर्चना की। वहीं होली पूजन के चलते पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने अधीनस्थों को निर्देशित करके सुरक्षा व्यवस्था के लिए सतर्क किया। वहीं कुछ स्थानों पर देर शाम ही होली दहन की गई तो वहीं कुछ स्थानों पर मंगलवार की सुबह होली जलाने की योजना थी। इस बार मंगलवार को ग्रहण के चलते रंग (मुख्य पर्व) चार मार्च को मनाया जाएगा।

# संवेदनशील इलाकों में पुलिस रहेगी अलर्ट



■ अमरोहा। होली से पूर्व दुकान से पिचकारियां खरीदते बच्चे।

**अमरोहा**। आगामी त्योहारों पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिहाज से सीओ सिटी अभिषेक कुमार यादव ने सोमवार को पुलिस बल के साथ शहर में बाइक के अलावा पैदल गश्त करते हुए विभिन्न मोहल्लों में होलिका स्थलों का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा पूरे शहर में मूवमेंट बना रहे। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही। विशेषकर मोहल्ला छंगा दरवाजा व छेवड़ा सतर्कता बरतने के साथ पीएसी की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन से संवाद करते हुए त्योहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति के साथ मनाने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की बात कही।

# व्यापारियों ने निकाली होली मिलन यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर**। नगर में सोमवार को व्यापारिक एकता और सांस्कृतिक उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। यहाँ व्यापारी सुरक्षा फोरम 74/22 के तत्वाधान में एक भव्य श्फूलों की होली यात्राश का आयोजन किया गया। इस यात्रा के माध्यम से व्यापारियों ने न केवल होली का जश्न मनाया। बल्कि आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया। फूलों की होली यात्रा का शुभारंभ महाराणा प्रताप चौक रहरा अड्डा से फीता काटकर हुआ। ढोल-नगाड़ों और गुलाल के बीच यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई अंबेडकर पार्क पहुँचकर संपन्न हुई। पूरी यात्रा के दौरान व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा की। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी ने शिरकत की। वहीं, नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा को आगे बढ़ाया और व्यापारियों के इस सामूहिक प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, सौरभ गुप्ता, तरुण अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, कृष्ण कुमार, विवेक गौतम, रामवीर सिंह, रामचंद्र गुर्जर आदि का विशेष सहयोग रहा।

## हैप्पी हार्ट्स में मस्ती के साथ मना होली उत्सव



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। कैलसा स्थित हैप्पी हार्ट्स एन इंटरनेशनल प्रीस्कूल में होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों और शिक्षिकाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। ार्यक्रम के दौरान बच्चों ने होली से संबंधित कविताएँ सुनाईं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें सभी ने खूब सराहा। विद्यालय की समन्वयक सुश्री जूही राज ने बच्चों के साथ गुलाल की होली खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें होली का महत्व बताते हुए कहा कि यह त्योहार आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने सभी को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से होली मनाने का संदेश दिया।

# इंडो यूएस डील के विरोध में मौन व्रत करेंगे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिंह ने पीलीभीत जाते समय हाइवे स्थित एक होटल पर संगठन के कार्यकर्ताओं से भेंट की।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिह ने कहा, इंडो-यूएस डील पर कृषि आयात व ङेयरी उत्पाद आयात पर सरकार किसानों को सन्तुष्टि पूर्ण जबाब नहीं दे पा रही है।

**■ राकिमसं के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिंह ने किया संवाद**



कृषि उत्पाद व डेयरी उत्पाद के आयात पर यदि समझौता किया गया तो देश के किसान के लिए डेथ वारन्ट साबित होगा।देश में लघु और सीमान्त किसानो को अपनी जीविका चलाने के लिए दूध उत्पादन व पशु पालन से अपना गुजारा करना पड़ता है। जबकि आज किसानों को दूध की कीमत पानी से भी कम मिलती है और मंहगाई के अनुपात में किसानों की फसलों के दाम कम मिलते हैं। ऐसे में यदि अमेरिका से कृषि व डेयरी उत्पाद आयात किये गये तो देश का किसान बर्बाद हो जायेगा। आगामी 10 मार्च 2026 को देश के 250 किसान संगठनों के साथ मिलकर दिल्ली राजघाट पर तीन घंटे का मौन व्रत किया जायेगा, जिसमें विभिन्न राज्यो के विभिन्न किसान संगठनों के किसान नेता मिलकर मौनवृत करके सरकार को घेरेंगे। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चौ.उपेन्द्र सिंह, मण्डल प्रभारी राजबीर सिंह, जोगेन्द्र आर्य, लकी गौसल, अंकित चौधरी, खचेडू सिंह यादव, देवेन्द्र सिंह,कमलजीत सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साइबर सेल ने किसान को ठगने से बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर**। कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की टीम ने एक किसान को ठगी का शिकार होने से बचाकर सराहनीय कार्य किया है। साइबर ठगों ने पीड़ित को श्डिजिटल अरेस्टश के जाल में फंसाकर 8 लाख रुपये हड़पने की पूरी योजना बना ली थी। जिसे पुलिस ने समय रहते विफल कर दिया। पीड़ित तेजपाल सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी मोहम्मदपुर बंगर को अज्ञात नंबरों से कॉल कर डराया गया कि उनके आधार कार्ड से लिंक सिम के जरिए केनरा बैंक में खाता खोलकर 538 करोड़ रुपये का अवैध लेनदेन किया गया है। ठगों ने फर्जी ईडी अधिकारी, वकील और यहां तक कि एक फर्जी जज से बात कराकर पीड़ित को यकीन दिलाया कि उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में गिरफ्तारी वारंट जारी है। मामले को रफा-दफा करने के नाम पर ठगों ने 8 लाख रुपये की मांग की। घबराया हुआ पीड़ित जब एक जनसेवा केंद्र पहुंचा, तो वहां के संचालक ने उसे साइबर फ्रॉड का संदेह होने पर पुलिस के पास भेजा। हसनपुर साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के बैंक खाते और नेटबैंकिंग को तुरंत फ्रीज कराया। जिससे उनके पैसे कटने से बच गये। हसनपुर पुलिस ने आम जनता को सतर्क करते हुए कहा है कि कानून में श्डिजिटल अरेस्टश जैसा कोई प्रावधान नहीं है। किसी भी अनजान वीडियो कॉल या धमकी भरे संदेश पर विश्वास न करें और अपनी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। पीड़ित ने पुलिस की प्रशंसा की है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी,अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह, अनिल कुमार,अंकुर कुमार रहे।

# भव्य तरीके से निकेलेगी अम्बेडकर शोभायात्रा

## तैयारियों में जुटी सेवा समिति, 15 को होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा**। सोमवार को नगर के मोहल्ला सुभाष नगर में पूर्व सभासद राजेंद्र सिंह के आवास पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 मार्च को निकलने वाली बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा और 15 मार्च को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार शोभायात्रा को भव्य रूप दिया जाएगा। शोभायात्रा में तीन बैंड, दस झांकियां, तीन बग्गियां, अखाड़ा सहित अन्य आकर्षक साज-सज्जा की व्यवस्था की जाएगी, ताकि आयोजन भव्य और यादगार बन सके। बैठक की अध्यक्षता समिति के



संरक्षक नानक सिंह ने की। बैठक में अध्यक्ष प्रमोद राय, महासचिव सतीश, राकेश कुमार, गुरु चरण सिंह, बालकिशन, मिंटू निगम, संत. राम, राहुल, बबलू, अंकुश, राजेंद्र कुमार, जितेश, रानू, चंद्रपाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। बैठक में सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया और जिम्मेदारियां भी बांटी गईं।

# होली मिलन समारोह में बच्चों ने किया सामूहिक नृत्य

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। नगर के ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी। सचिव डॉ. पराग पंडित ने विद्यार्थियों से आह्वान

**■ नगर के ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में हुआ आयोजन**

किया कि वे सुरक्षित, स्वच्छ एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से होली मनाएं।

सोमवार को आयोजित होली मिलन समारोह में विद्यालय की निद.



ेशक डॉ.पूनम पंडित ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा हवन का आयोजन भी किया गया, जिससे पूरे वातावरण में पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात बच्चों ने होली गीतों पर खूब नृत्य किया और सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर अनमोल, देव, प्रशांत, लवकुश, वंशी, मुकुल, हर्षिता, पल्लवी, मन्नत, शुभ, शौर्य, अनन्या, चार्वी, अनिरुद्ध, रजनी एवं काजल, अभिषेक चौहान, अरविंद गुप्ता, वीरेश चौहान, नीरज राठी, श्वेता पाठक, रंजू सिंह, अंजली, सतेंद्र शर्मा, गरिमा, सोनम, दीपा एवं ज्योत्सना आदि मौजूद रहे।

# आपसी सौहार्द को बढ़ावा देता होली का पर्व

## नगर पालिका के होली मिलन समारोह में जमकर उड़ा गुलाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा**। नगर पालिका द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने एक दूसरे को जमकर गुलाल लगाया तथा होली की बधाई दी।

होली पर्व के अवसर पर पालिका मे होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है। हम सभी को इस त्यौहार को मिल जुलकर व सौहार्द के साथ मनाना चाहिए।



अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि हमें सभी त्यौहारों को मिलजुलकर व प्रेम की भावना के साथ मनाने चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, ब्लॉक प्रमुख श्री गुरेन्दर सिंह ढिल्लों, राम सिंह सैनी, पूरन सिंह सैनी, शुभम चौधरी, हरज्ञान सिंह प्रजापति, पुष्कर लाल गुप्ता, कपिल शर्मा, कुंवर विनीत अग्रवाल, प्रेम सिंह सैनी सभासद अंकित गुप्ता, अजय चौहान, वीर अभिमन्यु, विकास चौहान, यशपाल सैनी, राहुल कुमार, दिवेश कुमार, अंकित धारीवाल, श्री निरंजन चौधरी, डॉ. खरे, अखिल जैन, निखिल जैन सहित बड़ी संख्या मे आदि मौजूद रहे। विशिष्ट एवं आमजन उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद अमरोहा की मा. अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्री अतुल जैन, पालिका उप

# रास्ते से गाड़ी हटाने को लेकर विवाद

## बंगों ने दामाद व परिजनों को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**सैदनगली**। कस्बा उझारी के मोहल्ला मंसूरपुर में रास्ते में खड़ी गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक युवक और उसके परि. जनों को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। रविवार की शाम पीड़िता अफशाना ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 27 फरवरी की शाम उनके दामाद नसीम ने पड़ोसी समीम से रास्ते में खड़ी कार हटाने को कहा था।घ्इसी बात पर आरोपी समीम, अदनान, कैफ और आस मोहम्मद ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए पीड़िता के भतीजे इस्तकार और बेटी के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 2000 लोगों को मिलने वाला है रोजगार

**लखनऊ।** यूपी के दो हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलने वाले हैं। उत्तर प्रदेश में जल्द ही 30 कंपनियां कुल 1407 करोड़ का निवेश करने जा रही है, मत्स्य क्षेत्र में ये निवेश प्रस्ताव मिले हैं, इसे धरातल पर उतारने के लिए मत्स्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इससे वाराणसी, बाराबंकी, अमेठी समेत कई जनपदों में रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

# होली पर जन भवन में राज्यपाल से उप मुख्यमंत्री मंत्रीगण व गणमान्य नागरिकों की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**लखनऊ।** होली के पावन पर्व पर सोमवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से जन भवन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, विश्व. विद्यालयों के कुलपतियों तथा अन्य गणमान्य नागरिकों ने शिष्टाचार भेंट कर होली की शुभकामनाएं दीं।

इससे पूर्व विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) डा. सुधीर महादेव बोबडे के नेतृत्व में जन भवन में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने भी राज्यपाल से भेंट कर उन्हें रंगोत्सव की बधाई दी। राज्यपाल ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने भीतर के अवगुणों का त्याग कर समाज के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन भवन में विगत वर्षों में अनेक रचनात्मक और नवाचारपूर्ण कार्य हुए हैं तथा भविष्य में भी कई महत्वपूर्ण पहलें प्रस्तावित हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों से उन्होंने अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा एवं विकास के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। राज्यपाल ने बताया कि आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जन भवन में हाल ही में इसरो लैब की स्थापना की गई है, जिससे विद्यार्थियों को विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा। अपने हालिया गुजरात दौरे का उल्लेख करते हुए उन्होंने धोलावीरा को भारत की प्राचीन समृद्ध सभ्यता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और बनास डेयरी के माध्यम से पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन में हो रही प्रगति की सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि इन उपलब्धियों पर आधारित एक प्रेरक फिल्म बनाई जानी चाहिए, जिससे नई पीढ़ी को देश की ऐतिहासिक और आधुनिक उपलब्धियों की जानकारी मिल सके।

## एएमयू में नमाज़-ए-जनाज़ा के बाद कैंडल मार्च

**अलीगढ़**। मुस्लिम यूनिवर्सिटी परिसर में खामेनेई की स्मृति में देर शाम नमाज़-ए-जनाज़ा अदा की गई। इसके बाद छात्रों और समुदाय के लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर शोक व्यक्त किया। यह मार्च विश्वविद्यालय की जामा मस्जिद से शुरू होकर बाब-ए-सैयद गेट तक गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र, छात्राएं, महिलाएं शामिल हुईं। नमाज़-ए-जनाज़ा जामा मस्जिद में अदा की गई। आयोजन में मौजूद लोगों ने खामेनेई को एक धार्मिक मार्गदर्शक और विचारधारा के प्रतीक के रूप में याद किया। नमाज़ के बाद कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें शामिल लोग शांतिपूर्वक हाथों में मोमबत्तियां लिए आगे बढ़ते रहे।

# मिलजुल कर आ होली खेलें...

## कवि श्योनाथ सिंह प्रजापति की रचना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। होली का त्यौहार हो और उसमें काव्य की फुहार न हो तो ऐसा तो संभव नहीं। बिना काव्य की फुहार के होली की त्यौहार की रंगत फीकी पड़ जाती है। क्षेत्र के गांव महेशरा निवासी राष्ट्रपति पदक से विजेता सेवानिवृत्त शिक्षक श्योनाथ सिंह प्रजापति 'शिव' की होली से जुड़ी रचना इन दिनों खूब वायरल हो रही है, आईये पढ़कर होली की फुहार में भीगते हैं।

**' मिलजुल कर आ होली खेलें।**
**कुछ बातें अंतस में ले लें।।**

रंग मिलाएं देसी वाले, केमिकल का रंग न डालें। वे कर देता बड़े झमेले। कुछ बातें अंतस में ले लें..

पड़ा अचानक यदि नयन में, नहीं दिखे कुछ तुम्हें भवन में। अच्छा हो कोई कष्ट न पालें। कुछ बातें अंतस में ले लें...



जहां पड़े फिर नहीं छुटेगा, धुल-धुल कपड़ा भले फटेगा। अच्छा हो देसी रंग ले लें। कुछ बातें अंतस में ले लें...

केमिकल होता है घातक। रंग चमकीला किंतु बाधक।। कीचड़ में नहीं किसी को ठेलें।। कुछ बातें अंतस में ले लें..

लगा गुलाल, हरा, गुलाबी कर दे चेहरा रंग बिरंगा। बना भले चहरे पे तिरंगा। घर वाले अनजान बता दें। कुछ बातें अंतस में ले लें।।

# गौ हत्यारे की उप्र में औकात नहीं, गौ माता को खरोंच भी नहीं पहुंचा सकता: केशव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को काशी में कहा कि किसी गौ हत्यारे की इतनी औकात नहीं कि वह प्रदेश में गौ माता को खरोंच भी पहुंचा सके। राज्य सरकार ऐसे लोगों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी और उन्हें छोड़ेगी भी नहीं।

शंकराचार्य अविमुक्तेश वरानंद सरस्वती के लखनऊ जाने के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा ष्भगवान जगद्गुरु शंकराचार्य हैं। यदि वे कहीं जा रहे हैं या आ रहे हैं, तो भक्तों द्वारा उनका स्वागत करना कर्तव्य है। हम भी एक राम भक्त, एक शिव भक्त, एक कृष्ण भक्त और सनातन संस्कृति के पोषक के नाते उनका स्वागत करते हैं। शंकराचार्य द्वारा प्रदेश में गौ हत्या पूर्णतष् बंद कराए जाने के प्रश्न पर मौर्य ने कहा, ष्एक गौ भक्त और गौरक्षक के नाते हमने बहुत बड़े आंदोलन किए हैं। गौ हत्यारों और गौ तस्करों को भी अच्छी तरह मालूम है कि उत्तर प्रदेश में गाय हमारी माता है। गाय की रक्षा और सुरक्षा करना सबकी जिम्मेदारी है। गौ माता सबका पालन करती है और गौ माता के प्रति हमारी सरकार-चाहे केंद्र की हो या प्रदेश की-पूर्ण आस्था रखती है। हम मानते हैं कि गौ माता के शरीर में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास है। गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने के सवाल पर उन्होंने कहा, ष्गौ माता



तो माता है ही। दर्जा देने की क्या आवश्यकता है। बाबा विश्वनाथ जी को विश्व के नाथ का दर्जा कब दिया जाएगा। वे तो विश्वनाथ हैं ही, उनको दर्जा देने की जरूरत है क्या। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक ढोंगी व्यक्ति हैं। उन्होंने सदैव राम भक्तों, शिव भक्तों और गौ भक्तों का दमन किया, गौ तस्करों को संरक्षण दिया और हिदुओं पर अत्याचार किया।

मुस्लिम तुष्टिकरण का काम किया। ऐसे में जब अखिलेश यादव या समाजवादी पार्टी-कांग्रेस कोई बात करें, तो क्या कोई हिदू समाज का व्यक्ति उन पर विश्वास करेगा। जब भी वे ऐसी बातें करते हैं, तो समझ लीजिए कि यह महज राजनीतिक ढोंग है। मौर्य ने कहा कि 2047 तक देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार रहेगी। कमल फिर खिलेगा, सरकार बनेगी और जनता जिस सच्चे राम राज्य की कामना करती है, उसे हम देने का काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

## उप्र में एक करोड़ महिलाओं को लखपंति महिला क्लब में शामिल करने बनाने का आह्वान

**वाराणसी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में ग्यारह दिवसीय रीजनल (राष्ट्रीय स्तर) सरस मेला का भव्य समापन सोमवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में संपन्न हुआ।

इस आवासीय मेले में विभिन्न प्रदेशों तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए महिला समूहों द्वारा लगभग एक करोड़ रुपये का व्यापार किया गया। मेले में सजावटी सामग्री, खाद्य प्रसाद, पीतल की सामग्री, अचार-मुरब्बा, लेदर के सामान, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, कुर्ती, चादर, कालीन, जूट के उत्पाद, मूंज के उत्पाद आदि प्रमुख थे। मेले में समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आह्वान किया कि समूह से और अधिक महिलाओं को जोड़ा जाए। उन्होंने प्रदेश में एक करोड़ महिलाओं को लखपति महिला क्लब में शामिल करने तथा उन्हें करोड़पति महिला बनाने का आह्वान किया। आने वाले दिनों में सरस मेलों के आयोजन कराने की घोषणा की, जिससे अन्य प्रदेशों तथा जनपदों से आने वाली महिलाओं से प्रेरित होकर अन्य महिलाएं भी आगे आकर कार्य करें। उन्होंने महिलाओं के कार्यों तथा उनके उत्पादों की सराहना की।

उप मुख्यमंत्री ने स्टालों का अवलोकन किया, उत्पादों की जानकारी ली तथा आजीविका मिशन की ओर से लगाए गए फूड कोर्ट के कार्य की प्रशंसा की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वाराणसी की दो बीमा सखियों मीना देवी व प्रतिभा देवी तथा दो लखपति महिलाओं शर्मीला देवी व लक्ष्मी वर्मा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# आगरा में ऑटो चालक की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरां जिले में ऑटो चालक विजय पाल की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी विष्णु और अमित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार थाना सैंया क्षेत्र में 14 फरवरी को दोनों आरोपियों ने विजय पाल का ऑटो किराए पर लिया था। देर शाम तक विजय पाल के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

खोजबीन के दौरान इरादत नगर रोड पर ऑटो खड़ा मिला और कुछ दूरी पर नाले में उसका शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण डूबना बताया गया, हालांकि शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे। इन चोटों के आधार पर पुलिस को संदेह हुआ और मामले की गंभीरता को देखते हुए चार टीमों का गठन किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पहले स्वयं शराब पी और चालक विजय पाल को भी शराब पिलाई। नशे की हालत में दोनों ने उसके साथ कुकर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी और गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे नाले में फेंककर फरार हो गए। आरोपी उसका बैग भी साथ ले गए थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विष्णु पूर्व में भी जेल जा चुका है। दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### चंद्रग्रहण की वजह से विश्व प्रसिद्ध मां गंगा की आरती के समय में बदलाव

**वाराणसी।** तीन मार्च को वर्ष का पंहला चंद्रग्रहण लगने वाला है जिसको ध्यान में रखते हुए दशाश्वमेध घाट पर विश्व-विख्यात मां गंगा की दैनिक आरती का समय बदल दिया गया है। सामान्यतष् शाम 6:15 बजे शुरू होने वाली यह आरती अब शाम 7:30 बजे से प्रारंभ होगी, जो ग्रहण के मोक्ष काल (समापन) के बाद होगी। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने बताया कि चंद्रग्रहण के कारण काशी में मां गंगा की आरती का समय परिवर्तित किया गया है। भारतीय समयानुसार चंद्रग्रहण 3 मार्च को दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा और शाम 6 बजकर 46-47 मिनट के आसपास समाप्त होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण का सूतक काल 9 घंटे पहले से लागू हो जाता है।

# राजस्व वादों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल, न्यायालयों में जौनपुर फिर शीर्ष पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नियमित समीक्षा और सख्त मॉनीटरिंग का असर प्रदेश में राजस्व मामलों के निस्तारण पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलावार लंबित मामलों की लगातार समीक्षा की जा रही है, जिससे त्वरित और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित हो रहा है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की फरवरी माह की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में कुल 3,34,538 राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया। कुल निस्तारित मामलों में राजधानी लखनऊ 15,981 मामलों के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर रहा।

इसके बाद प्रयागराज ने 14,132 मामलों के साथ दूसरा, आजमगढ़ 9,333 मामलों के साथ तीसरे और जौनपुर 8,912 मामलों के साथ चौथे स्थान पर रहा। बाराबंकी ने 8,378 मामलों के निस्तारण के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं जनपदीय न्यायालयों में राजस्व मामलों के निस्तारण में जौनपुर ने



लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने निर्धारित मासिक मानक 250 के सापेक्ष 542 मामलों का निस्तारण किया, जो 216-80 प्रतिशत उपलब्धि है। इसी श्रेणी में बस्ती ने 381 मामलों के साथ दूसरा और प्रतापगढ़ ने 353 मामलों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिलाधिकारी न्यायालयों के स्तर पर भी जौनपुर ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। निर्धारित 30 मामलों के सापेक्ष 86 मामलों का निस्तारण कर 286-67 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। इस श्रेणी में भदोही दूसरे और बिजनौर तीसरे स्थान पर रहे।

## मत्स्य क्षेत्र में 30 कंपनियों ने 1407 करोड़ रुपये निवेश का दिया प्रस्ताव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में मत्स्य क्षेत्र तेजी से उभरता निवेश केंद्र बन रहा है। प्रदेश में 30 कंपनियों ने कुल 1407 करोड़ रुपये से अधिक निवेश का प्रस्ताव दिया है, जिससे दो हजार से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। मत्स्य विभाग ने इन प्रस्तावों को शीघ्र धरातल पर उतारने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। हाल ही में आयोजित मीन महोत्सव (27-28 फरवरी) के दौरान लगभग 1200 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। जबकि 17-18 दिसम्बर 2025 को आयोजित मत्स्य निवेश शिखर सम्मेलन में 207 करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले थे। इन पहलों के चलते उत्तर प्रदेश की कार्यप्रणाली अन्य राज्यों के लिए प्रेरक बन रही है। अधिकारियों का कहना है कि औरो सुंदरम फूड्स एंड फीड्स प्राइवेट लिमिटेड ने वाराणसी में 300 करोड़ रुपये निवेश करने की घोषणा की है। इसके अतिरिक्त प्रोबस स्मार्ट थिक्स प्राइवेट लिमिटेड, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड तथा नेक्सजेन फीड्स प्राइवेट लिमिटेड ने 200-200 करोड़ रुपये निवेश की इच्छा जताई है। वहीं दीपक नेक्सजेन फीड्स प्राइवेट लिमिटेड ने बाराबंकी में 100 करोड़ रुपये की लागत से फिश फीड प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश की नेक्सजेन फीड्स प्राइवेट लिमिटेड प्रदेश में अत्याधुनिक फिश प्रोसेसिग प्लांट स्थापित करेगी। कंपनी के निदेशक दीपक श्रीनिवास के अनुसार, 200 करोड़ रुपये की इस परियोजना से 150 से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा और प्लांट वर्ष 2028 तक तैयार हो जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्रुखाबाद में गंगा एवं रामगंगा नदियों पर स्थित पुलों के चौड़ीकरण को मंजूरी

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में गंगा एवं रामगंगा नदियों पर स्थित पुलों के चौड़ीकरण को मंजूरी मिल गई है। भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गंगा और रामगंगा के पुराने पुलों को दो लेन में चौड़ा कर पुनर्निर्मित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इन पुलों के चौड़ीकरण पर लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत आएगी। सांसद ने कहा कि करीब 60 वर्ष पुराने इन पुलों की आयु पूरी हो चुकी है और कम चौड़ाई के कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। बेवर-फर्रुखाबाद-बरेली मार्ग को फोरलेन हाईवे के रूप में विकसित किया जा रहा है, ऐसे में पुलों का चौड़ीकरण आवश्यक हो गया था। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में बताया कि फर्रुखाबाद के गंगा पांचाल घाट पर लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से स्नानार्थियों की सुविधा के लिए नए घाटों का निर्माण कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल अंतर्गत फर्रुखाबाद स्टेशन समीपवर्ती ग्राम देवरामपुर तथा कायमगंज स्टेशन के पास दो रेलवे फ्लाईओवर बनाए जाने प्रस्तावित हैं। देवरामपुर-नगला खैरबंद के बीच रेलवे फ्लाईओवर का निर्माण लगभग 106 करोड़ रुपये की लागत से राज्य सरकार द्वारा शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा, जबकि कायमगंज का फ्लाईओवर बाद में शुरू होगा। सांसद मुकेश राजपूत ने अपने ऊपर आय में 12 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि पिछले 30 वर्षों में उनकी व्यक्तिगत आय में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि आय की बात करनी है तो अन्य नेताओं की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सड़कों का चौड़ीकरण, फ्लाईओवर निर्माण तथा विद्युत व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चंद राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता और सांसद प्रतिनिधि अनूप मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रवासी परिवारों को आयुष्मान योजना से जोड़ने का अभियान तेज

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में होली और रमजान के अवसर पर गांव लौटे प्रवासी परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। जिन परिवारों में अब तक एक भी सदस्य का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, उन्हें चिन्हित कर 15 दिन के भीतर कम से कम एक सदस्य का कार्ड बनवाने का लक्ष्य तय किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय कुमार ने बताया कि जनपद में अब तक 91 प्रतिशत परिवारों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। शेष 38 हजार परिवारों की अलग सूची तैयार कर सभी ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षकों, खंड विकास अधिकारियों एवं एडीओ पंचायत को उपलब्ध करा दी गई है। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, एएनएम, सीएचओ, पंचायत सहायकों और कोटेदारों को भी सूची सौंपी गई है, ताकि घर-घर संपर्क कर पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनवाए जा सकें। उन्होंने बताया कि कई मामलों में मृतक अथवा विवाहित पुत्री का नाम सूची में दर्ज होने जैसी विसंगतियों के कारण लक्ष्य प्राप्ति में कठिनाई आ रही है। ऐसे मामलों का खाद्य एवं पूर्ति विभाग के साथ समन्वय कर निराकरण कराया जा रहा है। 90 दिन के विशेष अभियान के उपरांत संशोधित सूची शासन स्तर पर भेजी जाएगी, जिससे अपात्र नाम हटाकर पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जा सके। सीएमओ के अनुसार जनपद में अब तक लगभग 10.17 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। शेष पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है और इसकी नियमित निगरानी की जा रही है। हाल ही में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान गांव आए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने में पंचायत सहायक सक्रिय भूमिका निभाएं। पंचायत स्तर पर विशेष सहयोग से शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपदवासियों से अपील की है कि होली और रमजान के अवसर पर घर लौटे परिवार अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर अथवा पंचायत भवन पर संपर्क कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड गंभीर बीमारी की स्थिति में पांच लाख रुपये तक के निष्शुल्क उपचार का सुरक्षा कवच है, इसलिए कोई भी पात्र परिवार इससे वंचित न रहे।

### 26 अप्रैल तक जनपद में डीएम ने लागू की निषेधाज्ञा त्योहारों व परीक्षाओं को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

**मुरादाबाद।** आगामी पर्वों और विभिन्न बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाया है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा सं. हता-2023 की धारा 163 के तहत पूरे जनपद में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश 26 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगा।प्रशासन के अनुसार मार्च और अप्रैल माह में होली, रमजान, ईद, रामनवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती जैसे प्रमुख पर्व मनाए जाएंगे। इन अवसरों पर बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, जिससे कानून-व्यवस्था की चुनौतियां बढ़ जाती हैं। इसके साथ ही विभिन्न बोर्ड परीक्षाएं और प्रतियोगी परीक्षाएं भी चल रही हैं, जिन्हें शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।जारी आदेश के तहत बिना अनुमति जुलूस निकालना, धरना-प्रदर्शन करना, हथियारों का प्रदर्शन, भड़काऊ भाषण देना, अफवाह फैलाना या किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया पर भ्रामक या उकसाऊ सामग्री प्रसारित करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।जिलाधिकारी ने कहा कि यह कदम जनसुरक्षा, लोक व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि सभी लोग त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें।पुलिस और संबंधित विभागों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। संवे. दनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें, ताकि सभी पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें।

# सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन मानदेय न मिलने को लेकर जताई नाराजगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय की संपूर्ण साफ सफाई की जिम्मेदारी जिन संविदा कर्मचारियों के कंधों पर है उन्हें होली के खास मौके पर भी मानदेय का भुगतान नहीं किया गया। कई बार से मिलते आ रहे अ्वासनों के बावजूद समस्या का समय रहते निस्तारण न किये जाने से नाराज कर्मियों ने चिकित्सालय परिसर में एकजुट होकर प्रदेश सरकार और चिकित्सा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में शामिल संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने कहा



कि प्रदेश सरकार केवल हवा हवाई घोषणा करना जानती है। कर्मचारियों के हित से उसका कोई खास लेना देना नहीं है। इसी का परिणाम है कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी 28 फरवरी तक संविदा ही नही वेतनभोगी राज्य कर्मचारियों के वेतन और पेशन का भुगतान नहीं हो पाया। इसके चलते अधिकांश कर्मचारियों को होली भूखेपेट रहकर मनाने को बाध्य होना पडा है। प्रदर्शनकारियों ने मानदेय भुगतान के आदेश को लंबे समय से ठेंगा दिखाते आ रही राजधानी कंपनी के खिलाफ कठोर विधिक कार्यवाही किये जाने की मांग की। साथ ही चेताया कि यदि समय रहते कंपनी के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया गया तो आर्थिक तंगी से परेशान कर्मियों को बाध्य होकर अनिश्चित कालीन हडताल पर जाने को बाध्य होगा। इसके चलते चिकित्सालय परिसर और वार्डों में होने समस्याओं के लिए कंपनी जिम्मेदार होगी।

# होली व रमजान को लेकर पुख्ता सुरक्षा बंदोबस्त

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में होली और रमजान को लेकर प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने शासन के निर्देशों के क्रम में रंगभरी होली और रमजान माह की नमाज को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरे जिले को 7 सुपरजोन, 28 जोन और 161 सेक्टर में विभाजित किया है।

सभी प्रभारी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत भ्रमणशील रहें और जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, स्थानीय नागरिकों से संवाद बनाए रखने तथा किसी भी संभावित विवाद की स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। शांति व्यवस्था बनाए रखने में नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

# भाजपा कार्यकर्ता बूथों पर जाकर मतदाताओं को दें होली की शुभकामनाएं: धर्मपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) काशी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 16 जिलों के जिला प्रभारियों, बीएलए-1 वाराणसी जिला एवं महानगर के सभी मंडल अध्यक्षों के साथ रविवार शाम सर्किट हाउस में प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने अलग-अलग बैठकों में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने जनसेवा के मार्ग में आने वाली चुनौतियों के समाधान, कार्यशैली में नवाचार तथा संगठन को अधिक प्रभावी, गतिशील एवं जनकेंद्रित बनाने पर विस्तार से चर्चा की। श्री सिंह ने



मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि दो दिन बाद होली का पावन पर्व है। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदाताओं से मिलें, उन्हें होली की शुभकामनाएं दें तथा यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम एसआईआर के दौरान अनमैप न हुआ हो।

उन्होंने निर्देश दिया कि यदि किसी मतदाता को नोटिस प्राप्त हुई हो तो उसका कारण जानें तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित प्रपत्र बीएलओ के पास जमा कराएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन युवाओं की आयु एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनसे फार्म-6 भरवाकर बीएलओ के पास जमा कराया जाए, ताकि वे मतदाता सूची में शामिल हो सकें। श्री सिंह ने कहा कि होली के पश्चात पं- दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत मंडल स्तर की कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक मंडल की कार्यशाला अलग-अलग होगी, जिसके बाद जिला, क्षेत्र एवं प्रदेश स्तर की कार्यशालाएं संपन्न होंगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं है,

बल्कि यह कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। इससे संगठन की कार्यप( ति में एकरूपता आएगी तथा सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना और अधिक प्रखर होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह महाअभियान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक संगठित, सक्रिय एवं प्रभावी बनाएगा। बैठक की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि का स्वागत भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने किया। बैठक का संचालन महामंत्री अशोक चौरसिया ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने किया।

# राष्ट्रीय लोक सेवार्थ संगठन प्रयागराज ने होली मिलन समारोह आयोजित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** संगठन द्वारा होली मिलन का भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्साहित माहौल में कार्यकारिणी एवं सदस्यों द्वारा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं मिठाइयां खिलाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी।

संगठन संयोजक ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा होली को एकता का पर्व बताया। अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव साकेत, महामंत्री अजय नाथ अग्निहोत्री ने कहा, होली उत्सव दिलो को जोड़ता है।

श्री प्रकाश, अजय मिश्रा, रजनीकांत विद्यार्थी, कुलदीप



कुमार, पंकज मालवीय, राजेश श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव ने कहा, होली आपसी वैमनस्यता को दूर करने का पर्व है। श्री अनिल दास द्वारा होली का गीत प्रस्तुत किया गया जिससे माहौल होलीमय हो गया। प्रदीप गुप्ता, राजीव मिश्रा, ललित श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, अनूप कुमार टंडन सगीर अहमद द्वारा सबको होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विपिन यादव, सुजीत चंद्रा, आत्म प्रकाश सिंह, चंद्रशेखर, सुबोध, ज्ञानचंद्र, अर्जुन पाठक, विरेंद्र दयाल, संतराम वर्मा, सुधीर शर्मा आदि उपस्थित रहे। होली मिलन समारोह में ही ओम प्रकाश गुप्ता को सिविल ऑडिट एसोसिएशन प्रयागराज द्वारा ?ूल माला एवं सेवा निवृति सम्मान पत्र प्रमोद कुमार मिश्रा महामंत्री, अमित सिंह सचिव मनोरंजन क्लब, निरंजन राय, अजय राय प्रदान किया गया। ललित श्रीवास्तव द्वारा सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

# आओ हाथ बढ़ाएं चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रंगोत्सव एवं सम्मान समारोह

**मुरादाबाद।** महानगर में चौरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली के उपलक्ष्य में रंगोत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन खुशहालपुर स्थित राधिका फार्म हाउस में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक त्योहार की खुशियां पहुंचाना तथा समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं का सम्मान करना रहा।

इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से 50 जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को होली सामग्री के विशेष पैकेट वितरित किए गए, ताकि वह भी रंगों के इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में फिटनेस ट्रेनर अपूर्वा शर्मा, ज्योत्सना मुंजाल, नीलम कोठीवाल, डॉ. रीता खन्ना, बुद्धि विहार की पार्षद कविता गुप्ता, किन्नर समाज से रूबी ठाकुर तथा मेहंदी आर्टिस्ट गीता सक्सेना शामिल रहीं।

# चोरी करने वाले पांच बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** एनसीआर क्षेत्र में रेकी कर दिन व रात में बंद रहने वाले घरों में चोरी करने वाले एक गिरोह के पांच शातिर बदमाशों को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लाखों रुपए कीमत के जेव. रात और अन्य कीमती चोरी का सामान, एक सेंट्रो कार व अवैध शस्त्र बरामद किया है।

थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि एक सूचना के आधार पर घरों में चोरी करने वाले एक गिरोह के पांच अभियुक्त जुबैर पुत्र इंद्रीश, मोहम्मद हजरत अली पुत्र मौ. शहादत, मसील उर्फ छेदी पुत्र नसीबुल, अक्षांश पुत्र अशोक कुमार सोनी तथा रवि कुमार वर्मा पुत्र संतोष शाह वर्मा को ग्राम सोरखा से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह है। यह




शातिर किस्म के बदमाश है। अभियुक्त घरों की रेकी करने के बाद ताला तोडकर घरों में रखे नकदी, ज्वैलरी व अन्य कीमती सामान को चोरी करने की घटना को अंजाम देते हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे व निशानदेही पर 3 जोडी पाजैब सफेद धातु, 6 बड़े कड़े सफेद धातु, 8 छोटे कड़े सफेद धातु , 4 बिछुआ सफेद धातु , एक अगूँठी पीली धातु ,एक मेल्ट डली पीली धातु, 7000 रुपये नकद, दो अवैध चाकू, एक कटर, छैनी, पेंचकस व हथौड़ी, एक मटर माला सफेद धातु मय पैडंल, दो हार सफेद धातु, दो हार पीली धातु, एक मटरमाला पीली धातु , एक हार पीली धातु मय सफेद मोती की माला, दो चौन पीली धातु 5 जोडी ईयर रिंग्स पीली धातु, एक जोडी झुमकी पीली धातु एक जोडी झाले पीली धातु, एक अगूंठी पीली धातु, एक जोडी पाजेब सफेद धातु, एक हथफूल सफेद मोती, छः सिक्के सफेद धातु, एक टीका पीली व एक सेट्रो कार बरामद किया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त जुबेर इस गिरोह का सरगना है। इसके खिलाफ थानों में विभिन्न आपराधिक मामलों में 5 मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के अन्य आपराधिक मामलों की जानकारी की जा रही है।

# सेक्टर और सोसाइटी में होलिका दहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के कई सेक्टर और सोसाइटी में शनिवार को होलिका दहन किया गया। इको विलेज वन और गौर सिटी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सभी लोग होली के गानों पर नृत्य किया। ग्रेटर नोएडा के अल्फा, गामा, बीटा, डेल्टा, ईटा, पी-3, पी-4, चाई फाई, जीटा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी, गौर सौंदर्यम सुपरटेक इको विलेज सहित अन्य सोसाइटी में रात्रि में होलिका दहन किया गया। इस दौरान लोगों ने गेंहू, जौ, चना होली दहन की अग्नि में डालकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी सोमवार को बाजारों में रंग, पिचकारी, कपड़ों की दुकानों पर लोगों की काफी भीड़ रही।

जगतफार्म, रामपुर, बिलासपुर, दादरी, जेवर, रबूपुरा, श्यामनगर मंडी, तुगलपुर आदि दुकानों पर होली रंग, पिचकारी, गुलाल की मांग अधिक है। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकान को सजा रखा है। योगी और मोदी के पिचकारी बाजारों में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जिनकी मांग बच्चे सबसे ज्यादा अधिक कर रहे हैं।

## कार की टक्कर से प्रोफेसर की मौत

**नोएडा।** सेक्टर बीटा-1 के सामने एक कार चालक ने प्रोफेसर को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल प्रोफेसर को आसपास के लोगों ने तुरंत कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। बीटा-2 कोतवाली पुलिस परिजन की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। अनिल कुमार धर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जीजा राजेश भट्ट आईईसी कॉलेज में प्रोफेसर थे। 28 फरवरी को वह कॉलेज से पैदल घर जा रहे थे। कॉलेज से कुछ दूरी पर स्थित बीटा-1 गेट के पास एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल जीजा को आसपास के लोगों ने तुरंत कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# पुलिस ने खोए हुए 111 मोबाइल तलाशकर पीड़ितों को सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कोतवाली फेज दो पुलिस ने सर्विलांस की मदद से लोगों के गुम हुए 111 मोबाइल फोन ढूंढ लिए। होली के पहले सोमवार को पीड़ितों को मोबाइल सौंपकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाई गई। गुम हुए मोबाइल पाकर पीड़ितों के चेहरे खिल उठे और सभी ने पुलिस को धन्यवाद कहा। मिशन सहयोग के तहत मोबाइल की बरामदगी की गई है। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गुमशुदा मोबाइल पर काम किया जा रहा था। भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, ऑटो, बसों, मेट्रो आदि से गुम होने वाले मोबाइल फोन की थानों पर आने वाली सूचनाओं को एकत्र किया गया।

इसके बाद पुलिस की टीम ने उन मोबाइल को सर्विलांस व अन्य माध्यमों से पता करना शुरू किया। इसके बाद गुम हुए मोबाइल का इस्तेमाल करने वाले लोगों से पुलिस ने संपर्क किया और बताया कि आप दूसरे का मोबाइल इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके बाद करीब 111 ऐसे



मोबाइल को पुलिस ने ढूंढ लिया। इनमें बड़ी संख्या में मोबाइल ऐसे लोगों के पास थे जिन्हें राह चलते मोबाइल फोन मिल गया था और उन्होंने सस्ते दाम पर बेच दिए थे। डीसीपी ने बताया कि 111 मोबाइल फोन बरामद कराने में फेज टू पुलिस की टीम ने बेहतरीन काम किया है। जुलाई महीने में 100 और इससे पहले भी 57 मोबाइल एक साथ पीडिघ्तों को वापस दिलाया गया था। ईएमआई पर फोन लेने वालों को दोहरी खुशी जिन लोगों के मोबाइल पुलिस ने ढूंढे हैं। इनमें कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने ईएमआई पर मोबाइल खरीदे थे लेकिन उनका मोबाइल गुम हो गया था। ऐसे लोग मोबाइल का इस्तेमाल भी नहीं कर रहे थे और ईएमआई भी दे रहे थे। ईएमआई पर मोबाइल खरीदने वाले लोगों को मोबाइल मिलने पर दोहरी खुशी मिली। मोबाइल पाने वाले लोगों को विश्वास नहीं हो रहा है कि उनका मोबाइल मिल गया है। इस तरह के मोबाइल पुलिस को मिले पुलिस को मिले अधिकतर मोबाइल ऐसे हैं जो भीड़भाड़ वाले बाजारों,सब्जी व फलों की मंडियों व साप्ताहिक बाजारों में सामान खरीदते समय, बैठने, झुकने व धक्का मुक्की में गिर गए थे। कुछ मोबाइल ऐसे भी हैं जो लोगों के यात्रा के दौरान ऑटो, टैक्सियों, बसों व मेट्रो ट्रेनों में छूट गए थे। वहीं बाइक चलाते समय ब्रेकर आने पर जेब से निकल कर गिरने वाले मोबाइल भी शामिल हैं। लोगों की प्रतिक्रिया बीते साल जब मैं गेझा में खरीदारी करने गई थी,उसी दौरान मोबाइल गुम हो गया। पति ने शादी के बाद मोबाइल दिलाया था। ऐसे में मोबाइल से भावात्मक लगाव भी था।

## एक नजर

### उम्मीद से आसान आए पेपर ने दिलाई खुशी, बच्चों ने जमकर खेली होली

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सोमवार को हुई सीबीएसई 10वीं की हिंदी की परीक्षा में पेपर उम्मीद से आसान आया तो विद्यार्थियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पेपर देकर बाहर निकले विद्यार्थियों ने इस खुशी में जमकर होली खेली। माहौल में एक अलग ही हलचल थी। बच्चों का कहना था पेपर अच्छा हो गया तो अब होली भी खुलकर मनाएंगे।
उन्होंने कहा कि इस बार हिंदी का पेपर उम्मीद से आसान आया था। जैसा शिक्षकों ने मार्गदर्शन दिया था। बीते पांच सालों के पेपर्स से जो तैयारी कराई थी, पेपर उसी पैटर्न पर था। लीना की बातों में पूरा आत्मविश्वास झलक रहा था। वहीं, जानवी यादव ने बताया कि उनका पेपर टाइम से 15 मिनट पूरा ही हो गया था। उम्मीद है 90 प्रतिशत से ऊपर नंबर मिलेंगे।

### युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख कोतवाली क्षेत्र के रोज टाबर गार्डन सिटी-1 में सहमति संबंध में रहने वाली युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजन ने युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। मृतका की बहन ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि उनकी बहन ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया है। आरोपी युवक द्वारा बहन को आत्महत्या के लिए उकसाया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की बात सामने आई है। इस कारण आरा. ेपी युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।
महिला की बहन ने अपनी तहरीर में बताया कि 28 फरवरी को उन्हें राहुल बैंसला नामक व्यक्ति ने सूचना दी कि उनकी बहन ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब वे घटनास्थल पर पहुंचीं, तो उनकी बहन जमीन पर पड़ी हुई थीं। शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि आरोपी युवक की ही इस घटना में संलिप्तता है। उसका मृतका से वर्ष 2020-21 से संबंध था। उसने महिला को विवाह का झांसा देकर धोखा दिया था। 12 दिसंबर 2025 को आरोपी की बुआ एवं बहन ने शिकायकर्ता के दिल्ली स्थित घर पर आए और धमकाने का प्रयास किया था। महिला ने कहा कि उनकी बहन स्वभाव से अत्यंत खुशमिजाज और जीवन के प्रति उत्साही थीं। वह आत्महत्या जैसा कदम कभी नहीं उठा सकती थीं। शिकायत में पुलिस से अनुरोध किया गया है कि घटनास्थल का वैज्ञानिक ढंग से जांच कराई जाए। सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सुरक्षित किया जाए। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। वहीं कोतवाली प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सिलेंडर में आग लगने से मामा-भांजे झुलसे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नया गांव में सोमवार सुबह भोजन पकाते समय एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई। हादसे में मामा-भांजे झुलस गए। सिलेंडर फटने की सूचना पर पुलिस और दमकलकर्मी पहुंचे। उनके पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि मूलरूप से बिहार के रहने वाले रिंकू अपने भांजे बंटू के साथ सेक्टर-87 स्थित नया गांव की गली नंबर-चार में किराये के कमरे में रहते हैं। दोनों मेहनत मजदूरी करते हैं। वे किराये के कमरे में ही चार किलो गैस वाले सिलेंडर पर खाना बनाते हैं। सोमवार सुबह करीब 10 बजे रिंकू गैस के चूल्हे पर खाना पका रहे थे, तभी अचानक सिलेंडर के पाइप से गैस लीक हुई और आग लग गई। चूल्हे के पास बैठे रिंकू आग की चपेट में आ गए। कमरे में घूम रहे बंटू ने मामा रिंकू को बचाने का प्रयास किया तो मामूली रूप से वह भी झुलस गया। देखते ही देखते भवन में रह रहे अन्य लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। साथ ही आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों के मुताबिक, सूचना सिलेंडर फटने की मिली थी, लेकिन सिलेंडर फटा नहीं था। गैस लीकेज के चलते आग लगी थी। हादसे में घायल रिंकू का अस्पताल में उपचार चल रहा है, जबकि भांजे बंटू को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से महिला समेत चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने अज्ञात चालक के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया है। सभी घायलों का अलग-अलग अस्पताल में उपचार चल रहा है और उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। पुलिस को दी शिकायत में अट्टा गांव निवासी हरिओम ने बताया कि वह परिवार के साथ किराये के मकान में रहते हैं। रविवार रात हरिओम अपने बड़े भाई पप्पू, भांजे विकास और पत्नी रीना समेत अन्य परिजनों के साथ कार से कहीं जा रहे थे।

जैसे ही उनकी गाड़ी सैमलपुर रोड पर पहुंची, पीछे से आ रही हरियाणा नंबर की काले रंग की स्कॉर्पियो कार ने उनके वाहन में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि स्कॉर्पियो चालक तेज गति से वाहन चला रहा था और उसने लापरवाही बरती, जिससे हादसा हुआ। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। हादसे के बाद घटनास्थल पर भीड़ जमा होने से थोड़ी देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

## ईरान-इराक में फंसे लोगों की जानकारी देने के लिए नंबर जारी

**नोएडा।** ईरान में जारी जंग के बीच जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की। वर्तमान युद्ध की परिस्थिति को देखते हुए जिले के उन नागरिकों का विवरण जिला प्रशासन को उपलब्ध कराना आवश्यक है, जो वहां निवासरत, कार्यरत, यात्रा पर गए हुए या फिर फंसे हैं। हाल ही में वहां से भारत लौटे हैं। इसका उद्देश्य प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा, संपर्क एवं सहायता प्रदान करना है। कोई भी व्यक्ति ऐसे लोगों की जानकारी जिला आपातकालीन कंट्रोल रूम गौतमबुद्ध नगर 0120-2978231, 0120-2978232 और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के मोबाइल नंबर 9870944876 और जिला आपदा विशेषज्ञ के मोबाइल नंबर 8145563077 पर दे सकता है।

# अक्टूबर तक तैयार होगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का यमुना पर पुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फरीदाबाद से नोएडा अंत. रराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का काम करीब 65 प्रतिशत पूरा हो गया है। नवंबर से जनवरी के बीच कई बार दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के चलते ग्रैप लगने से काम धीमा हुआ था। इसका निर्माण करने वाले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का कहना है कि यमुना नदी पर बनने वाला पुल अब अक्टूबर-2026 में बनकर पूरा होगा। पहले इसके बनने की समयसीमा जून-2026 थी। एक्सप्रेस-वे जून 2027 तक पूरा होने का अनुमान है।

आगामी समय में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से देशभर के लिए कॉमर्शियल उड़ानें शुरू होनी हैं। फरीदाबाद के सेक्टर-65 इंटरचेंज से एक्सप्रेस-वे जुड़ेगा। यहां से नोएडा हवाई अड्डा की दूरी केवल 20 मिनट की होगी। हवाई अड्डे के एंट्री प्वाइंट 31.40 किलोमीटर से 22 किलोमीटर प्वाइंट तक एक्सप्रेस वे बनकर तैयार हो गया है। फरीदाबाद में तीन किलोमीटर प्वाइंट और नोएडा में 26 किलोमीटर तीन पर टोल प्लाजा बनाया गया है। यमुना पर पुल भी 83 फीसदी पूरा हो गया है।

**यमुना एक्सप्रेस-वे से जुड़ा हवाई अड्डा:** पहले चरण में नोएडा अंत. रराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यमुना एक्सप्रेसवे जोड़ा जा चुका है। एक्सप्रेसवे के पास एक रोटरी बनाकर इसे जोड़ा गया था। काम पूरा होने पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जुलाई 2025 में यहां पौधरोपण किया था।

**गुरुग्राम, दिल्ली समेत गुजरात, मुंबई के लिए वाहन जा सकेंगे:** एनएचएआई की भारतमाला परियोजना के अंतर्गत ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे फरीदाबाद के सेक्टर-65 में डीएनडी-फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाईपास केएमपी लिंक एक्सप्रेस-वे और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे को भी संबद्ध करेगा। यहां से गुरुग्राम, दिल्ली समेत गुजरात, मुंबई के लिए वाहन जा सकेंगे।

**आठ किलोमीटर लंबा एलिवेटेड बनेगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे:** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे कुल 31.4 किलोमीटर लंबा और छह लेन का बन रहा है। इसमें करीब 24.1 किलोमीटर हरियाणा क्षेत्र में बनेगा। वहीं, 7.3 किलोमीटर क्षेत्र गौतमबुद्ध नगर में बनाया जाना है। फरीदाबाद के मोहना गांव से यह एक्सप्रेस-वे 8 किलोमीटर तक एलिवेटेड बनेगा।

# होली पर नोएडा जिला अस्पताल में आपातकालीन तैयारी

- 15 बेड आरक्षित और ऑनलाइन परामर्श की सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अपर मुख्य सचिव की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद स्वास्थ्य विभाग होली पर किसी भी आपदा या घटना से निपटने के लिए तैयार हो गया है। जिला अस्पताल के इमरज. ेसी वार्ड में मरीजों के लिए 15 बेड आरक्षित किए हैं। आइसीयू वार्ड में 24 घंटे तक निगरानी के लिए नौ विशेषज्ञ की डयूटी लगाई है। वहीं नेत्र, आर्थो, सर्जरी, चर्म रोग व ईएनटी विभाग के विशेषज्ञों से ऑनलाइन परामर्श भी ले पाएंगे।

कार्यवाहक सीएमएस डॉ. अजय राणा ने बताया कि इमरजेंसी और आइसीयू वार्ड में सुबह आठ बजे से रात 12 बजे तक विभिन्न शिफ्ट में चिकित्सकों की डयूटी



रहेगी। इमरजेंसी वार्ड में दस बेड आरक्षित जबकि पांच बेड की ओर व्यवस्था की है। स्टाफ को होली के दिन आने वाले घायल व अन्य मरीजों का रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश दिए हैं। होली के दिन लोगों को अस्पताल आने में किसी तरह की परेशानी है तो वह 9266415010 हेल्पलाइन नंबर पर विशेषज्ञों से सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक ऑनलाइन परामर्श ले सकेंगे। इसमें नेत्र एवं त्वचा रोग विभागों में होली पर्व पर मरीजों के आने से पहले पर्याप्त औषधियों की उपलब्ध करा दिया है।

इस बीच विशेषज्ञ चिकित्साधिकारी तय समय पर डयूटी और ऑन कॉल उपस्थित रहेंगे। कार्यवाहक सीएमएस ने डॉक्टर व स्टाफ को हिदायत दी है कि होली पर्व में कोई भी फोन बंद नहीं करेगा। उन्हें आकस्मिक आवश्यकता पड़ने पर अस्पताल बुलाया जा सकता है।

**चाइल्ड पीजीआई में भी अलर्ट रहेंगे चिकित्सक:** चाइल्ड पीजीआई के निदेशक प्रो. (डा) अरूण कुमार सिंह ने बताया कि होली के मद्देनजर चिकित्सक और स्टाफ को अलर्ट किया है। इमरजेंसी वार्ड के अलावा संस्थान में दस बेड आरक्षित किए हैं। अस्थमा रोग नियंत्रण और पीडियाट्रिक विभाग को विशेष रूप से तैयार किया है। उन्होंने सांस की बीमारी वाले बच्चों को सावधान होकर होली खेलने की अपील की है। वहीं, ईएसआइसी में भी होली पर आपात स्थिति के लिए 15 बेड आरक्षित किए हैं। इमरजेंसी स्टाफ व चिकित्सकों को अलर्ट मोड पर रखा है।

## साइबर ठगी का कॉल सेंटर चलाने वाले आरोपियों की जमानत खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-10 स्थित एक अवैध कॉल सेंटर के जरिए लैप्स बीमा पॉलिसियों का पैसा वापस दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने के आरोपी मदन गुप्ता, वरुण गुप्ता, प्रदीप वर्मा की जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी। मामला थाना फेज-1 नोएडा क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार 29 जनवरी 2026 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सेक्टर-10 की बिल्डिंग डी-226 में कुछ लोग फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारकर तीन लोगों को मौके से पकड़ा। पुलिस के मुताबिक आरोपी खुद को बीमा कंपनियों का प्रतिनिधि बताकर उन लोगों को कॉल करते थे। जिनकी बीमा पॉलिसी लैप्स हो चुकी थी। उन्हें पॉलिसी का जमा पैसा वापस दिलाने का झांसा देकर विभिन्न बैंक खातों और यूपीआई माध्यम से धनरा. शि मंगाई जाती थी। कार्रवाई के दौरान कई मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, प्रिंटेड कॉलिंग डाटा शीट, सिम कार्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए।

जांच में मोबाइल फोन से व्हाट्सएप चौट, बैंक खातों में ट्रांजेक्शन का विवरण और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के नाम से तैयार कथित फर्जी दस्तावेज भी मिले। अभियोजन का दावा है कि विभिन्न व्यक्तियों से लाखों रुपये की ठगी की गई है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया उपलब्ध साक्ष्यों से संगठित ऑनलाइन धोखाधड़ी, कूटरचना और आईटी एक्ट के तहत अपराध का मामला बनता है। आरोपों की गंभीर प्रकृति को देखते हुए जमानत देना न्यायहित में उचित नहीं है।

## सर्विस रोड पर मिला युवती का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र में सोमवार को महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, सर्विस रोड पर राहगीरों ने एक युवती का शव पड़ा देखा। सुबह करीब 8 बजे स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एक्सप्रेसवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान 23 साल कविता के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कहीं और की गई और बाद में शव को गाड़ी से लाकर सर्विस रोड पर फेंक दिया गया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की है और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, जिसने साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल हत्या की आशंका को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने चार अलग-अलग टीमें गठित की हैं।

इन टीमों को गाड़ी और आरो. पियों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी दी गई है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और मृतका के परिजनों से भी संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## तेज रफ्तार कार नाले में गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खुले नाले में जा गिरी। यह घटना बिसरख थाना क्षेत्र में गैलेक्सी गोल चक्कर से हनुमान मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर सर्वोत्तम स्कूल के पास हुई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और कार चालक सुरक्षित बाहर निकल आया।

जानकारी के अनुसार, स्विफ्ट कार चालक सुशील त्यागी रविवार रात गैलेक्सी गोल चक्कर से हनुमान मंदिर की ओर जा रहे थे। सर्वोत्तम स्कूल के पास उनकी तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने खुले नाले में गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल पुलिस और फायर विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। फायर कर्मियों ने सीढ़ियों की मदद से लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद क्रेन की सहायता से कार को भी नाले से बाहर निकाला गया। चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला लापरवाही से वाहन चलाने का प्रतीत होता है। आशंका है कि चालक नशे की हालत में था और मोड़ लेने के बजाय सीधे उस जगह चला गया, जहां सड़क नाले के पास खत्म हो रही थी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर न तो कोई बैरिकेडिंग थी और न ही कोई रिफ्लेक्टर लगा था, जिससे रात में दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने पुष्टि की कि समय रहते बचाव कार्य पूरा कर लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नौ हजार करोड़ हो सकता है नोएडा का बजट

### 2200 करोड़ प्रोजेक्ट के लिए ग्राम विकास और जल राजस्व में बढ़ोतरी, रिव्यू बैठक में प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण का 2026-27 का बजट करीब 9000 करोड़ के आसपास का होगा। इसमें सिविल कंस्ट्रक्शन यानी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 2200 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। ग्रामीण विकास के लिए 250 करोड़ और मैनटेनेंस पर करीब 2400 करोड़ खर्च करने का अनुमान है। इसके अलावा न्यू नोएडा के मुआवजा रेट को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इसको लेकर सभी विभागों से बजट का ब्यौरा मांगा गया है।

इस बार कामर्शियल , इंस्टीट्यूशनल, आईटी सेक्टर की स्कीम को लॉच किया गया है। जिससे प्राधिकरण को बड़ा राजस्व मिलने की उम्मीद है। न्यू नोएडा की मुआवजा दर लगभग तय हो चुकी है। शासन से




अंतिम मंजूरी मिलते ही अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उम्मीद है एक बजट का बड़ा हिस्सा उसमें भी शामिल किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण इस बार ग्रामीण विकास के लिए करीब 250 करोड़ का बजट हो सकता है। ये बजट नोएडा के परिसीमन में आने वाले 81 गांवों के विकास से संबंधित होगा। जिसमें नालियों से लेकर सड़क, पानी, पार्क और अन्य विकास शामिल है। विगत वित्तीय वर्ष में ये बजट 224 करोड़ का था।

**2200 करोड़ में सिविल इतना ही अनुरक्षण:** वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 2400 करोड़ रुपए का बजट सिविल प्रोजेक्ट का था। इससे पहले 2024-25 में करीब 1200 करोड़ रुपए आरक्षित किए गए थे। ऐसे में इस बार 2200 करोड़ के आसपास बजट का अनुमान है। ताकि नई परियोजनाओं और रुकी हुई परियोजनाओं पर काम तेजी से किया जा सके। साथ ही इतना ही बजट अनुरक्षण कार्यो को मिल सकता है। क्योंकि नोएडा में मैनटेनेंस वर्क अब ज्यादा है।

**जल विभाग:** जल विभाग में इस बार राजस्व का लक्ष्य कम किया जा सकता है। ये लक्ष्य पिछले दो वित्तीय वर्ष के अनुसार दिए गए लक्ष्य और प्राप्तियों को देखकर ही दिया जाएगा। यानी 2023-24 में 120 करोड़ राजस्व का लक्ष्य दिया गया था। जिसके सापेक्ष करीब 153 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया गया। वहीं 2024-25 में करीब 150 करोड़ का लक्ष्य दिया था। इस बार जल राजस्व का लक्ष्य बढ़ेगा।

# मासूम को नोंच के खा गए आवारा कुत्ते

■ अकेला पाकर मासूम को जंगल में नोंच कर मार डाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही क्षेत्र के सुकली गांव में आवारा कुत्तों के हमले में चार वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, सुकली गांव निवासी खुर्शीद का चार वर्षीय पुत्र अर्श सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे घर से अकेले निकल गया। वह गांव से लगभग 500 मीटर दूर जंगल की ओर पहुंच गया। इसी दौरान वहां घूम रहे आवारा कुत्तों के झुंड ने उसे अकेला पाकर हमला बोल दिया। कुत्तों के हमले से मासूम जमीन पर गिर पड़ा और झुंड ने उसे बुरी तरह नोच डाला।काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। पिता जंगल की ओर पहुंचे तो देखा कि कुत्ते बच्चे को नुकीले दांतों से नोच रहे थे। उन्होंने बड़ी मुश्किल से कुत्तों को भगाकर अर्श को उठाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन उसे लेकर अस्पताल के लिए निकले, जहां रास्ते में ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मासूम के लहूलुहान शव को देखकर घर में कोहराम मच गया। गांव वालों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। एक सप्ताह पहले इन्हीं कुत्तों ने सलमान को घायल कर दिया था, जबकि चार दिन पूर्व सोनू पर भी हमला किया गया था।प्रधान पति विजयपाल ने बताया कि आवारा कुत्ते जंगल की ओर से गांव में आ गए हैं। वहीं रेंजर संतोष मठपाल ने कहा कि आवारा कुत्ते वन विभाग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में रिछा ब्लॉक का बजा डंका

■ परिषदीय विद्यालयों की तीन छात्राओं का चयन

■ सम्मान समारोह में गूंजा तालियों का शोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। रिछा ब्लॉक (दमखोदा) के दो उच्च प्राथमिक विद्यालयों की तीन छात्राओं का चयन होने से शिक्षा जगत में खुशी की लहर दौड़ गई।

जिला स्तर पर आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में चयनित छात्राओं को शासन की ओर से प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे उनकी आगे की पढ़ाई को आर्थिक संबल मिलेगा।

ब्लॉक संसाधन केंद्र रिछा के लेखाकार मोहम्मद इमरान खान ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय अटरिया की कक्षा आठ की छात्रा रिया भारती ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी इसी विद्यालय की एक छात्रा का चयन हुआ था, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता लगातार बेहतर साबित हो रही है। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय पैगा की कक्षा आठ की छात्राएं अक्शा और जोया ने भी परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सीमित संसाधनों के बावजूद परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की यह उपलब्धि सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था का प्रमाण मानी जा रही है। चयन की खबर मिलते ही शिक्षकों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल बन गया। विद्यालयों में बधाई समारोह आयोजित कर छात्राओं को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल उपाध्यक्ष सुनील कुमार, मंडल महामंत्री अरविन्द गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष, इंचार्ज प्रधानाध्यापक ब्रहमदेव आर्या, खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार, लेखाकार मोहम्मद इमरान खान तथा ब्लॉक मंत्री दशरथ सिंह गंगवार सहित अनेक शिक्षक नेताओं ने चयनित छात्राओं को बधाई दी। शिक्षकों ने कहा कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी रिछा ब्लॉक के विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

## एक नजर

### वृद्ध महिला पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव विथरी के एक घर में सोमवार की सुबह गांव का ही एक बदमाश घुस गया, और वृद्ध महिला के सिर पर वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। आरोप है कि वृद्ध महिला के कानों के कुंडल और नकदी लूटकर भाग रहे बदमाश को ग्रामीणों ने मौके पर ही पकड़कर डायल 112 पुलिस के हवाले कर दिया।

**कुंडल और नकदी लूटकर भाग रहे बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा**

सोमवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे थाना क्षेत्र के गांव विथरी में गांव का ही एक बदमाश नत्थू लाल के घर पर घुस गया। घर पर उसकी वृद्ध पत्नी हीराकली थी। बताया जाता है कि बदमाश ने हीराकली के सिर पर किसी धारदार वस्तु से वार किया जिससे वह लहूलुहान हो गई। बदमाश वृद्ध महिला के कानों के कुंडल के साथ ही घर में रखी कुछ नकदी लूटकर भागने की कोशिश कर रहा था कि महिला के शोर मचाए जाने पर पहुंचे गांव के लोगों ने बदमाश को मौके पर ही पकड़ लिया और डायल 112 को फोन कर उसे पुलिस के सुपर्द कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर ग्राम पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। बताया जाता है कि वृद्धा का पति लकवा ग्रस्त है।

### दो बाइकों की भीषण टक्कर, तीन गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** धनेटा-शीशगढ़ रोड पर जोखनपुर पुलिया के पास सोमवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के अनुसार, एमआर बाबू राम शर्मा पुत्र रामलाल शर्मा एक दवा कंपनी में कार्यरत हैं और बरेली की ओर सप्लाई देकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान दुनका की ओर से धरमपुरा गोटिया निवासी गुड्डू पुत्र बिहारी और हरिओम पुत्र पोपी किसी कार्य से सहोडा की तरफ जा रहे थे। जोखनपुर पुलिया के समीप दोनों मोटरसाइकिलें आमने-सामने टकरा गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा बेहद भीषण था, जिससे तीनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची शीशगढ़ पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए बरेली भेज दिया। चिकित्सकों के अनुसार तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है।बताया गया कि एमआर के बैग में दवाइयों के साथ नकद रुपये भी मौजूद थे। पुलिस ने बैग और दोनों क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### नि:शुल्क कोलेस्ट्रॉल जांच शिविर आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्थानीय चीनी मिल धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में सोमवार को कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नि:शुल्क कोलेस्ट्रॉल जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन मेदांता लैब्स बरेली की टीम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ इकाई प्रमुख सरबजीत सैनी ने किया।शिविर में कुल 110 अधिकारियों और कर्मचारियों ने जांच कराकर लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर जांच कराने की सलाह दी।इस अवसर पर अरविंद गंगवार कारखाना प्रबंधक, ओपी वर्मा महाप्रबंधक गन्ना, महेंद्र अग्रवाल महाप्रबंधक यांत्रिक, जय गोपाल चावला महाप्रबंधक लेखा, अभिषेक शर्मा महाप्रबंधक उत्पादन, संजय कुमार सिंह वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन, अनिल गुप्ता मुख्य प्रबंधक विद्युत, संजय यादव वरिष्ठ प्रबंधक यांत्रिक, शेषनाथ यादव, शिवम्, नवनीत रस्तोगी, अरविंद कुमार और रविंदर प्रसाद सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सात साल की मदीहा ने 6 रोजे किए मुकम्मल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** रमजान-उल-मुबारक का पवित्र महीना इबादत और बरकतों का महीना है। इस महीने में जहाँ बड़े-बुजुर्ग पूरी शिद्दत के साथ रोजे रख रहे हैं, वहीं बच्चों में भी खुदा की इबादत को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्राम मदनापुर निवासी इकबाल खान की 7 वर्षीय पुत्री मदीहा खान ने अपनी छोटी सी उम्र में बड़े हौसले का परिचय दिया है। मदीहा ने अब तक 6 रोजे मुकम्मल कर लिए हैं।

मदीहा ने बताया कि अपने आस-पास और परिवार के लोगों को रोजा रखते देख उसके मन में भी रोजा रखने की इच्छा जागी। इतनी कम उम्र और चिलचिलाती धूप के बावजूद, नन्ही मदीहा ने पूरे अनुशासन के साथ रोजे रखे सहरी और इफ्तार के नियमों का पालन किया। मदीहा का जज्बा यहीं खत्म नहीं होता। उसने बेहद मासूमियत और दृढ़ निश्चय के साथ कहा कि वह आगे के रोजे भी रखना चाहती है। परिवार के सदस्य मदीहा के इस धार्मिक लगाव और हिम्मत को देखकर बेहद खुश हैं, और इसे अल्लाह की खास रहमत मान रहे हैं। क्षेत्र के लोग भी नन्ही मदीहा के इस जज्बे की सराहना कर रहे हैं और उसको दुआएं भी दे रहे हैं।

### पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में 26 रेलकर्मी सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** 69वें रेल सप्ताह के अवसर पर मैत्री सामुदायिक केंद्र, न्यू मॉडल कॉलोनी, इज्जतनगर में आयोजित समारोह में मंडल रेल प्रबंधक सुश्री वीणा सिन्हा ने 26 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'रेल सेवा पुरस्कार' से सम्मानित किया। इन रेलकर्मियों को उनके समर्पित एवं उत्कृष्ट कार्य, संरक्षा में सतर्कता, उत्पादकता वृद्धि तथा रेल दुर्घटनाओं की रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि वर्ष 2024 इज्जतनगर मंडल के लिए उपलब्धियों से भरा रहा है। सम्मानित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने न केवल अपने दायित्वों का निर्वहन किया, बल्कि कर्तव्य से आगे बढ़कर कार्य संस्कृति में सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि संरक्षा, तकनीकी नवाचार, परिचालन और रख-रखाव जैसे क्षेत्रों में रेलकर्मियों की निरंतर मेहनत भारतीय रेल की सफलता की मजबूत नींव है। आधुनिक ट्रेनों, पुनर्विकसित स्टेशनों और उन्नत सुरक्षा प्रणालियों की सफलता के पीछे कुशल एवं समर्पित मानव संसाधन की अहम भूमिका है। रेल सेवा पुरस्कार एक प्रतीक मात्र है, वास्तविक सम्मान वह भरोसा है जो करोड़ों यात्री प्रतिदिन भारतीय रेल पर जताते हैं। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी 2026 को गोरखपुर मुख्यालय में आयोजित रेल सप्ताह समारोह में महाप्रबंधक उदय बोरवणकर द्वारा इज्जतनगर मंडल को अंतर्मंडलीय संरक्षा, पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन, लोको परिचालन, कर्षण वितरण, लेखा, परिचालन तथा नागरिक केंद्रित सेवा दक्षता के लिए शील्ड एवं ट्रॉफियां प्रदान की गईं। 'बी' श्रेणी के रुद्रपुर सिटी रेलवे स्टेशन को सर्वोत्तम स्वच्छ स्टेशन ट्रॉफी तथा लालकुआं कोचिंग डिपो को सर्वोत्तम व्यवस्थित कोचिंग डिपो शील्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 'डी' एवं 'ई' श्रेणी में इज्जतनगर रेलवे स्टेशन को भी सर्वोत्तम स्वच्छ स्टेशन का पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज सहित मंडल के शाखा अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी संदीप सिंह ने किया।

# देवरनियां में होली को लेकर सख्त सुरक्षा, गांव-गांव मार्च

■ बाजारों, चौराहों और संवे. दनशील इलाकों में पैदल गश्त, अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से देवरनियां कोतवाली पुलिस ने सोमवार को व्यापक फ्लैग मार्च निकाला। बहेड़ी क्षेत्र में निकाले गए इस मार्च का नेतृत्व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने किया। भारी पुलिस बल के साथ कस्बे से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पैदल गश्त कर पुलिस ने आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

फ्लैग मार्च के दौरान धर्मपुर, इटौआ, शरीफनगर, बसुधरन जागीर, नगला, पखुर्नी सहित देवरनियां कस्बे के प्रमुख मार्गों और चौराहों का भ्रमण किया गया। मुख्य बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों, व्यापारियों और ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर होली का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। पुलिस टीम ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के इस फ्लैग मार्च से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विश्वास का माहौल बना है। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि होली शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था के दायरे में रहकर ही मनाई जाएगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि होली के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है और हर गति. विधि पर पैनी नजर रखी जा रही है, ताकि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रहे।

### होली पर विशेष सुरक्षा रणनीति

होली पर्व को देखते हुए पुलिस ने विशेष सुरक्षा रणनीति लागू की है। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर मुख्य बाजारों, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में लगातार पैदल गश्त कराई जा रही है। रात्रि गश्त को और अधिक सशक्त किया गया है, ताकि देर रात तक किसी भी प्रकार की अराजक गतिविधि पर तत्काल नियंत्रण किया जा सके। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी निगरानी रखी जा रही है, जिससे अफवाहों और भ्रामक संदेशों पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### पुलिस की सख्त चेतावनी और अपील

पुलिस ने साफ तौर पर कहा है कि होली के दौरान हुड़दंग, जबरन रंग डालने, नशे में उपद्रव करने या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है।

# मिट्टी की ढांग गिरने से घायल किशोर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मिट्टी की ढांग गिरने से घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। होली से एक दिन पहले हुई इस दर्दनाक घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

धनेटा गांव निवासी 17 वर्षीय विक्की मौर्य पुत्र अनिल मौर्य बीते शुक्रवार को घर में चूल्हा बनाने के लिए कुछ ग्रामीणों के साथ भाखड़ा नदी किनारे मिट्टी लेने गया था। नदी किनारे मिट्टी खोदते समय अचानक ढांग विक्की और उसके एक साथी के ऊपर भरभराकर गिर गई, जिससे दोनों मलबे में दब गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल दोनों को बाहर निकाला और गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान रविवार रात विक्की ने दम तोड़ दिया।

पूर्व प्रधान प्रेमराज मौर्य ने बताया कि विक्की अपने पिता का इकलौता पुत्र था और उसकी दो बहनें हैं। गड्ढे में बैठकर मिट्टी खोदते समय हुए हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। होली से पहले बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भाजपा दंपति ने साधु संतों का स्वागत कर विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के प्रमुख एशियन लॉ कॉलेज के एमडी और भाजपा नेता एड नंदकिशोर ने सोमवार को नगर के साथ ही क्षेत्र के साधु संतों का स्वागत कर अपने विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तर्ज पर सोमवार को भाजपा दंपति ने साधु संतों का स्वागत कर क्षेत्र में खलबली मचा दी है।

क्षेत्र के गांव इन्धजगीर स्थित प्राचीन शिव मंदिर इंटर आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में भाजपा नेता एड नंदकिशोर और उनकी पत्नी रेशम ने नगर के साथ ही क्षेत्र के कई दर्जन साधु संतों को फूल मालाएं और उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। इसमें प्रमुख रूप से मोहित शर्मा, गोपाल शरण, मोहन मिश्रा, विशाल शर्मा, प्रदीप राज, योगेश मिश्रा, कमलाकांत शास्त्री, हरिओम मिश्रा आदि साधु सन्त शामिल रहे। स्वागत समारोह में भाजपा नेता की पत्नी और एशियन लॉ कॉलेज की सेक्रेट्री रेशम, ग्राम प्रधान प्रेमशंकर गंगवार उर्फ लला आदि मौजूद रहे। माना जा रहा है कि एड नंदकिशोर विधानसभा चुनाव की तैयारी करने में लगे हुए हैं, उनका क्षेत्र के साधु संतों का स्वागत करना इसी कड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है। जब उनसे इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि साधु संतों का स्वागत करना उनके लिए सौभाग्य की बात है इससे चुनाव से जोड़ना उचित नहीं है।

# देव स्थान से लाउडस्पीकर उतरवाने पर हंगामा

■ समझाने के बाद दोबारा लगाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही क्षेत्र के मंसूरगंज गांव स्थित देव स्थान पर लगे लाउडस्पीकर को पुलिस द्वारा उतरवाए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। बाद में थाना प्रभारी के समझाने पर लाउडस्पीकर पुन: लगवा दिया गया, तब जाकर मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार, थाना शाही से पहुंचे एसआई अनिल राणा ने देव स्थान पर लगे लाउडस्पीकर को यह कहते हुए उतरवा दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर इसकी शिकायत की गई है। लाउडस्पीकर हटाए जाने की सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए और विरोध जताने लगे।

इस दौरान विक्रमपुर के पूर्व प्रधान वेदपाल सिंह ने पुलिस से चार दिन का समय देने की बात कही, ताकि अधिकारी स्तर पर वार्ता की जा सके। उन्होंने कहा कि बातचीत के बाद जो भी निर्णय होगा, उसे मान्य किया जाएगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसआई ने थानाध्यक्ष राजेश बैंसला को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों को समझाकर शांत किया और लाउडस्पीकर को पुन: देव स्थान पर लगवा दिया। इसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ।

# राम बारात: 166वीं बार निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा, आस्था और रंगों में डूबा बरेली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** होली से पूर्व सोमवार को शहर में 166वीं बार ऐतिहासिक राम बरात धूमधाम से निकाली गई। आस्था, परंपरा और उल्लास के इस अद्भुत संगम में पूरा शहर रंगों में सराबोर नजर आया। दूल्हा बने रघुवर जब रथ पर सवार होकर निकले तो "जय श्रीराम" के गगनभेदी जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

शहर के नृसिंह मंदिर से सुबह करीब 10 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। रथ पर भगवान राम के साथ भ्राता लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र सवार रहे। जैसे-जैसे बरात आगे बढ़ती गई, श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया। हजारों की संख्या में लोग इस ऐतिहासिक परंपरा के साक्षी बने।

बरात में शामिल हुरियारों की टोलियों ने फूलों की वर्षा और गुलाल की बौछार के बीच रंगों से जमकर होली खेली। हवा में उड़ते अबीर-गुलाल, रंग-बिरंगे गुब्बारे और सतरंगी चेहरों ने पूरे माहौल को होलीमय बना दिया। ढोल-नगाड़ों की थाप और जयकारों के बीच आस्था और उत्सव का अनूठा दृश्य देखने को मिला।

शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने फूल और रंग बरसाकर राम बरात का स्वागत किया। रथ के साथ चल रही आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। बरात के दौरान पानी की व्यवस्था के लिए 15 स्थानों पर 17 टैंकर लगाए गए, ताकि किसी को असुविधा न हो।

चंद्र ग्रहण के कारण इस वर्ष राम बरात होली से एक दिन पूर्व निक. ाली गई। बरेली की यह ऐतिहासिक परंपरा आसपास के जिलों में भी विशेष पहचान रखती है और इसे देखने के लिए दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

शोभायात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पांच सीओ, पांच थाना प्रभारी, सात इंस्पेक्टर, 108 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल तथा 16 महिला कांस्टेबल तैनात रहे। एक कंपनी पीएसी भी लगाई गई। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने रूट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

आस्था और परंपरा से जुड़ी इस ऐतिहासिक राम बरात ने एक बार फिर शहर की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया।

# बिल्ली के हमले से ग्रामीण ने बचाया उल्लू, वन विभाग को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गोरा लोकनाथपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास एक खंडहर पड़े मकान में बैठे उल्लू पर बिल्ली हमला कर रही थी। मौके से गुजर रहे गांव निवासी मुन्ना लाल की नजर जब इस पर पड़ी तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए बिल्ली को भगा दिया और उल्लू की जान बचाई।

मुन्ना लाल उल्लू को सुरक्षित अपने घर ले गए। गांव के मोहित सक्सेना ने बताया कि उल्लू दुर्लभ प्रजाति का प्रतीत हो रहा है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची। इसके बाद मुन्ना लाल ने उल्लू को वन विभाग को सौंप दिया। ग्रामीणों ने मुन्ना लाल की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सतर्कता से एक वन्य जीव की जान बच सकी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** उत्तराखंड के रुद्रपुर से 32 वर्षीय गुड्डू उर्फ लालाराम पुत्र लेखराज बाइक से अपने गांव टिटौली, फतेहगंज पश्चिमी जा रहे थे। जैसे ही वह नल नगरिया चौराहे पर पहुंचे, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर ट्रैफिक प्रभारी श्रीपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल को तत्काल सड़क से उठाकर उपचार के लिए बरेली भेजा, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही गुड्डू ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

## एक नजर

### चांदपुर मे होली की धूम



**चांदपुर।** नगर क्षेत्र में होली का पर्व अत्यंत उल्लास एवं शान्ति के साथ मनाया गया। सोमवार के दिन रंग भी खेला गया। बच्चों ने जमकर गुलाल अबीर व रंगों के साथ होली मनाई। हालांकि रंग का पर्व होली दहन के पश्चात आज मनाया जाएगा। नगर एवं क्षेत्रभर मे होली दहन की तैयारी भी देखने को मिली। देर रात्रि 8 बजे के करीब होली दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होली कार्यक्रम नगर में अनेकों स्थानों पर पूरी श्रद्धा और शांति के साथ संपन्न हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे शहर क्षेत्र नगर गली मौहल्ले में पुलिस बल तैनात रह। स्वयं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर रहे। उधर सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड चांदपुर स्थित गन्ना परिषद कार्यालय में होली पर्व मनाया गया। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक द्वारा समस्त कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दी एवं उन्हें उपहार भी दिए।

### पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**बुढ़नपुर।** दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति मुरादाबाद के उप सभापति कमल कुमार की बहन पंकज कुमारी का बीमारी के चलते 24 फरवरी को देहांत हो गया था। जिसमें आज कमल कुमार के आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें श्रद्धांजलि अर्पित करने आए धामपुर विधायक अशोक कुमार राणा, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा, किसान नेता गजेंद्र सिंह टिकैत, सिंचाई विभाग के अध्यक्ष शूरवीर सिंह, योगेश कुमार, कृष्ण कुमार ढाका, भूपेंद्र सिंह आदि ने पहुंचकर चित्र पर पुष्प वर्षा का श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### दुनिया में अमनो अमान की दुआ



**धामपुर।** मुकद्दस रमजान माह मे तरावीह नमाज में कुराने करीम के तीस सिपारों को याद कर सुनाने और मुकम्मल होने का सिलसिला शुरु हो गया है। उलेमाओं ने मुसलमानों से रमजानुल मुबारक के महीने में अपने माल की सही सही जकात अदा कर अल्लाह और उनके नबी की सुन्नतों पर अमल कर जिंदगी गुजारने की ताकीद की। नगर के मौहल्ला कहारान मछली बाजार स्थित डा. आरिफ सैफी के आवास पर रविवार की देर रात 12 दीनी तरावीह मुकम्मल हुई, जिसमें मेहमाने खुसूसी मौलाना शफीक ने मुसलमानों को पाक महीने मे कुराने करीम को उतारने का अल्लाह का मकसद उसकी ज्यादा से ज्यादा इबादत कर पांच वक्त की नमाज के साथ तीस रोजों को भी रखने का हुकम बताया है। उन्होंने मुसलमानों से दीनी व दुनियावी तालीम को हासील किये जाने का आह्वान किया। साथ ही अपनी जिंदगी में पांच वक्त की नमाज पाबंदी के साथ अदा किए जाने पर जोर दिया। आखिर में दुनिया में अमनो अमान व देश की तरक्की के लिए अल्लाहताला की बारगाह में हाथ उठाकर दुआ मांगी। तरावीह नमाज में मौलाना अब्दुल रज्जाक ने कुराने करीम के तीस सिपारों को कंठस्थ याद कर 12 दिनों तक सुनाया। पीछे से मौलाना मौहम्मद आमिर ने गलतियों को दुरुस्त कराकर सही पढ़ने में मदद की। इस मौके पर शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद कमर कासमी, हाजी रफीक अहमद, हाजी शफीक अहमद, हाजी मौहम्मद जाहिद, बशर, सेफुल्ला, मौलाना इदरीस, डा. आरिफ सैफी, डा. कमाल अहमद, कारी राशीद हमीदी, मुफ्ती खालिद, मुफ्ती दानिश, मौलाना नईम, हाफिज नूर आलम, अब्दुल वासीद, फैजान अंसारी, गय्यूर अली खान, मौहम्मद जावेद, आफताब शेख, उस्मान, मौहम्मद शानू, उरूज, नौशाद, हाजी अनीसूर रहमान, हाजी जाहिद हुसैन, मुफ्ती मौहम्मद, हस्सान आदि शामिल रहे।

# बोरवेल में गिरी मादा गुलदार



**वन विभाग ने किया सफल रेस्क्यू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लगातार दिखाई दे रहे गुलदारों के कारण ग्रामीणों में भय का माहौल है। वहीं आये दिन गुलदारों के जंगलों में ट्यूबवेलो के झेरो में गिरने एवं दिखाई देने का क्रम जारी है।

ग्राम ककराला में एक खुले बोरवेल कुएं में लगभग 5 वर्ष आयु की एक मादा गुलदार के गिर जाने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित रेस्क्यू अभियान शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद गुलदार को बोरवेल से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस बारे मे बताया कि गांव के तेजपाल सिंह पुत्र अमरी सिंह के खुले बोरवेल में एक मादा गुलदार के गिर जाने की सूचना पर गांव भर में हड़कंप मच गया। भय के कारण ग्रामीण उस ओर जाते हुए घबराए देखे गए। ग्रामीणों द्वारा सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सावधानीपूर्वक अपना कार्य प्रारम्भ किया। कड़ी मशक्कत के बाद वन्यजीव और रेस्क्यू दल के सदस्यों को सफलता भी मिली। वन विभाग द्वारा रेस्क्यू अभियान का नेतृत्व वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत सिंह ने किया, जबकि सौरभ कुमार (वन दरोगा), गौरव कुमार (वन रक्षक), अनीस (वन कर्मी) और मौहम्मद अफजल सहित अन्य वनकर्मियों ने अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ इस कार्य में सहयोग किया और सफलता प्राप्त की।

गौरतलब है कि इस रेस्क्यू अभियान के दौरान नेशनल टाइगर कंसर्वेशन अथॉरिटी तथा नेशनल जू अथॉरिटी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया गया। उधर वन क्षेत्रधिकारी दुष्यंत सिंह ने समस्त आमजन से अपील करते हुए कहा कि वन्यजीव हमारी अमूल्य प्राकृतिक धरोहर हैं। उन्होंने खुले बोरवेल वन्यजीवों, पालतू पशुओं और लोगों के लिए खतरनाक बताया तथा ग्रामीणों, किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने बोरवेल खुले न छोड़ें और उन्हें सुरक्षित रूप से ढककर रखें। चांदपुर के ग्रामीण इलाकों मे गुलदारों के ग्रामीणों पर हमले और भय का माहौल एक बार पुनः बढ़ गया है। इससे पहले ब्लॉक के गांव शाहपुर भसौड़ी में भी गुलदार द्वारा एक ग्रामीण पर हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था।

## हादसे में घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के बालापुर-नन्हेड़ा मार्ग पर रविवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने रविवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। एक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार रात करीब 9:00 बजे ग्राम अखेड़ा निवासी जितेन्द्र पुत्र धन सिंह बाइक पर सवार होकर नन्हेड़ा से अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बालापुर-नन्हेड़ा मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जितेन्द्र सड़क पर गिरकर अचेत हो गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल जितेन्द्र को तत्काल नहटौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद जितेन्द्र की जान नहीं बचाई जा सकी और उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे की जानक. ारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बाग में पेड़ से लटका मिला युवक का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला जोशियान निवासी एक युवक का शव सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आम के बाग में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला जोशियान निवासी आकाश (25 वर्ष) पुत्र कोमल सोमवार की सुबह ग्राम सादिकाबाद स्थित एक आम के बाग में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। सुबह जब राहगीरों ने शव को देखा, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारकर पंचनामा भरा और उसे सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया है।

अपराध निरीक्षक विपिन कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मामले में पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो पाएगी। फिलहाल, पुलिस ने अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# ईरान हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**अमेरिका-इजरायल की निंदा की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार के कुछ सदस्यों और नागरिकों के निधन तथा अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों में हुई मौतों को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के कार्यकर्ताओं ने देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

कामरेड इसरार अहमद के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने थाना परिसर पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा, जिसे उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह ने प्राप्त किया। ज्ञापन में अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों के खिलाफ बताया गया। कामरेड इसरार अहमद ने कहा कि ईरान भारत का बहुत पुराना मित्र देश रहा है, जिसने हर कठिन समय में भारत का साथ दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान ने भारत को कई अवसरों पर रियायती दरों पर तेल उपलब्ध कराया, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली ऐसे मित्र राष्ट्र पर हमला निंदनीय है और इससे विश्व शांति को खतरा उत्पन्न हो सकता है। ज्ञापन में मांग की गई कि भारत सरकार अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई की स्पष्ट शब्दों में निंदा करे। इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से उठाए तथा मध्य-पूर्व में शांति बहाली के लिए पहल करे।

इस अवसर पर शमीम अहमद, कन्हैया सिंह, इंदर कुमार, डॉ. ए.एच. कादरी, आसिफ अहमद, खलीक अहमद, कामरेड इमरान अली सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पार्टी नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय शांति न्याय और संप्रभु देशों की गरिमा के सम्मान की अपील की।

## एक नजर

### रोटरी क्लब का होली मिलन समारोह



**स्योहारा।** स्थानीय इकाई रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण के तत्वावधान में पुरैनी स्थित आरना रेस्टोरेंट में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब से जुड़े सभी रोटेरियन एवं एनीज का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं तथा होली की टोपी और उपहार भेंट किए गए। समारोह के दौरान हाउजी गेम और विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें उपस्थित सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्लब के अध्यक्ष शोभित जैन एवं सचिव समीर रस्तोगी ने संयुक्त रूप से बताया कि रोटरी क्लब द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन पिछले कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है जिसका उद्देश्य सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द को मजबूत करना है। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। क्लब के सचिव समीर रस्तोगी संगठन को सशक्त और सक्रिय बनाए रखने में निरंतर प्रयासरत हैं। उनके नेतृत्व में क्लब सामाजिक सांस्कृतिक और सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मनोज कुमार वर्मा, शाश्वत वर्मा, कांता प्रसाद पुष्पक, डॉ. लिपि सेन वर्मा, शगुन दुआ, सोनी वर्मा, सुरेंद्र अरोरा, लव रस्तोगी, भूपेंद्र मिगलानी, संजीव अरोरा, आलोक अग्रवाल, पर्ल रस्तोगी, सुरभि जैन, अमन पुष्पक, डॉ. स्नेहा, सृष्टि पुष्पक आदि का विशेष सहयोग रहा।

### रमजान राशन किट वितरित



**स्योहारा।** मरकज तंजीम दावतुस्सिदक और पयाम ए इंसानियत संस्थाओं ने रमजान के दौरान जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित कीं। यह कार्यक्रम सेक्टर रोड स्थित मक्का मस्जिद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक और वरिष्ठ समाजसेवी मनोज कुमार वर्मा ने दोनों संस्थाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में जरूरतमंदों की सहायता करना एक प्रशंसनीय कार्य है। वर्मा ने आगे कहा कि गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा सवाब है और वह ऐसे कार्यों में हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। आयोजक मौलाना अरशद हक्की ने बताया कि वितरित की गई राशन किट में दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री शामिल थी। इसका उद्देश्य रमजान के दौरान जरूरतमंद परिवारों को राहत प्रदान करना था। इस अवसर पर कारी रिजवान, दानिश वारसी, हाफिज नफीस और मौलाना रिजवान सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**बिजनौर।** केंद्रीय भण्डार निगम के स्थापना दिवस की 70 वीं वर्षगाँठ को केन्द्रीय भण्डार गृह बिजनौर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तकनीकी सहायक श्याम गुप्ता द्वारा सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत करके हुआ। उन्होंने केंदीय भण्डार निगम की स्थापना, कार्यप्रणाली व लक्ष्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भण्डार गृह प्रबंधक गौरव कुमार द्वारा निगम के इस वित्तीय वर्ष में प्राप्त लक्ष्यों, टर्न ओवर व वित्तीय लाभ की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विमल चौहान, प्रबंधक प्रवेश करदम, अमित कंचन, विनय काकरान, श्रीमती ज्योती रानी, सुमित, अपूर्व विनित, अंकुश, मुकुल आदि मौजूद रहे।

### बजरंगबली बाबा का गुणगान



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। होली को देखते हुए बाबा के दरबार में फूलों की पंखुड़ियां से होली खेली गई और सभी पर फूलों की वर्षा की गई। मौहल्ला गुजरातियान स्थित लोहियान धर्मशाला में लक्ष्मीकांत अग्रवाल के परिवार की ओर से हनुमान चालीसा का पाठ आयोजन किया गया। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली, यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर सबका उत्साह वर्धन किया। अंत में फूलों की पंखुड़ियां से सबने जमकर होली खेली और सबने एक दूसरे के ऊपर फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा की गई। अंत में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में लक्ष्मीकांत अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, शैल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रितु अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, रिचा अग्रवाल, प्रशांत कुमार त्यागी, अपूर्णा, वर्णित, सामर्थ, सक्षम आदि शामिल रहे। श्रीमान हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, मास्टर सुनील सिंह, संदीप भारद्वाज, हरीश सैनी, कारीगर नंदकिशोर रस्तोगी आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में 16 विद्यार्थी चयनित

## हर माह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 16 छात्र/छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल स्टाफ ने बच्चों को फूलमालाओं सहित पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा रविवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना का परीक्षा फल घोषित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने बताया कि गत 5 नवंबर 2026 को आयोजित उक्त परीक्षा में उनके विद्यालय के 38 छात्र/छात्राएं शामिल हुए थे। जिसमें समरीन परवीन, अबीरा परवीन, अदीबा परवीन, आफिया परवीन, भूमिका रानी, जकिया परवीन, सादिका परवीन, जहरा परवीन, अंजुम परवीन, मरयम परवीन, कहकशा परवीन, शिफा परवीन, मौ. अबुल हसन, शुभहान अहमद, मौहम्मद अम्मार आदि ने सफलता प्राप्त की है। इस बात का पता चलते ही स्कूल स्टाफ सहित छात्र/छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। परीक्षा में सफल हुए बच्चों को शिक्षकों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने सफल छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए इसका श्रेय उनके अभिभावकों सहित शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि सफल सभी विद्यार्थियों को शासन द्वारा 4 वर्ष तक 1000 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी जाएगी। विद्यालय के प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी ने छात्र/छात्राओं की सरहाना करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय का स्टाफ बच्चों पर लगातार मेहनत करता है, जो सरहानीय है। उन्होंने स्टाफ से आगे भी से ही बच्चों के लिए मेहनत करने की बात कही है। उधर उक्त परीक्षा मे शामिल छात्र/छात्राओं को दिन रात मेहनत कराने वाले शिक्षक मौहम्मद रिजवान का भी शिक्षकों एवं बच्चों ने आभार व्यक्त करने के साथ-साथ फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी, प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, अरशद हुसैन, मौहम्मद रिजवान, मौहम्मद आलम अंसारी, मौहम्मद शहजाद, शकील अहमद, रईस अहमद, रिहान अहमद, मौहम्मद इकबाल, उस्मान अहमद, लिपिक अबरार अहमद सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### आर.यू.एम. विद्यालय की बड़ी कामयाबी

**शेरकोट।** शासन स्तर पर छात्र/छात्राओं की शिक्षा हेतु बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना मे आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 16 बच्चों का उत्तीर्ण होना बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। उत्तीर्ण होने की खबर मिलते ही जिले भर के स्कूल से प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन सहित स्टाफ को मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी है।

## ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्ती

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जिले में ओवरलोडिंग वाहनों पर नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने उप संभागीय परिवहन विभाग (एआरटीओ) के अधिकारियों को दिन और रात दोनों समय औचक निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य सड़क से संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसमें मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले टी-प्वाइंट्स और ब्लाइंड मोड़ों पर कम से कम एक किलोमीटर पहले साइनेज, रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाने की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया, ताकि वाहन चालक सचेत रहें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सड़क पर कोई भी अनफिट वाहन संचालित होता हुआ नजर नहीं आना चाहिए।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
( ठेकेदार )
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# आंसुओं के साथ फिज़ा में गूंजे लब्बैक या हुसैन के नारे

## खामेनेई की शहादत पर अमेरिका व इजराईल के झंडे किए आग के हवाले, नौगांवा सादात में लोगों ने निकाला कैंडिल मार्च




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विरोध प्रदर्शन का सिलसिला रविवार देर रात जारी रहा। गुस्साए लोगों ने शहर में जगह-जगह जुलूस निकालते हुए अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान फिजा में लब्बैक या हुसैन-लब्बैक या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। वहीं, नौगावां सादात में लोगों ने कैंडल मार्च निकालते हुए खामेनेई की शहादत को याद किया।

रविवार सुबह ईरानी सरकार द्वारा की गई सैय्यद आयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की पुष्टि के बाद भड़का लोगों का गुस्सा दिनभर सड़कों पर दिखा। मस्जिदों से लेकर इमामबाड़ों तक जुटे लोग मौत पर अफसोस के साथ अमेरिका और इजरायल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते रहे। शाम में इफ्तार से पहले थमा विरोध का ये सिलसिला रात में ईशा की नमाज के बाद फिर शुरू होता दिखाई दिया। शहर में गुजरी, दानिशमंदान, हक्कानी, बड़ा दरबार आदि मोहल्लों से निकले जुलूस शहर के मुख्य रास्तों पर गश्त करते रहे। हाथों में खामेनेई के पोर्टेट लिए लोगों ने फिजा में लब्बैक या हुसैन- लब्बैक या हुसैन की सदाएं बुलंद की। साथ में अमेरिका व इजरायल के राष्ट्रपति की फोटो और दोनों देशों के झंडे आग के हवाले कर अपना गुस्से जताया। शहर में जुलूसों का ये सिलसिला देर रात तक जारी रहा। वहीं, शहर के कई इमामबाड़ों में मजलिसों का आयोजन भी किया गया। उलेमाओं ने लोगों से सब्र का साथ न छोड़ने की अपील की। कहा कि शहादत रसूल अल्लाह के घराने की मिरास है, हमें इससे इनकारी नहीं होना है। ये शहादत हरगिज व्यर्थ नहीं जाएगी। खून जल्दी अपना रंग दिखाएगा। उधर, नौगावां सादात के हफ्ता बाजार

**■ सारा दिन अजाखानों में हुई मजलिसे**

और हुसैनी चौक पर जमा हुए लोगों ने कैंडल मार्च निकालते हुए खामेनेई की शहादत को याद किया। वहीं, भारी विरोध-प्रदर्शन के बीच प्रदेश सरकार की एडवाइजरी पर पुलिस-प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है, सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

# शहीदों की मगफिरत को निकाला कैंडिल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ईरान में इजराइली हमले में शहीद हुए ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई सहित अन्य शहीदों की रूहों की मगफिरत के लिए कैंडल मार्च निकाला गया।

कैंडल मार्च नगर हसनपुर की संभल बस स्टैंड के पास स्थित मुस्तफा कॉलोनी से निकाला गया। जो संभल चौराहे पर जाकर संपन्न हुआ। इस बीच कैंडल मार्च निकलते हुए लोगों के हाथ में ईरानी सुप्रीम लीडर की फोटो भी थी। कैंडल मार्च अहलोबैंतों अलहेमुस्सलाम ट्रस्ट की जानिब से आयोजित किया गया। जिसमें मौलाना गुलाम अली रिजवी साहब ने अपने बयानों से सब को ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खमेनेई के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इसके बाद केंडल मार्च निकाला और खिराजे अकीदत पेश की। इस मौके पर चमन राजा जैदी, अकरम मिस्त्री , फिरोज खान, दानिश जावेद, मोहम्मद रिजवान ळ, अब्बास , जावेद, जुबैर, यूनुस, अमन, शरीक फैसल जावेद मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से मासूम की मौत

## सड़क पार करते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली क्षेत्र के गांव असगरीपुर रविवार शाम हादसे में आठ वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

गांव निवासी मजदूर संजीव कुमार के परिवार में पत्नी गुड्डी, तीन बेटे और दो बेटियां हैं। उनका तीसरे नंबर का आठ वर्षीय बेटा शिवा गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। रविवार शाम वह असगरीपुर गांव स्थित अड्डे पर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान मनोटा की ओर से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिजन उसे तत्काल गांव के ही एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में मातम छा गया। बताया गया है कि परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के सोमवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गई है।

# चाकेश्वर मंदिर से माता रानी का छत्र चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चोरों ने चाकेश्वर मंदिर का निशाना बनाते हुए सात सौ ग्राम चांदी से निर्मित माता रानी का छत्र और दान पात्र से नकदी चोरी कर ली। सुबह घटना की जानकारी होने पर मंदिर के महंत ने पुलिस को सूचना दी।

**■ दान पात्र से नकदी भी ले उड़े चोर, रिपोर्ट दर्ज**



जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सलेमपुर गौसाई के रकबे में चाकेश्वर मंदिर स्थित है। यह मंदिर क्षेत्र में आस्था का एक बड़ा केन्द्र है। बीती रात यहां चोरों ने चांदी का छत्र और दान पात्र से नकदी चोरी कर ली। सुबह घटना की जानकारी होने पर मंदिर के महंत लवकुश गिरी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर लिया है। महंत लवकुश गिरी के अनुसार 700 ग्राम चांदी से निर्मित माता रानी का छत्र का जबकि दान पात्र में करीब तीन हजार रुपये की नकदी थी। चोरी की यह घटना सीसीटीवी में भी कैद हो गई है। एक चोर मंदिर में माता रानी का छत्र और दानपात्र से नकदी चोरी करते हुआ दिखाई दे रहा है। वहीं प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि घटना की प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज आदि के आधार पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। अपराधी का शीघ्र ही पता लगाया जाएगा।

# फांसी के फंदे पर झूलता मिला मजदूर का शव

## गृहक्लेश के चलते उठाया कदम, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली नगर के मोहल्ला कोट पश्चिमी पूठ रोड पर एक 26 वर्षीय युवक ने गृहक्लेश और मानसिक तनाव के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गुड्डू सैफी पुत्र स्वर्गीय अशरफ अली के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



**■ तीन साल पहले हुई थी शादी, पत्नी के वापस न आने से था परेशान**

दरअसल,गुड्डू सैफी की शादी करीब 3 वर्ष पूर्व आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव चचौरा निवासी शबनम के साथ हुई थी। उनका एक वर्ष का बेटा अय्युब भी है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। जिसके चलते पत्नी अपने मायके में रह रही थी। पत्नी ने गुड्डू के खिलाफ महिला थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। मृतक की मां हाजरा ने आरोप लगाया कि गुड्डू अपनी पत्नी को वापस लाने के लिए काफी परेशान था। कुछ दिन पहले जब वह ससुराल गया था। तो वहां उसके साथ मारपीट की गई थी। रविवार को अमरोहा महिला थाने में काउंसलिंग के दौरान भी गुड्डू अपनी पत्नी के सामने उसे घर ले जाने के लिए गिड़गिड़ाया था। लेकिन पत्नी ने साथ आने से साफ इनकार कर दिया



था। रविवार देर शाम महिला थाने से लौटने के बाद गुड्डू गुमसुम था और अपने कमरे में चला गया। सोमवार दोपहर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों को चिंता हुई। ऊपर जाने पर सीढ़ियों का दरवाजा अंदर से बंद मिला। वह दो मंजिले पर बने मकान में रहता था। दरवाजा तोड़कर जब परिजन अंदर पहुंचे, तो देखा कि गुड्डू का शव टीन शेड में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज राम प्रकाश सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम को भी बुलाया गया ताकि साक्ष्य जुटाए जा सकें। मृतक पेशे से पेंटर था और चार भाइयों में सबसे बड़ा था। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले ही ठीक नहीं थी। क्योंकि कुछ साल पूर्व ही गुड्डू के पिता की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। अब घर के बड़े बेटे द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम ने परिवार को पूरी तरह झकझोर दिया है। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# होली मिलन समारोह में रंग-गुलाल की बौछार

## श्रीराम जानकी बालाजी धाम पार्क में उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** सोमवार को नगर के श्री राम जानकी बालाजी धाम मंदिर पार्क में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फूलों और रंग-गुलाल की जमकर होली खेली गई। गुलाल की खुशबू और फूलों की पंखुड़ियों के बीच पूरा पार्क होली के रंग में सराबोर नजर आया। इसके उपरांत सभी अतिथियों और नगरवासियों के लिए प्रतिभोज कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।



नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि, होली मिलन समारोह केवल रंग-गुलाल खेलने का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देता है। होली हमें आपसी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे को गले लगाने और समाज में सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देती है। ऐसे आयोजनों से नगर में सामाजिक समरसता मजबूत होती है और लोगों के बीच आपसी अपनापन बढ़ता है। मैं सभी नगरवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और कामना करता हूं कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि के रंग भर दे। कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में रंग, गुलाल और होली मिलन समारोह की खुशियों की छटा बिखरी रही और नगरवासियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।होली मिलन समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, राजीव उपाध्याय, दुजेंद्र कोकी, राजू बादशाह, दिवेश तंवर, सुनील प्रजापति, पवन गुप्ता, सुशील अग्रवाल, सर्वेश शर्मा, कपिल अग्रवाल, हेमंत सारस्वत, अंकित शर्मा, सुबोध देवरा, अतुल बंसल, जितेश अग्रवाल, प्रत्यक्ष शर्मा, देशराज सैनी, सचिन अग्रवाल, दुलीचंद गिहार, शैंकी अग्रवाल, सतीश कुमार, कमल अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, मास्टर इंद्रपाल सिंह, राजकुमार पाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जोया में 81 स्थानों पर होगा होलिका दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता, जोया।** होली पर्व को लेकर डिडौली पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार वालियान ने गांव-गांव पहुंचकर लोगों से शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने या शांति भंग करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए डिडौली कोतवाली क्षेत्र को छह सेक्टरों में विभाजित किया गया है। क्षेत्र में 81 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। सभी स्थलों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी तथा कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है।

# एनएमएमएस परीक्षा में जिले का शानदार प्रदर्शन

## 194 सीटों पर मेरिट के आधार पर हुआ छात्रों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी 194 सीटों पर मेरिट के आधार पर छात्रों का चयन सुनिश्चित किया। खास बात यह रही कि एक भी सीट रिक्त नहीं रही।

नौ नवम्बर को आयोजित राष्ट्रीय आज एवं आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम नियामक प्राधिकारी प्रयागराज द्वारा घोषित किया गया। जिले के



बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संविलियन विद्यालय अल्लीपुर खादर से 10 में से 8 विद्यार्थियों का चयन होना विशेष उपलब्धि माना जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई हेतु कुल 48 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जनपद नोडल अधिकारी राजदीप सिंह ने बताया कि इस वर्ष 2001 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1472 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. मोनिका ने सभी चयनित विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी। होली से पूर्व परिणाम आने से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

















# विराट-रोहित से सीखा मैच फिनिश करना: संजू



● विंडीज के खिलाफ टी-20 विश्व कप के सुपर-8 मैच में नाबाद 97 रनों की पारी खेलकर भारत को जिताया


**कोलकाता, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 विश्व कप के सुपर-आठ के अहम मुकाबले में नाबाद 97 रनों पारी खेलकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने कहा कि मैंने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों को खेलता देख मैच को फिनिश करना सीखा है। मुझे इस दिन का इंतजार था। सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार लेने के बाद कहा कि यह मेरे लिए मुकम्मल दुनिया मिलने का समान है। जिस दिन से मैंने खेलना शुरू किया मैंने सपना देखा था कि भारत के लिए खेलूंगा। मुझे लगता है कि मैं इसी दिन का इंतजार था। मैं ईश्वर का बहुत शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा मैं पिछले 10-12 साल से आईपीएल खेल रहा हूं और पिछले 10 साल से भारत के लिए खेल रहा हूं। मैं डगआउट में बैठकर रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे महान खिलाड़ियों को खेलते देखा है और इस दौरान मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैंने शायद 50 या 60 मैच ही खेले होंगे लेकिन 100 के करीब मुकाबले मैंने बाहर बैठकर देखे होंगे और मैंने इस दौरान यह देखा है कि कैसे इस खेल के महान खिलाड़ी गेम को फिनिश करते हैं। सैमसन ने कहा कि मैरी यह यात्रा बेहद खास और उतार-चढ़ाव भरी रही है। मैंने बहुत समय स्वयं पर संदेह करते बिताया है, यह सोचते हुए कि 'क्या मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं।' लेकिन मैंने स्वयं पर भरोसा करना जारी रखा और मैं ईश्वर का शुक्रगुजार हूं जो उन्होंने आज मेरे ऊपर अपना आशीर्वाद बनाए रखा। पिछले मैच में हम पहले बल्लेबाजी कर रहे थे इसलिए वहां बड़ा स्कोर खड़ा करना जरूरी था। लेकिन यह मैच पूरी तरह से अलग था। मुझे नहीं लगता था कि मैं इस तरह की कोई विशेष चीज कर पाऊंगा लेकिन मैं अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और मैंने साझेदारियां बनाने पर ध्यान दिया। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे बड़े दिनों में से एक है। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मैं हमेशा से कहते आया हूं कि अच्छे लोगों के साथ हमेशा अच्छा होता है, जो इंतजार करते हैं और जिनके पास धैर्य होता है। अभी उनसे (सैमसन) मिलने पर भी मैंने उन्हें यही कहा। लेकिन यह सब उनके कठिन परिश्रम का नतीजा है। जब वह नहीं खेल रहे थे तो वह बहुत मेहनत कर रहा था। और उन्हें सही मौके पर इसका फल मिला।

## संजू सैमसन ने मुश्किल दौर में बेहतरीन वापसी की : गौतम गंभीर

● कहा: संजू ने मुश्किल दौर में बेहतरीन वापसी की है और उन्हें उम्मीद है कि उनकी लय फाइनल तक जारी रहेगी

**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि संजू सैमसन ने एक मुश्किल दौर के बाद बेहतरीन वापसी की है और उन्हें उम्मीद है कि उनकी लय सेमीफानल और फाइनल में भी जारी रहेगी।

संजू की इस वापसी के बारे में मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि संजू कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। यह सब उन्हें बैक करने (भरोसा जताने) के बारे में था और जब टीम को



उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस दिन उन्होंने इस तरह की बेहतरीन पारी खेली। अभी टूर्नामेंट में कुछ और महत्वपूर्ण मैच शेष हैं। यह उनके लिए लय पकड़ने का समय है। मैंने हमेशा कहा है कि वह एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। वह एक महान प्रतिभा हैं और उम्मीद है कि हम आगे भी उनसे, इसी तरह की पारी देख सकेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन की यह पारी पहली नजर में बेहद आक्रामक दिख सकती है, लेकिन उन्होंने पूरी पारी के दौरान बहुत सोच-समझकर जोखिम लिए और लगातार स्ट्राइक रोटेट करने का प्रयास किया। इसी क्रम में उन्होंने सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और तिलक के साथ छोटी लेकिन महत्वपूर्ण साझेदारियां की। गंभीर ने कहा कि उन्होंने एक बेहतरीन अंदाज में अपनी पारी को नियंत्रित किया। मुझे वास्तव में ऐसा लगा कि उन्होंने कभी पारी को एक्सीलरेट (तेज) नहीं किया। ए सिर्फ बहुत ही सामान्य क्रिकेटिंग शॉट्स थे और मैंने किसी भी गेंद पर उन्हें जबरदस्ती ताकत लगाते हुए भी नहीं देखा। उन्होंने कहा जिम्बाब्वे के खिलाफ उनकी पिछली पारी बेहद महत्वपूर्ण थी। लोग उनके स्कोर और अलग-अलग चीजो को देखते रहेंगे, लेकिन फिर टीम में वापस आना और 23-24 रनों की वह पारी खेलना, उनके लिए अच्छा एहसास रहा होगा। उससे उन्हें बहुत आत्मविश्वास मिला होगा क्योंकि जाहिर तौर पर उस खिलाड़ी के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज कठिन ही थी, लेकिन हम हमेशा उनकी क्षमता को जानते थे। गंभीर ने कहा कि मैंने सैकड़ों क्रिकेटरों को देखा है, लेकिन बहुत से लोगों के पास वह प्रतिभा नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी सीरीजी कठिन रही थी। इसलिए कभी-कभी उन्हें ब्रेक देना भी महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि आप खिलाड़ी को उस दबाव की स्थिति से बाहर निक. ालना चाहते हैं। हम हमेशा जानते थे कि जब भी हमें विश्व कप मैच में उनकी जरूरत होगी, वह आएंगे और हमारे लिए प्रदर्शन करेंगे।

## ललित ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में जीता कांस्य पदक

**इसी जीत के साथ टूर्नामेंट में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई**

**अल्बानिया, वार्ता।** भारतीय पहलवान ललित ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के आखिरी दिन ग्रीको-रोमन 55 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई। रविवार को खेले गए मुकाबले में 23 साल के भारतीय पहलवान, जिन्होंने 2023 में अंडर 23 एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में अपना पहला पोडियम कजाकिस्तान के आर्सेन जुमा पर 9-0 से जीत के साथ पक्का किया, जो पिछले साल अंडर 20 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता थे। इससे पहले ड्रॉ में, ललित ने क्वार्टर-फाइनल में अल्बानिया के एंडी मुका पर 8-0 की टेक्निकल सुपीरियोरिटी से जीत दर्ज की थी। फिर उन्हें सेमी-फाइनल में अजरबैजान के राशद मम्मादोव ने 6-5 से हराया। भारत के विश्वजीत मोरे ने भी ग्रीको-रोमन 55 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा लिया, लेकिन कजाकिस्तान के मार्लन मुकाशेव से कांस्य पदक मुक. ाबला हार गए।

## भारत जून में अफगानिस्तान के साथ एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगा

● यह टेस्ट मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-2027 चक्र का हिस्सा नहीं होगा

**मुम्बई, वार्ता।** भारत जून में अफगानिस्तान के साथ एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैचों की घरेलू सीरीज की मेजबानी करेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाद यह दौरा छह जून से शुरू होगा और 10 जून तक न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा।

इसके बाद 14, 17 और 20 जून को क्रमशः धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में तीन एकदिवसीय खेले जाएंगे। यह दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट होगा। इससे पहले 2018 में पहला टेस्ट मैच खेला गया था, जिसे भारत ने एक पारी और 262 रन से



अफगानिस्तान को हराया था। यह टेस्ट मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र का हिस्सा नहीं होगा। यह भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज भी होगी। अब तक दोनों टीमें इस प्रारुप में केवल एशिया कप और विश्व कप में ही आमने-सामने हुए हैं। मौजूदा टी-20 विश्व कप के बाद भारत की पहली सीरीज होगी। इस सीरीज के बाद भारतीय टीम एक से 19 जुलाई तक पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगा। वहीं अफगानिस्तान विश्व कप समाप्त होते ही संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में श्रीलंका की मेजबानी करेगा और तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगा।

## करीब एक करोड़ आठ लाख में नीलाम हुआ पहला ओलंपिक पदक



● ब्रून रासमुसेन आर्ट्स ऑक्शनियर्स द्वारा आयोजित नीलामी में इस पदक को बिक्री के लिए रखा गया था

**कोपेनहेगन, वार्ता।** डेनमार्क में एक नीलामी में आधुनिक ओलंपिक खेलों के पहले मेडल को लगभग एक करोड़ आठ लाख रुपये यूरो में बेचा गया है। 'ब्रून रासमुसेन आर्ट्स ऑक्शनियर्स' द्वारा आयोजित नीलामी में इस पदक को बिक्री के लिए रखा गया था, जो 1896 में एथेंस में आयोजित दुनिया के पहले आधुनिक ओलंपिक खेलों में प्रदान किया गया था। उन खेलों में, पहले स्थान पर आने वाले विजेताओं को रजत पदक (सिल्वर मेडल) दिए गए थे, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वालों को कांस्य पदक (ब्रोंज मेडल) प्रदान किए गए थे।

स्वर्ण पदक बाद के ओलंपिक खेलों में दिया जाने लगा था। प्रसिद्ध फ्रांसीसी कलाकार जूल्स-क्लेमेंट चैपलैन द्वारा उकेरा गया यह पदक शास्त्रीय प्रतीकों से समृद्ध है। पदक के सामने के हिस्से पर फूल-पत्तों के मुकुट से सुसज्जित यूनानी देवता जड्ूस का चित्र है, जिन्होंने अपने हाथ में एक ग्लोब पकड़ा हुआ है, जिसके ऊपर विजय की देवी नाइकी जैतून की टहनी लिए खड़ी हैं। पहले आधुनिक ओलंपिक में 14 देशों के 241 एथलीटों ने हिस्सा लिया था, जिन्होंने नौ खेलों और 43 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा की थी।

## श्रीलंका महिला टीम ने विंडीज को हराया

● चामरी अटापट्टू दो विकेट/39 रन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका टीम ने विंडीज को हराया

**सेंट जॉर्ज, वार्ता।** चामरी अटापट्टू (दो विकेट/39 रन) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 11 गेंदे शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दी। श्रीलंका ने रविवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में 101 रन के स्कोर पर सिमट गई।

वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। वहीं स्टेफनी टेलर ने (14), डिएंड्रा डॉटिन ने (12) और आलिया एलेन ने (नाबाद 11) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए माल्की मदारा,




नीलक्षिका सिल्वा ने तीन-तीन विकेट लिए। चामरी अटापट्टू को दो विकेट मिले। कविशा दिलहारी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 18.1 ओवर में छह विकेट पर 102 रन बनाकर मुक. ाबला चार विकेट से अपने नाम कर लिया।

श्रीलंका के लिए चामरी अटापट्टू ने 26 गेंदों में सात चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 39 रन बनाए। हसिनी (18) और विशमी गुणरत्ने (10) रन बनाकर आउट हुई। कविशा दिलहारी ने 13 गेंदों में दो चौके लगाते हुए नाबाद 18 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के लिए कियाना जोसेफ और एफी फ्लेचर ने 2-2 विकेट लिए। हेली और करिश्मा रामहरैक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर टिकटों की बिक्री शुरू

● हॉकी इंडिया ने अधिक से अधिक प्रशंसकों की पहुंच के उद्देश्य से ईस्ट स्टैंड के लिए टिकटों की कीमत 100 रुपये नॉर्थ स्टैंड 25 रुपये निर्धारित है

**हैदराबाद, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने कहा है कि आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर हैदराबाद, तेलंगाना के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार से शुरु होगी। यह टूर्नामेंट आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद के जी-एम-सी-बालयोगी हॉकी ग्राउंड खेला जाएगा। हॉकी इंडिया ने अधिक से अधिक प्रशंसकों की पहुंच के उद्देश्य से ईस्ट स्टैंड के लिए टिकटों की कीमत 100 रुपये, नॉर्थ स्टैंड के लिए 50 रुपये और साउथ स्टैंड के लिए 25 रुपये निर्धारित की है। भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में होने वाले एचआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के लिए तीन क्वालिफिकेशन स्पॉट के लिए मुकाबला करेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए टीमों को दो पूल में बांटा गया। इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं, जबकि मेजबान भारत को स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स के साथ पूल बी में रखा गया है। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगी, जिसके बाद 9 और 11 मार्च को स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ मैच होंगे। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि हम एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर हैदराबाद, तेलंगाना के लिए हैदराबाद में सभी हॉकी फैंस का दिल से स्वागत करते हैं। हमें यकीन है कि सपोर्टर्स बड़ी संख्या में आएंगे और जी-एम-सी- बालयोगी हॉकी ग्राउंड के स्टैंड्स को भर देंगे और भारत और दूसरे देशों का हौसला बढ़ाएंगे। इस बड़े टूर्नामेंट को होस्ट करना भारतीय हॉकी के लिए गर्व का पल है और मैं सभी को स्टेडियम आने, खिलाड़ियों को सपोर्ट करने और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी के एक रोमांचक हफ्ते का हिस्सा बनने के लिए बुलाता हूं। हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोला नाथ सिंह ने कहा कि यह हैदराबाद में फैंस के लिए उच्च स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी देखने का एक शानदार मौका है। सस्ती टिकट कीमतों के साथ, हम यह सुश्चिनत करना चाहते हैं कि परिवार, स्टूडेंट्स और युवा खिलाड़ी लाइव मैचों का रोमांच महसूस कर सकें। हम खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक आसान और यादगार इवेंट देने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं।

## 23 वर्षों बाद नई दिल्ली में होगा एसजेएफ आई नेशनल कन्वेंशंन

**चार दिवसीय इस नेशनल कन्वेंशंन में उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण जोन से खेल पत्रकार भाग लेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) का नेशनल कन्वेंशन 2026, 13 से 16 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। 23 वर्षों के अंतराल के बाद यह प्रतिष्ठित वार्षिक आयोजन राष्ट्रीय राजधानी में लौट रहा है।

दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) द्वारा आयोजित यह नेशनल कन्वेंशन एसजेएफआई की स्वर्ण जयंती के अवसर पर हो रहा है, जिससे यह संस्करण संगठन के इतिहास में अत्यंत विशेष और महत्वपूर्ण बन गया है। एसजेएफआई को खेल पत्रकारों की विश्व संस्था इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीएस) से मान्यता और संब(ता प्राप्त है। चार दिवसीय इस नेशनल कन्वेंशंन में उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण जोन से खेल पत्रकार भाग लेंगे। इसके साथ ही भारतीय खेल जगत, खेल प्रशासन और प्रसारण क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां भी इसमें शामिल होंगी।

प्रमुख औद्योगिक सहयोगियों और प्रतिष्ठित ब्रांड्स के समर्थन से 2026 का यह संस्करण एसजेएफआई के इतिहास का सबसे बड़ा और प्रभावशाली आयोजन बनने जा रहा है। कार्यक्रम में पेशेवर संवाद, खेल प्रतिस्पर्धा और व्यापक नेटवर्किंग अवसरों का समावेश होगा। प्रमुख आकर्षणों में शीर्ष खेल प्रशासकों और ओलंपिक दिग्गजों की भागीदारी वाला ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव, जेके बोस इंटर-जोनल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट, एसी बाली टेबल टेनिस टूर्नामेंट, परिवार और युवाओं की सहभागिता हेतु मॉडर्न पायथियन गेम्स तथा विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में भव्य फाइनल एवं समापन समारोह शामिल हैं। डीएसजेए के अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन इस आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। जब एसजेएफआई ने हमें नेशनल कन्वेंशन की मेजबानी सौंपी, तभी हमने इसे ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

हमारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और देशभर की प्रतिष्ठित खेल हस्तियां इस चार दिवसीय आयोजन में भाग लेंगी। मैं खेल मंत्रालय और खेल क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों का इस आयोजन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। विशेष रूप से आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का उनके अमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं। एसजेएफआई के अध्यक्ष सरोजु चक्रवर्ती ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित स्वर्ण जयंती नेशनल कन्वेंशन हमारी यात्रा का ऐतिहासिक पड़ाव है।

पांच दशकों से एसजेएफआई खेल पत्रकारिता में विश्वसनीयता, पेशेवर उत्कृष्टता और एकता का प्रतीक रहा है। 23 वर्षों बाद दिल्ली में वापसी केवल हमारी विरासत का उत्सव नहीं, बल्कि तेजी से बदलते मीडिया परिदृश्य में पेशे के भविष्य की दिशा तय करने का अवसर भी है। हम डीएसजेए के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और सार्थक विमर्श की अपेक्षा रखते हैं। एसजेएफआई के मानद सचिव रमेश वरिकुप्पला ने कहा कि 13 से 16 मार्च 2026 तक दिल्ली में आयोजित यह नेशनल कन्वेंशन केवल एक बैठक नहीं, बल्कि खेल पत्रकारिता में उत्कृष्टता, एकता और नैतिकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुनर्पुष्टि है। मीडिया जगत में तीव्र परिवर्तन के इस दौर में यह आयोजन संवाद, पेशेवर विकास और देशभर के साथियों के बीच सौहार्द बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। मैं इस आयोजन को संभव बनाने के लिए डीएसजेए के समर्पण और दूरदृष्टि के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। स्वर्ण जयंती संस्करण एसजेएफआई के 50 वर्षों के योगदान का उत्सव मनाएगा और प्रिंट से डिजिटल, प्रसारण और मल्टी-प्लेटफॉर्म स्टोरीटेलिग तक खेल पत्रकारिता के विकास को रेखांकित करेगा।

वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधियों, ओलंपिक दिग्गजों और भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख हितधारकों की सहभागिता के साथ, एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन 2026 संगठन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पीसीबी ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के लिए अपने खिलाड़ियों पर लगाया जुर्माना

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (लगभग 18000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सुपर आठ स्टेज के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया और लगातार चौथी बार आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया। पाकिस्तान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। क्रिकइनफो की रिपोर्ट के अनुसार जुर्माना डिसिप्लिनरी कारणों से नहीं है, बल्कि खास तौर पर बोर्ड के अनुसार टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के लिए लगाया गया है। ये जुर्माना ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच के तुरंत बाद लगाया गया था।

### F-1 ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स तय योजना के अनुसार होगी

**मेलबर्न, वार्ता।** फॉर्मूला वन ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स के आयोजक ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में लड़ाई की वजह से यात्रा में रुकावट के बावजूद सीजन की ओपनिंग रेस रविवार को तय योजना के अनुसार होगी। ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स कॉर्पोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ट्रैविस औल्ड ने मेलबर्न में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अधिकारियों, टीम सदस्यों और ड्राइवरों के लिए इस रुकावट से सीजन के पहले रेस वीकेंड पर कोई असर पड़ने की उम्मीद नहीं है। औल्ड ने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के हमलों के बीच पश्चिम एशिया के अंदर और बाहर बड़े पैमाने पर उड़ानों के रद्द होने से कुछ टीमों को यात्रा योजना बदलनी पड़ी हैं।

### अनकैप्ड जोड़ी ट्रेनमैन और ब्राउन को वाका डे-नाइट टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया

**पर्थ, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने इस हफ्ते वाका ग्राउंड पर होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट के लिए रेचल ट्रेनमैन और मैटलन ब्राउन को अपनी अपनी टीम में शामिल किया है। यह दोनों अनकैप्ड खिलाड़ी इस हफ्ते पर्थ में टीम के साथ जुड़ेगी। ट्रेनमैन पहली बार पेरी के कवर के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हुई हैं। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि पेरी टेस्ट में खेलने के लिए अपने क्वाड स्ट्रेन से ठीक हो जाएंगी, लेकिन अगर वह नहीं खेलती हैं तो ट्रेनमैन एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर है। 24 साल की यह खिलाड़ी इस सीजन में 50 ओवर की विमेंस नेशनल क्रिकेट लीग में तस्मानिया के लिए टॉप ऑर्डर में जबरदस्त फॉर्म में है, उसने 81 की औसत से 648 रन बनाए हैं और सीजन की सबसे अत्रिाक रन बनाने वाली खिलाड़ियों में टॉप पर 130 रन आगे है। इस बीच, ब्राउन 2021 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया टीम में शामिल हुई है।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 3 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बढ़ती वैश्विक चिंता

पिछले कुछ समय से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह के हालात बने हुए हैं, उसमें ऐसा लगता है कि कई मोर्चों पर प्रतिस्पर्धी देशों के बीच विवादित मुद्दों को सुलझाने के लिए संवाद के बजाय संघर्ष को ही आखिरी हल मान लिया गया है। हैरानी की बात यह है कि युद्ध के खिलाफ शांति का पाठ पढ़ाने वाले कुछ ताकतवर देशों के नेताओं को भी अपने प्रभाव से संघर्ष को टालने के रास्ते तलाश करना प्राथमिक नहीं लगता। इसके उलट वे तनाव को सीधे टकराव में तब्दील करने वाले अभियानों में शामिल होना जरूरी समझते हैं। बीते कुछ महीनों से इजराइल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ जिस तरह का माहौल बनाना शुरू किया था, उससे साफ था कि अगर विवाद के मूल बिंदुओं को केंद्र में रखकर अंतर्राष्ट्रीय मंचों की मध्यस्थता में बिना देरी किए संबंधित पक्षों के बीच वार्ता की गुंजाइश नहीं निकाली गई, तो हालात को संभालना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति के बीच शनिवार को इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर साझा हमला करके अपनी मंशा साफ कर दी। अपने हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत को इजराइल और अमेरिका भले अपनी कामयाबी मानें, लेकिन इसके बाद अब ताजा सिरे से क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। जवाब के तौर पर ईरान ने भी अमेरिका और इजराइल के कई ठिकानों पर समान तीव्रता वाले हमले किए और कई जगहों पर व्यापक क्षति हुई। सवाल है कि इस युद्ध का उद्देश्य आखिर क्या है? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मकसद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से आगे ईरान की सत्ता में बैठे व्यवस्थाओं को हटाना है। यह समझना मुश्किल है कि अमेरिका एक ओर ईरान को परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिए दबाव बनाता रहा है, तो अब वह अपना उद्देश्य मौजूदा ईरानी सत्ता को खत्म करना बता रहा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए ओमान की मध्यस्थता में शांति वार्ता भी चल रही थी। हालांकि ईरान ने युद्ध से बचने की इच्छा जरूर जताई थी, लेकिन उसने यूरेनियम समृद्ध करने के अधिकार रखने की बात दोहराई। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद यह वार्ता फिलहाल बेमानी हो चुकी है। जिस दौर में विकास के नारे के साथ सभी देश बेहतर भविष्य का सफर तय करना चाहते हैं, उसमें संवाद के रास्ते बंद करके युद्ध का रास्ता अख्तियार करने का नतीजा आखिर क्या निकलेगा? रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध वैश्विक शांति के लिए पहले ही एक जटिल चुनौती है। हाल ही में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भड़की खुली जंग ने भी एक नया मोर्चा खोल दिया। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले और खासतौर पर खामेनेई की मौत के बाद ईरान की प्रतिक्रिया क्या होगी, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कैसे समीकरण खड़े होंगे और युद्ध कितने बड़े दायरे में फैलेगा, यह प्रश्न वैश्विक चिंता को बढ़ाने वाले हैं।

## भारत सरकार अपना रुख स्पष्ट करे



मानवता पर संकट की घड़ी में विश्व समुदाय को संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए, किसी भी प्रकार की हिंसा और युद्ध में आम नागरिकों की जान जाना अत्यंत पीड़ादायक है, मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत शांति स्थापना के लिए क्या कूटनीतिक प्रयास कर रहा है और क्या वह युद्ध को रोकने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, युद्धकालीन स्थितियों में कई तरह की सूचनाएं सामने आती हैं, जिनमें से कुछ अपुष्ट भी हो सकती हैं, ऐसे में केंद्र सरकार का दायित्व है कि वह आधिकारिक स्तर पर तथ्यों की पुष्टि कर पारदर्शिता बनाए रखे, ताकि भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# काठमांडू बनाम दिल्ली





विनीत नारायण

काठमांडू उस देश की राजधानी है जो आर्थिक प्रगति में भारत से कहीं पीछे है। पर हर मायने में भारत की राजधानी दिल्ली से कहीं आगे है। सारे शहर की सड़कें और फुटपाथ बिल्कुल साफ हैं, जहां हर वक्त सफाईकर्मी मुस्तैदी से डटे रहते हैं। ऐसा लगता है कि मोदी जी का 'स्वच्छ भारत अभियान' भारत के लिए नहीं बल्कि नेपाल के लिए था। क्योंकि भारत की राजधानी दिल्ली में तो जहां निगाह डालिए वहीं कूड़े के अंबार लगे पड़े हैं।

यही हाल काठमांडू शहर के सार्वजनिक शौचालयों का भी है। जो इतने साफ रहते हैं कि आश्चर्य होता है कि मानो किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के शौचालय हों। दूसरी ओर दिल्ली के ज्यादातर सार्वजनिक शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि आसानी से घुसने की हिम्मत नहीं पड़ती। काठमांडू की एक और खघसियत ने पिछले तीन दिनों में मेरा ध्यान आकर्षित किया। वो है यहां की ट्रैफिक व्यवस्था। सभी व्यस्त सड़कों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मी सतर्क और सक्रिय रह कर ट्रैफिक नियंत्रित करते हैं। इतना ही नहीं यहां के नागरिक भी ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारी से पालन करते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात तो यह थी कि काठमांडू की सड़कों पर गाड़ियों के हॉर्न का कर्कश शोर बिल्कुल भी सुनाई नहीं देता। यहां के ट्रैफिक नियमों के अनुसार आपातकालीन स्थिति को छोड़ कर, सामान्य स्थिति में हॉर्न बजाना वर्जित है और इस नियम को न मानने पर जुर्माना ठोक दिया जाता है। इससे काठमांडू में ध्वनि प्रदूषण की कोई समस्या नहीं है। इसके साथ ही वायु प्रदूषण की तो यहां कोई समस्या ही नहीं है। जहां दिल्ली में ।फ्प की मात्रा 400 तक पहुंच जाती है वहां काठमांडू का ।फ्प नगण्य है। हालांकि इसके कई कारण हैं, एक तो कठमाडू एक घाटी में बसा है और चारों ओर पहाड़ों से घिरा है। दूसरा यहां की आबादी बहुत कम है और कारखघनों की संख्या भी उतनी ज्यादा नहीं। इसलिए वायु प्रदूषण की दिल्ली के साथ तुलना को छोड़ा भी जा सकता है।

परंतु ऐसे कई अन्य कारण भी हैं जो काठमांडू को दिल्ली से बेहतर बनाते हैं। मिसाल के तौर पर यहां कानून व्यवस्था, दिल्ली की तुलना में काफी व्यवस्थित है। यहां के नागरिक बताते हैं कि आधी रात को भी यहां महिलाएं बेझिझक अकेली निकल सकती हैं। किसी भी तरह की छीना-झपटी नहीं होती। न ही महिलाओं के साथ किसी भी तरह की छेड़-छाड़ होती है। काठमांडू और नेपाल में कई विश्व प्रसिद्ध मंदिर भी हैं और पर्यटन की भी अनेकों जगह हैं। यहां जाने पर भी पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के साथ किसी भी तरह का छल-कपट और नाजायज उगाही नहीं की जाती। प्रशासन की तरफ से जो भी कर्मचारी तैनात किए जाते हैं वो पर्यटकों की हर संभव सहायता करते दिखाई देते हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' हो या कोई अन्य अभियान, किसी भी अभियान को प्रचारित करना आसान होता है, जो कि अखबारों और टीवी विज्ञापनों के जरिए किया जा सकता है। पर उस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि देश की जनता ने उसे किस सीमा तक आत्मसात किया। अब मोदी जी के 'स्वच्छ भारत अभियान' को ही ले लीजिए। जितना इस अभियान का शोर मचा और प्रचार हुआ उसका 5 फीसदी भी धरातल पर नहीं उतरा। भारत के किसी भी छोटे बड़े शहर, गांव या कस्बे में चले जाइए तो आपको गंदगी के अंबार पड़े दिखाई देंगे। इसलिए इस अभियान का निकट भविष्य में भी सफल होना संभव नहीं लगता। क्योंकि जमीनी चुनौतियां ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। स्वदेशी अभियान की सफलता भी जन-जागरण, सतत् निगरानी और व्यवहार परिवर्तन पर निर्भर करती है। अगर आम नागरिक इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं तभी यह आंदोलन सफल होगा।

निसंदेह 'स्वच्छ भारत अभियान' मोदी जी की एक प्रशंसनीय पहल थी। पहली बार किसी प्रधान मंत्री ने हमारे चारों ओर दिनों-दिन जमा होते जा रहे कूड़े के ढेरों की बढ़ती समस्या के निस्तारण का एक देश व्यापी अभियान छेड़ा था। उस समय बहुत से नेताओं, फिल्मी सितारों, मशहूर खिलाड़ियों व उद्योगपतियों तक ने हाथ में झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवा कर इस अभियान का गणेश किया था। पर सोचें आज हम कहां खड़े हैं? शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई सफाई व्यवस्था बनाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। कचरा पृथक्करण, पुनः उपयोग और रीसायक्लिंग की जागरूकता में अपेक्षाकृत कमी दिखती है। कुछ जगहों पर शौचालयों के रख-रखाव, जल आपूर्ति और व्यवहार परिवर्तन को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं।

इसलिए अभियान के उद्देश्य और जमीनी सच्चाई में अंतर बना हुआ है और अनेक स्थानों पर पुराने तरीकों का पालन अब भी हो रहा है। दिल्ली हो या देश का कोई अन्य शहर यदि कहीं भी एक औचक निरीक्षण किया जाए तो स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का पता चल जाएगा। यदि इतने बड़े स्तर शुरू किए गए अभियान की सफलता अगर काफी कम पाई जाती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? निसंदेह स्थानीय निकाय जिम्मेदार हैं। किंतु हम सब नागरिक भी कम जिम्मेदार नहीं है। उल्लेखनीय है कि यदि हम नागरिक किसी साफ सुथरे मॉल या अन्य स्थान पर जाते हैं तो सभी नियमों का पालन करते हैं। कचरे को केवल कूड़ेदान में ही डालते हैं। इस तरह हम एक साफ सुथरी जगह को साफ रखने में सहयोग अवश्य देते हैं। लेकिन ऐसा क्या कारण है कि जहां किसी नियम को सख्ती से लागू किया जाता है तो हम पूरा सहयोग देते हैं परंतु जहां कहीं भी किसी नियम को लागू करने में एजेंसियां ढिलाई बरतती हैं या हमारे विवेक पर छोड़ देती हैं तो आम नागरिक भी उसे हल्के में ले लेता है। भाजपा या अन्य दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं, स्थानीय निकायों और हम सब आम नागरिकों को भी भारत को कचरा मुक्त देश बनाने के लिए अब कमर कसनी होगी। क्योंकि ए कार्य केवल नारों और विज्ञापनों से नहीं हो पाएगा।

आश्चर्य की बात तो यह है कि हम सब जानते हैं कि लगातार कचरे के ढेरों का, हमारे परिवेश में चारों तरफ बढ़ते जाना, हमारे व हमारी आनेवाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य के लिए कितना खघ्तरनाक है? फिर भी हम सब निष्क्रिय बैठे हैं। हमें जागना होगा और इस समस्या से निपटने के लिए सक्रिय होना होगा। इसलिए नारे चाहे 'स्वच्छता' के लगें या 'स्वदेशी' के, जनता की भागीदारी के बिना, नारे नारे ही रहेंगे।

यही हाल काठमांडू शहर के सार्वजनिक शौचालयों का भी है। जो इतने साफ रहते हैं कि आश्चर्य होता है कि मानो किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के शौचालय हों। दूसरी ओर दिल्ली के ज्यादातर सार्वजनिक शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि आसानी से घुसने की हिम्मत नहीं पड़ती। काठमांडू की एक और खघसियत ने पिछले तीन दिनों में मेरा ध्यान आकर्षित किया। वो है यहां की ट्रैफिक व्यवस्था। सभी व्यस्त सड़कों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मी सतर्क और सक्रिय रह कर ट्रैफिक नियंत्रित करते हैं। इतना ही नहीं यहां के नागरिक भी ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारी से पालन करते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात तो यह थी कि काठमांडू की सड़कों पर गाड़ियों के हॉर्न का कर्कश शोर बिल्कुल भी सुनाई नहीं देता। यहां के ट्रैफिक नियमों के अनुसार आपातकालीन स्थिति को छोड़ कर, सामान्य स्थिति में हॉर्न बजाना वर्जित है।

# बालेन शाह को लेकर खौफजदा हैं पुरानी पार्टियां



यशोदा श्रीवास्तव

इस बार के चुनाव में नेपाल को कैसी सरकार नसीब होती है, इसके कयास लगाए जाने लगे है। किसी एक दल की पूर्ण बहुमत की सरकार को लेकर सभी के मन में शंका है। भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय का साफ कहना है कि नेपाल के नसीब में किसी एक दल की स्थाई सरकार न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद से यह स्थिति बनी हुई है और यही कारण है कि नेपाल में लोकतंत्र को मजबूती नहीं मिल पा रही है। इस बार भी और शायद आगे कुछ और सालों तक नेपाल में स्थाई सरकार दूर दूर तक नजर नहीं आती।

इस सबके बीच विकट परिस्थितियों में हो रहे इस चुनाव में प्रधानमंत्री पद के तीन बड़े चेहरों पर लोगों की निगाह टिकी हुई है। नंबर एक पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बालेन शाह हैं। दूसरे पर नेपाली कांग्रेस के गगन थापा और तीसरे नंबर पर एमाले के केपी शर्मा ओली हैं। चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा,बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसे अटकी हुई है।सवाल उठता है कि यदि किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो किस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और इसमें कौन-कौन दल शामिल हो सकते हैं? यदि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में नहीं आ पाती तो उसकी भूमिका क्या होगी?

पिछले चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को पूर्वी नेपाल में 20 सीटें हासिल हुई थी। यह काफी मायने रखता है क्योंकि बेहद कम समय में उदय होने वाली किसी भी पार्टी को मिली यह बड़ी सफलता है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि लामी छाने की कोई राजनीतिक पहचान नहीं थी। वे टीवी जर्नलिस्ट थे और एक न्यूज चौनल पर अपनी खास प्रस्तुति के जरिए नेपाल के युवाओं में खासा लोकप्रिय थे। 2022के चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़े और बीस सीटों के साथ नेपाल प्रतिनिधि सभा में धमाके दार इंट्री की। ओली की गठबंधन सरकार में वे उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री बने लेकिन इस पद पर बहुत दिनों तक टिक नहीं सके। उन्हें अमरीकी नागरिकता विवाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पद छोड़ना पड़ा था लेकिन जितने दिन तक वे इस पद पर थे, ब्यूरो क्रेट और राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे। बतौर गृह मंत्री उन्होंने कई बड़े अफसरों और सभी पार्टियों के बड़े बड़े नेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर नेपाल की राजनीति में खलबली मचा दी थी। हालांकि बाद में वे अमरीकी नागरिकता विवाद से मुक्त हो कर फिर प्रतिनिधि सभा में वापस आए लेकिन तब तक वे अन्य राजनीतिक दलों की आंख की किरकिरी बन चुके थे। हां अपनी छोटी सी राजनी. तिक यात्रा में उनकी शिनाख्त एक इमानदार और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले नेता की हो चुकी थी। हालांकि धोखाधड़ी के एक मामले में वे स्वंय कानूनी जंग लड़ रहे हैं। जेन जी आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के नेतृत्व में हो रहे इस चुनाव में सुडान गुरूंग के साथ काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह भी रवि लामी छाने के साथ आ गए। सुडान गुरूंग जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में जाने जाते हैं, वहीं बालेन शाह की पहचान एक रैपर और इंजीनियर की है। उन्होंने निर्दल लड़ कर काठमांडू नगर निगम के मेयर पद का चुनाव जीता था। बतौर मेयर उन्होंने अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का मानचित्र लगा कर राष्ट्र वादी नेता की छवि धारण करने की कोशिश की थी। जेन जी आंदोलन के बाद जब अंतरिम सरकार के गठन की नौबत आई तो जेन जी का एक धड़ा बालेन को प्रधानमंत्री बनाने के पक्ष में था जो फलीभूत नहीं हो सका। अब जब बालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में झापा क्षेत्र संख्या पांच से एमाले अध्यक्ष और पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं तो संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उनकी चर्चा लाजिमी है।

नेपाल के इस चुनाव का परिणाम वैश्विक स्तर पर भी खास है। क्योंकि पूर्व की परंपरावादी राजनीतिक दलों की हालत बहुत बेहतर नहीं है। पुरानी पार्टी में एक नेपाली कांग्रेस है जिसके ठीक-ठाक प्रदर्शन की उम्मीद है लेकिन यह पार्टी भी अब नए नेतृत्व के अधीन है। भारी अंतर्विरोध के बीच वरिष्ठ नेता गगन थापा को नया अध्यक्ष चुना गया है। गगन थापा अपनी पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। नेपाली कांग्रेस के भी अकेले दम पर सत्ता में आने की संभावना नहीं है फिर भी इस पार्टी के नए अध्यक्ष के रुख को लेकर चर्चा होती रहती है। हालांकि उन्होंने साफ कहा है कि नेपाल भारत और चीन के मध्य स्थित है इसलिए इसे दोनों देशों से संतुलन बना कर ही आगे बढ़ना होगा। गगन थापा के इस कथन को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सकारात्मक दृष्टि से देखा गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का विराट संगम है होली



रंगों का उल्लास, ढोल की थाप, अबीर-गुलाल की उड़ती धूल और हृदय में उमड़ती अपनत्व की भावना, होली केवल एक उत्सव नहीं, भारतीय संस्कृति की जीवंत आत्मा का उत्स्फुरण है। बुराई पर अच्छाई की विजय, अहंकार पर विनम्रता की जीत और अटूट भक्ति की शक्ति का संदेश देता यह पर्व सामा. जिक समरसता, समानता और बंधुत्व का अद्भुत प्रतीक है। भारतीय उपमहाद्वीप का यह प्रमुख त्योहार मनोरंजन का माध्यम भर नहीं बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का विराट संगम है। प्रेम, क्षमा, एकता, आत्म-शुद्धि, नवीनता और आनंद का संदेश देने वाला यह पर्व मानव जीवन को भीतर से परिष्कृत करने की प्रेरणा देता है।

होली की मूल कथा भक्त प्र]लाद और उसके पिता हिरण्यकश्यप से जुड़ी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हिरण्यकश्यप का अहंकार इतना बढ़ गया था कि वह स्वयं को ईश्वर से भी ऊपर मानने लगा था। उसने अपने राज्य में ईश्वर-भक्ति पर प्रतिबंध लगा दिया किंतु उसका पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। प्रहलाद की अटूट आस्था से क्रुद्ध होकर हिरण्यकश्यप ने उसे अनेक प्रकार से मृत्यु देने का प्रयास किया। अंततः उसने अपनी बहन होलिका, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, को आदेश दिया कि वह प्रहलाद को गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश करे। किंतु ईश्वर की कृपा से प्रहलाद सुरक्षित रहे और होलिका अग्नि में भस्म हो गई। यह प्रसंग स्पष्ट करता है कि अहंकार का अंत निश्चित है और सच्ची भक्ति तथा सत्य की सदैव विजय होती है। इसी स्मृति में हो. लिका दहन किया जाता है, जो हमारे भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों (ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध और अहंकार) को जलाने का प्रतीक है। होली केवल प्रहलाद की कथा तक सीमित नहीं है। यह राधा-कृष्ण के प्रेम और आनंद का भी पर्व है। भगवान कृष्ण की बाल-लीलाओं में होली का विशेष स्थान है। ब्रजभूमि में कृष्ण और राधा के प्रेमपूर्ण रंगोत्सव की परंपरा आज भी जीवंत है। मान्यता है कि गोकुल में पूतना वध के उपरांत हर्षोल्लास में होली खेली गई थी। वृंदावन की गलियों में रास-लीला और रंगों की छटा इस पर्व को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर देती है। इसी प्रकार भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद की कथा इस पर्व को धार्मिक गहराई प्रदान करती है। होली का संबंध भगवान शिव से भी जोड़ा जाता है, जिनकी तपस्या और तांडव सृष्टि के संतुलन का संदेश देते हैं। इस प्रकार होली विविध धार्मिक परंपराओं का संगम बनकर भारतीय संस्कृति की बहुरंगी छटा को प्रकट करती है।

आध्यात्मिक दृष्टि से होलिका दहन का महत्व अत्यंत गहन है। 'होलिका' शब्द का एक अर्थ 'भुना हुआ अन्न' भी माना गया है। होलिका दहन के अवसर पर गेहूं और जौ की बालियों को भूनने की परंपरा इसी का प्रतीक है। जैसे भुना हुआ अन्न पुनः अंकुरित नहीं होता, वैसे ही ज्ञान की अग्नि में तपकर किया गया कर्म बंधनरहित हो जाता है। यह कर्मयोग का संदेश है, कर्म करो किंतु फल की आसक्ति छोड़ दो। सामूहिक अग्नि के समक्ष नारियल, गोबर के उपले, कंडे, हरे चने और ऋतु-फल अर्पित करना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने की भारतीय परंपरा का प्रतीक है। अग्नि को नकारात्मक ऊर्जा के विनाश और सकारात्मक ऊर्जा के संचार का माध्यम माना गया है। होली सामाजिक समानता का भी महान पर्व है। इस दिन जाति, वर्ग, धर्म और आर्थिक भेदभाव की दीवारें ढ़ह जाती हैं। रंगों की एक ही परत सबको एक समान बना देती है। राजा और रंक, अमीर और गरीब, सभी एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हैं। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि मनुष्य होने का अर्थ है विनम्रता और करुणा से परिपूर्ण होना। सत्ता, धन, वैभव और शक्ति का अहंकार अंततः विनाश की ओर ले जाता है। होली हमें यह शिक्षा देती है कि हम अपने भीतर की दंभ-ग्रंथि को त्यागकर सरल और सहृदय बनें। भारतीय साहित्य और लोक परंपरा में भी होली का विशेष स्थान है। संस्कृत और अवधी के महाकवियों ने अपने काव्य में इस उत्सव की छटा का मनोहारी वर्णन किया है। भक्तिकालीन कवि सूरदास ने वसंत और होली पर अनेक पदों की रचना की, जिनमें कृष्ण-राधा के प्रेम और रंगोत्सव की झलक मिलती है। ब्रज में वसंत पंचमी से ही होली की शुरुआत हो जाती है और फाल्गुन पूर्णिमा तक उत्सव का रंग गहराता जाता है। मथुरा और वृंदावन में 14 दिनों तक चलने वाले उत्सव में श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिलता है। बरसाना की लठमार होली, नंदगांव की रंगभरी होली और फाल्गुनी गीत इस पर्व को विशिष्ट पहचान देते हैं। होली का एक गहरा मनोवैज्ञानिक पक्ष भी है। रंग हमारे मनोभावों को प्रभावित करते हैं। लाल ऊर्जा और उत्साह का प्रतीक है, पीला ज्ञान और आशा का, हरा समृद्धि और संतुलन का, नीला व्यापकता और शांति का। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं तो यह केवल बाहरी रंग नहीं बल्कि भावनात्मक आदान-प्रदान का प्रतीक होता है। पुराने गिले-शिकवे भुलाकर नए संबंधों की शुरुआत करना ही सच्ची होली है। यह पर्व हमें भीतर झांकने और आत्ममंथन करने का अवसर देता है कि क्या हमने अपने मन की अशुद्धियों को सचमुच जलाया है? क्या हमने क्षमा और प्रेम को अपनाया है? दीपावली जहां बाहरी स्वच्छता का संदेश देती है, वहीं होली आंतरिक शुद्धि का पर्व है। यह दो ऋतुओं के संधिकाल में आता है, जब प्रकृति स्वयं परिवर्तन के दौर से गुजरती है। पेड़ों पर नई कोपलें

**-अतुल गोयल**

# लारीजानी का अमेरिका के साथ बातचीत से इन्कार

## अमेरिका और इजरायल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने के बने आसार

**तेहरान।** ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ किसी भी नई बातचीत से इनकार कर दिया है। इससे ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने के साथ ही बयानबाजी और बढ़ गई है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव लारीजानी ने 'पर्दे के पीछे गोपनीय बातचीत (बैक चैनल डिप्लोमेसी)' की खबरों को खारिज कर दिया है और अमेरिकी राष्ट्रपति पर आरोप लगाया कि उन्होंने 'भ्रम वाली हरकतें' करके इस इलाके को अस्थिरता में धकेल दिया है।

लारीजानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रम्प ने अपने 'अमेरिका पहले' नारे को 'इजरायल पहले' में बदल दिया है और इजरायल की इच्छाओं के लिए अमेरिकी सैनिकों की कुर्बानी दे दी है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने अपनी भ्रम वाली कल्पनाओं से पश्चिम एशिया को अराजक स्थिति में धकेल दिया है और अब उन्हें और अमेरिकी लोगों के मारे जाने का डर है। लेकिन ईरान अपना अभियान जारी रखेगा। गौरतलब है कि अमेरिका -इजरायल मिसाइल हमले में ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने



■ ट्रम्प ने अपनी भ्रम वाली कल्पनाओं से पश्चिम एशिया को अराजक स्थिति में धकेल दिया है: लारीजानी

खाड़ी में अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाकर जवाबी हमले किए। इसमें बहरीन में लोगों के मारे जाने और इराक और कुवैत में और बमबारी होने की खबरें हैं। अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने 1000 से ज्यादा ईरानी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें भूमिगत मिसाइल ठिकाने भी शामिल हैं और कई ईरानी नौसैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है। ट्रम्प ने ईरान सुरक्षा बलों को हथियार डालने या 'मौत' का सामना करने की चेतावनी दी और संकेत दिया कि अमेरिकी सैन्य अभियान लगभग चार हफ्ते तक चल सकता है। तस्नीम न्यूज एजेंसी ने सोमवार को बताया कि ईरान सुरक्षा बलों ने देश के पश्चिम में एक इजराइली हर्मीस ड्रोन को मार गिराया है। लोरेस्तान प्रांत के प्रशासनिक केन्द्र खोरमाबाद शहर के पास भी एक इजराइली ड्रोन को मार गिराया गया है। इजरायली सेना ने कहा है कि ईरान ने इजरायल की ओर और मिसाइलें दागीं लेकिन उसकी वायु सुरक्षा प्रणाली ने उन्हें हवा में ही रोक कर नष्ट कर दिया।

### ट्रम्प ने अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की खाई कसम, संघर्ष तेज

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान पर सैन्य हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक वाशिंगटन के सभी लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते। उन्होंने तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की कसम खाई। ट्रम्प की ये टिप्पणी ईरान द्वारा संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी देशों, जहां अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले करने के बाद शत्रुता में तीव्र वृद्धि के बीच आई है। ईरानी कार्रवाई को अमेरिका और इजरायल द्वारा पहले किए गए संयुक्त हमलों का प्रतिशोध बताया गया है। अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने इजरायल के साथ मिलकर किए गए एक बड़े समन्वित हमले के बाद पिछले 24 घंटों में ईरान के अंदर 1000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और लगभग 40 वरिष्ठ राजनीतिक और सैन्य अधिकारी मारे गए, जिससे ईरान के नेतृत्व ढांचे को निर्णायक झटका लगा है। इस स्थिति ने व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका बढ़ा दी है, जिसके चलते खाड़ी देशों ने अपनी सेनाओं को हाई अलर्ट पर रखा है।

# जंग के बीच ट्रम्प ब्रिटेन से नाराज

■ ईरान पर हमले के लिए जल्दी ब्रिटिश मिलिट्री बेस चाहते थे, पीएम स्टार्मर ने 48 घंटे बाद परमिशन दी ईरान ने मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल- अमेरिका और ईरान जंग का आज तीसरा दिन है। युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पुराने सहयोगी ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। दरअसल ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद अंपना मिलिट्री बेस डिएगो गार्सिया देने में काफी देर लगाई है। अमेरिका जंग के पहले दिन ही इस बेस से ईरान पर हमला करना चाहता था, लेकिन ब्रिटेन ने 48 घंटे बाद इसकी इजाजत दी और कहा कि अमेरिका को यहां से सिर्फ ईरान के मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाने की परमिशन होगी। इसे लेकर ट्रम्प ने कहा है कि वे ब्रिटिश पीएम से बेहद निराश है। ईरान ने सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया है। कुवैत में अमेरिका के कई फाइटर जेट क्रैश हो गए है। जेट हवा में गोल-गोल घूमने के थोड़ी देर बाद जमीन से टकरा गए। हालांकि, इसमें किसी मौत की नहीं हुई है। दूसरी ओर ईरान के टॉप नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के जवाब में आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से फिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश की है।

## अमेरिका-इजरायल हमले में ईरान में अब तक 550 लोगों की मौत

■ फ्रांस और ब्रिटेन ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का ऐलान किया

**तेहरान।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले तीसरे दिन भी जारी रहे और ईरान ने प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करते हुए खाड़ी के कई देशों को निशाना बनाया। इन हमलों में ईरान में बीते दो दिनों में 555 लोगों की मौत हो गई है और देश के 131 नगरों को इन हमलों में खासा नुकसान पहुंचा है। युद्ध क्षेत्रों में मानवीय सहायता पहुंचाने वाली संस्था रेड क्रिसेंट ने यह जानकारी दी है। इस बीच फ्रांस और ब्रिटेन ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का ऐलान किया है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरट ने कहा है उनका देश खाड़ी के देशों की सुरक्षा करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि फ्रांस, ईरान के खिलाफ जार्डन की मदद करेगा। उनके सहयोगी देशों बहरीन, कुवैत, ओमान,कतर, इराक को इस जंग में घसीटा गया है। हम उनकी सुरक्षा के लिए तैयार हैं। इस बीच बहरीन पर हुए ईरानी हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटेन के विदेश मंत्री कूपर ने कहा कि साइप्रस के ब्रिटिश सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में ब्रिटेन को अपनी जिम्मेदारी का अहसास है और यह खाडी में हमारे सहयोगियों की रक्षा से संबंधित है। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हम क्षेत्र में अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगे, जिसमें आवश्यक और आनुपातिक रक्षात्मक कार्रवाई सक्षम करना शामिल हो सकता है, ताकि ईरान की मिसाइल और ड्रोन दागने की क्षमता को उनके स्रोत पर नष्ट किया जा सके। बयान में कहा गया कि इस मुद्दे पर तीनों देश अमेरिका और क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि ब्रिटेन ने अमेरिकी अनुरोध स्वीकार करते हुए अपने ठिकानों के उपयोग की अनुमति 'विशिष्ट और सीमित रक्षात्मक उद्देश्य' के लिए दी है। स्टारमर ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में हमारे साझेदारों ने हमसे उनकी रक्षा के लिए और अधिक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। समन्वित रक्षात्मक अभियानों के तहत ब्रिटेन के जेट विमान पहले से ही हवा में हैं और उन्होंने ईरानी हमलों को सफलतापूर्वक रोका है। उन्होंने कहा कि खतरे को रोकने का एकमात्र तरीका मिसाइलों को उनके स्रोत पर नष्ट करना है, चाहे वे भंडारण डिपो में हों या लॉन्चर पर। उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्रिटेन ईरान पर प्रारंभिक हमलों में शामिल नहीं था।

# इजरायली हमले से लेबनान में 31 की मौत

■ इन इलाकों में हिजबुल्लाह का प्रभाव है

**बेरूत।** लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों और दक्षिणी लेबनान में सोमवार को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और 149 अन्य घायल हुए।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। इजरायल ने ये हमले तब किए जब हिजबुल्ला ने ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के मारे जाने के प्रतिशोध में इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन दागे। टाइम्स ऑफ इजरायल ने इजरायली सेना के हवाले से कहा कि उसने बेरूत के दहिएह इलाके और दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के 'शीर्ष कमांडरों' को निशाना बनाते हुए 'सटीक हमले' किए। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी एनएनए ने देश के विभिन्न हिस्सों में हवाई हमलों की पुष्टि की, जिनमें बेरूत के दक्षिणी उपनगर भी शामिल हैं। इन इलाकों में हिजबुल्लाह का प्रभाव है। दूसरी ओर, इजरायल के सेना प्रमुंख इयाल जमीर ने कहा कि सेना ने हिजबुल्ला के खलिाफ़ हमले शुरू किए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यह अभियान 'कई दिनों' तक चलेगा क्योंकि देश की उत्तरी सीमा पर लड़ाई तेजी से बढ़ रही है।

इजरायली सेना ने एक बयान में दक्षिण और पूर्वी लेबनान के लगभग 50 कस्बों और गांवों के निवासियों को तत्काल घर खाली करने की चेतावनी भी जारी की। सेना की प्रवक्ता एला वावेया ने कहा कि लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए गांवों से कम से कम एक हजार मीटर दूर खुले क्षेत्रों में जाना चाहिए। इससे पूर्व, हिजबुल्ला ने इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली और कहा कि यह कार्रवाई ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या और लेबनान पर 'बार-बार इजरायली हमलों' के जवाब में की गई है। हिज्बुल्ला ने यह भी कहा कि उसने लेबनान की रक्षा में ए हमले किए हैं। इस बीच, लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ़ सलाम ने रॉकेट हमलों को 'गैर-जिम्मेदाराना' बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई लेबनान की सुरक्षा को खतरे में डालती है और इजरायल को हमले जारी रखने का बहाना देती है। सलाम ने हिजबुल्ला का नाम लिए बिना दोषियों को रोकने और लेबनानी जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प जाहिर किया।

## खामेनेई की मौत के बाद कराची में विरोध प्रदर्शन में 23 लोग मरे, कई घायल

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त मिसाइल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में हुए प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और अनेक घायल हो गए। रिपोर्टों के अनुसार, कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़पों में 10 लोगों की मौत हुई, जबकि गिलगित-बाल्टिस्तान के स्कर्दू में 11 लोगों की जान गई। राजधानी इस्लामाबाद में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमले में खामेनेई की हत्या की पुष्टि के बाद विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। विभिन्न संगठनों ने इन विरोध प्रदर्शनों का आह्वान किया था। कराची में प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर 'अमेरिका मुर्दाबाद' और 'इजरायल मुर्दाबाद' के नारे लगाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए गोलीबारी की और आंसू गैस के गोले छोड़े।

## ईरान-अमेरिका तनाव की कहानी, सात दशक पुरानी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की शनिवार तड़के मौत के साथ दोनों देशों के बीच का दशकों पुराना तनाव अपने चरम पहुंच गया है। खामेनेई के गुरु अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में 1979 में हुई इस्लामी क्रांति के बाद से ही अमेरिका ईरान का सबसे बड़ा विरोधी बना हुआ है।






## अब तक किसी परमाणु रिएक्टर पर हमला नहीं

■ अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा:लेकिन रेडियोधर्मिता रिसाव का खतरा बरकरार

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि अब तक ईरान के किसी भी परमाणु ठिकाने पर हमला नहीं हुआ है, लेकिन 'रेडियोधर्मिता रिसाव' की संभावना को टाला नहीं जा सकता। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने ईरान और पश्चिम एशिया में जारी सैन्य हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और परमाणु प्रतिष्ठानों पर किसी भी तरह के सशस्त्र हमले से बचने की अपील की है। ग्रोसी ने कहा कि आईएईए स्थिति की निगरानी जारी रखेगा और यदि परमाणु सुरक्षा में कोई उल्लंघन होता है तो सदस्य देशों को तत्काल तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

## साइप्रस में ब्रिटिश एयरबेस पर ड्रोन हमला

**निकोसिया।** साइप्रस के दक्षिणी तट पर अक्रोटिरी में ब्रिटिश एयरबेस पर सोमवार सुबह एक ड्रोन ने हमला किया। बेस अधिकारियों और साइप्रस सरकार ने यह जानकारी दी है। बेस के अधिकारियों ने बताया कि एक 'छोटे ड्रोन' ने विमान क्षेत्र पर हमला किया।









## नूर खान बेस पर अफगान का हमला, मारे गए 35 पाक सैनिक

■ अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चार दिनों से दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हैं। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया, अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए हैं।

इस कार्रवाई से दोनों पड़ोसी देशों के बीच हालात और ज्यादा बिगड़ गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में अफगान रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हमले रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर हुए। इसके अलावा बलूचिस्तान के क्वेटा में 12वीं डिवीजन के मुख्यालय और खैबर पख्तूनख्वा की मोहमंद एजेंसी में ख्वाजाई कैंप पर भी बमबारी की गई। तालिबान का दावा है कि उन्होंने पाकिस्तान के कई अन्य जरूरी सैन्य कमांड सेंटरों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह ऑपरेशन पाकिस्तानी सेना की हालिया घुसपैठ का बदला है। पाकिस्तान ने पिछले दिनों काबुल और बगराम एयरबेस पर हमले किए थे। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगान हवाई सीमा का उल्लंघन किया या कोई आक्रामक हरकत की, तो उसे और भी कड़ा और निर्णायक जवाब मिलेगा। यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ खुली जंग का एलान कर दिया। पाकिस्तान ने शुक्रवार को काबुल और कंधार में एयरस्ट्राइक की थीं। इसके कुछ घंटों बाद ही अफगान सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। रावलपिंडी का नूर खान एयरबेस पाकिस्तान की वायुसेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।


















## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से रोकना आवश्यक: शहबाज

इस्लामाबाद। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव को और बढ़ने से रोकना आवश्यक है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि आज मैंने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की, जो इजरायल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद की शत्रुता के कारण तनावपूर्ण हो गई है और पूरे क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा को खतरे में डाल रही है। मैंने ओमान द्वारा पिछले कुछ वर्षों में संवाद को बढ़ावा देने एवं तनाव को कम करने में किए गए ईमानदार प्रयासों की सराहना की है।





